4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 07.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-07.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.-258941 , दिनांक-21.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक-4460(i)/निविदा (नि0ख0)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-10.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण:-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
		चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)							
1	बलिया	बड़सरी जागीर से अहिरौली तिवारी होते हुए बहेलिया के चैनेज 2.000 से चैनेज 10.000 तक मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लम्बाई- 8.000 कि0मी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (1273.88) + अनुरक्षण (33.96) कुल लागत 1307.84	26.16	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 5590.00	12 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-30.10.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-07.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिमढतिथि- 07.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-07.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.-258935, दिनांक-21.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

जीयनपुर क्षेत्र के चौको बाजार में हुई घटना में ११ को किया गया था नामजद

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली पुलिस ने दो स्थानों से चौको बाजार में जानलेवा हमले के मामले में नामजद दो आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। धनछुला मार्ग पर घेराबंदी के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के पास से पुलिस ने तमंचा और कारतूस बरामद किया है। इस मामले में 19 अक्टूबर को रामप्रसाद यादव निवासी पारकुंडा ने तहरीर दी थी कि पुराने मुकदमे में सुलह न करने की रंजिश को लेकर सत्यम यादव व अभियुक्त अंकित यादव सहित कुल 11 लोगों ने रामप्रसाद यादव व उनके भाई प्रशान्त यादव को मोटरसाइकिल से टक्कर मारकर गिराने के बाद लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया, जिसमें रामप्रसाद यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।



मुठभेड़

पुराने मुकदमे में सुलह न करने की रंजिश में दो भाइयों पर हुआ था हमला

पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। गुरुवार की भोर में लगभग 3.38 बजे प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह व एसआई जाफर खां की टीम अम्मा आईमा मोड़ से धनछुला मार्ग पर पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्ति की चेकिंग एवं वांछित आरोपी की तलाश में थी। इसी दौरान मुकदमे में वांछित अंकित यादव पुत्र लक्ष्मीकान्त यादव निवासी कटियारी, थाना घोसी, मऊ दिखाई दिया। पुलिस के अनुसार घेराबंदी किए जाने पर उसने फायरिंग की और जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। पूछताछ में घायल ने बताया कि वह आजमगढ़ शहर में रहकर आर्मी की तैयारी कर रहा था। सत्यम यादव के बुलाने पर वह चौको बाजार पहुंचा था, जहां पुराने मुकदमे में सुलह न करने की रंजिश को लेकर रामप्रसाद यादव व प्रशान्त यादव पर अन्य के साथ मिलकर लाठी-डंडों से हमला किया और घटना के बाद फरार हो गया। इसी क्रम में दोपहर लगभग सवा बारह बजे जाफर खां की टीम ने एक अन्य वांछित छोटू उर्फ विकास माली पुत्र सन्तोष माली निवासी ग्राम चौको खुर्द को रजादेपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

धनछुला मार्ग और रजादेपुर चौराहे के पास पुलिस से हुआ आमना-सामना

पोखरे में डूबने से युवक की मौत

बिलरियागंज, आजमगढ़। रौनापार थाना क्षेत्र अंतर्गत नरोत्तम ब्रह्म स्थान के पोखरे में गुंवार को नहाते समय डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिलरियागंज थाना क्षेत्र के तुर्क पड़री गांव निवासी 21 वर्षीय करन पासवान पुत्र सूर्यभान पासवान के रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोखरे में नहाते समय करन पासवान गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रौनापार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोखर से निकलवा कर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। करन पासवान अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस हृदयविदारक घटना से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई।

बैरी मिले त मइया मिले पर घाती यार ना मिले ...

फूलपुर, आजमगढ़। हिन्दू साम्राज्य क्लब के तत्वावधान में भक्ति जागरण में गायक रविन्द्र सिंह ज्योति ने अपने मधुर स्वर से शमा बांधा तो श्रद्धालु निहाल हो उठे। शुभारंभ मां आदि शक्ति के पूजन उपरान्त जय प्रकाश रूंगटा द्वारा रविन्द्र सिंह ज्योति को चुनरी ओढ़ाकर व मल्यार्पण कर किया गया। कोतवाली प्रभारी देवेन्द्र प्रताप सिंह का स्वागत रविन्द्र सिंह ज्योति ने स्मृति चिन्ह देकर किया, तो कोतवाल ने भी उन्हें भगवा अंगवस्त्रम से सम्मान किया। उसके बाद रविन्द्र सिंह ज्योति ने मां सरस्वती को नमन करते हुए 'तोहरे भरोसे हमार परिवार, मइया चहबू त बेटा अधिकारी हो जाई' गीत से शुरुआत की तो तालियों ने गायक कलाकार का जोश दोगुना कर दिया। इसके अलावा जब तलवार उठाके माई चलली चंडी बनकर, बैरी मिले त मइया मिले पर घाती यार ना मिले...गीत सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



जमीन विवाद में मारपीट, महिला समेत नौ गिरफ्तार

आजमगढ़। अहरौला थाने के एसआई विजयी की टीम ने क्षेत्र में वांछितों की तलाश के दौरान ग्राम आलमपुर जाने वाले मोड़ से लगभग 400 मीटर की दूरी पर मारपीट के मामले में आरोपी एक महिला समेत नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चार डण्डे और दो लोहे के रॉड बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपियों में नारद चौहान पुत्र स्व. लालता चौहान, रामभवन चौहान पुत्र निर्मल चौहान, उमेश चौहान पुत्र निर्मल चौहान, शैलेश चौहान पुत्र सहती चौहान, सूजल चौहान पुत्र सूर्यभान चौहान, सूरज चौहान पुत्र सूर्यभान चौहान, शशांक चौहान पुत्र राजेश चौहान, सूर्यभान चौहान पुत्र सहती चौहान तथा किरन चौहान पत्नी स्व. दुर्गेश चौहान निवासीगण ग्राम आलमपुर शामिल हैं। ग्राम आलमपुर में पारिवारिक जमीनी विवाद एवं मुकदमेबाजी की रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच गाली-गलौज, जान माल की धमकी तथा लाठी-डण्डे, लोहे की रॉड एवं ईंट-पत्थर से मारपीट की घटना 20 अक्टूबर को हुई थी।

पुनरीक्षण विशेष अभियान को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक

लालगंज, आजमगढ़। आगामी 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर गुरुवार को तहसील कार्यालय में एसडीएम नेहा मिश्रा की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने तथा फॉर्म-6 भरवाने पर विशेष जोर दिया गया। एसडीएम नेहा मिश्रा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाएं और 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं सहित अन्य पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची का शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित होना आवश्यक है। इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बूथ स्तर पर कार्य करने वाले पदाधिकारियों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण है।

आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में ससुर गिरफ्तार

आजमगढ़। निजामाबाद थाने के एसआई जयप्रकाश यादव की टीम ने महिला को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में गुरुवार को ग्राम फरीदाबाद स्थित घर से रामचन्द्र यादव पुत्र धुक्कू यादव को गिरफ्तार कर लिया। रिश्ते में आरोपी महिला का ससुर बताया गया है। इस मामले में 21 अक्टूबर को अमित यादव पुत्र इंद्रजीत यादव निवासी ग्राम चकसेठवल, थाना रानी की सराय ने अपनी बहन अन्तिमा यादव को ससुराल पक्ष द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने एवं मारपीट करने के कारण जहर खाकर आत्महत्या कर लेने के संबंध में तहरीर दी गई थी। तहरीर में मृतका के ससुर रामचन्द्र यादव, ननद पूजा यादव व गुंजा यादव, देवर आशीष यादव निवासीगण ग्राम फरीदाबाद, ननदोई अमित यादव निवासी ग्राम रुदरी (सपहिया) रानी की सराय को नामजद किया गया था।

जनता की फरियाद सुन एसपी ने दिये निर्देश

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लालगंज आस्था जायसवाल उपस्थित रहीं। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए पीड़ित पक्ष को प्रभावी न्याय दिलाया जाए।

दौलताबाद में केवट से मिले राम, मेंहनगर में रावण दरबार पहुंचे अंगद

जहानागंज/मेंहनगर, आजमगढ़। आदर्श रामलीला समिति दौलताबाद के तत्वावधान में रामलीला के छठवें दिन मर्यादा पुरुषोत्तम राम की आरती करके मंचन आरंभ किया गया। निषाद राज ने भगवान राम से कहा बिना आपका पैर पखारे गंगा पार नहीं कर सकते, क्योंकि सुना है कि आपके पैर में जादू है और स्पर्श मात्र से ही एक पत्थर से एक सुंदर नारी बन जाती है। केवट के अगाध प्रेम के कारण भगवान राम को वहां झुकना पड़ा और पैर को धुलवाना पड़ा। नाव पार करने की मजदूरी में सीता जी अपने मुद्रिका देने लगी, केवट ने राम से कहा कि हम गंगा पार करते हैं और आप भवसागर पार करते हैं इसलिए मजदूरी नहीं ले सकते। इसके पश्चात भरत, शत्रुघ्न अपने गुरु को लेकर के भगवान राम को मनाने के लिए पहुंचे और अनुनय विनय करने लगे। राम ने भरत जी को अपना खड़ाऊं देकर के विदा कर दिया और भरत जी ने 14 वर्षों तक खड़ाऊं रखकर प्रजा का पालन किया। झारखंडेय प्रजापति, सत्यम चौबे, संपूर्णानंद पांडेय, शेषनाथ सिंह, राजेंद्र विश्वकर्मा, उपेंद्र तिवारी, संदीप सिंह मधुकर, गोविंद पांडेय, अवनीश तिवारी, कामेश्वर गिरी, कैलाश प्रजापति, भरत प्रजापति, राज विजय प्रजापति, आकाश प्रजापति ने अपना-अपना किरदार निभाया। मेंहनगर के गोला बाजार में ग्यारहवें दिन अंगद-रावण संवाद का मंचन किया गया। लीला का प्रारम्भ मंच संचालक राम कुबेर ने श्री राम आरती से कराया। लीला में हनुमान जी रामा दल में पहुंचकर लंका दहन का पूरा वृत्तान्त सुनाकर सीताजी द्वारा दी गयी चुड़ामणि रामजी को देते हैं। चूड़ामणि देख श्रीरामजी भावुक हो उठते हैं और अपने दल में परामर्श कर लंका पर चढ़ाई की तैयारी कर अंगद को लंका के राज्य दरबार में रावण के यहां परामर्श के लिए भेजते हैं। अंगद जी रावण के दरबार में पहुंचते हैं और उससे सीताजी को वापस करने की बात बोलते हैं, परंतु रावण एक भी बात नहीं मानता और उसके बाद अंगद जी रामादल की ओर वापस चल देते हैं।

मर्यादा पुरुषोत्तम राम की आरती करके शुरू किया गया रामलीला का मंचन



प्रतिमाओं के दर्शन को रानी की सराय में उमड़ी देवी भक्तों की भीड़

रानी की सराय, आजमगढ़। कस्बे का ऐतिहासिक दुर्गा पूजा व दशहरा मेला गुरुवार को धूमधाम से सम्पन्न हो गया। लोगों ने दर्शन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। कस्बे में राम, लक्ष्मण समेत चारो भाईयों की शोभायात्रा निकाली गई और रावण का पुतला दहन हुआ। दोपहर बाद से उमड़ी भीड़ भोर तक बनी रही। प्रतिमा के पास सेल्फी की भी होड़ रही। शुक्रवार को प्रतिमा विसर्जन होगा। कस्बे के ऐतिहासिक मेले में एक दिन पहले भी काफी भीड़ रही। सड़क चौड़ीकरण के चलते दूर-दराज के दुकानदारों के लिए बीच में डिवाइडर ही सुरक्षित जगह बनी थी। कस्बे में 13 पूजा कमेटियों द्वारा स्थापित प्रतिमा दर्शन को सभी पांडालों पर भीड़ रही। सभी प्रतिमाओं में अलग-अलग रूपों का वर्णन प्रस्तुत रहा। तीन किमी की परिधि में लगने वाले मेले में दोपहर बाद लोगों के पांव देवी दर्शन को बढ़े तो बढ़ते ही गए। मुख्य मार्ग पर ही मेला और पूरी सजावट भी रहती है। ऐसे में शाम होते ही पूरा कस्बा रोशनी से जगमग हो गया। मेले में जहां जलेबी की खुशबू रही वहीं महिलाओं की सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भीड़ रही। बच्चों ने झूले का आनंद लिया। बच्चों की पहली पसंद झूले, जंप और चरखी रही। हाईटेक दौर में भी मिट्टी के खिलौने की मांग रही। मुख्य मार्ग पर बड़े वाहनों के लिए रूट डायवर्जन रहा, जबकि छोटे वाहन प्रवेश करते रहे। जहां भीड़ का दबाव अधिक रहा वहां दिक्कतें होती रहीं। उधर मेले में भीड़ बढ़ते ही मनचले सक्रिय रहे। कस्बे के पांच स्थानों पर महिलाओं ने खुद ही खबर ली। यह क्रम देर रात तक बना रहा। दिन में ही कई जगहों पर मनबढ़ो ने आपस में मारपीट की। वहीं मेले के दौरान कई जगहों पर एक लगाओ दस पाओ वाले भी सक्रिय रहे और लोग आजमाते रहे। मेले में रामलीला समिति द्वारा राम, लक्ष्मण, भरत शत्रुघन की रथयात्रा निकली। रथयात्रा रायपुर जानकी मंदिर से पूरे कस्बे में भ्रमण के बाद रुदरी मोड़ पहुंची जहां रावण का पुतला दहन किया गया।

चारो भाइयों की निकाली गयी शोभायात्रा, दहन किया गया रावण का पुतला



छत से गिरकर बच्ची की मौत

भीरा, आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र के बरदह गांव के नोनरा पूरा में बुधवार की देर शाम मकान के छत पर 18 माह कि दिशु पुत्री विकास कुमार निवासी हरियाणा प्रांत खेल रही थी और अचानक छत से नीचे गिर गई। परिजन सीएचसी बरदह ले गए, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ननिहाल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। बच्ची चार महीने पूर्व अपनी मां उजाला के साथ ननिहाल आई थी। घर पर मौजूद लोगों ने बताया कि उजाला देवी एक सप्ताह पूर्व घर पर कुछ बताए बिना कहीं चली गई। परिजन खोजबीन कर रहे थे, लेकिन कहीं पता नहीं चला। मृतका अपनी नानी चांदमती के साथ रह रही थी। घटना की जानकारी हरियाणा में परिजनों को दे दिया गया है। देर शाम को बच्ची का शव घर पर पहुंचने पर लोगों का बुरा हाल रहा।

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। निजामाबाद थाना क्षेत्र के कुजियारी गांव के पास बुधवार की शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वह संजरपुर बाजार जा रहा था। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को मंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। निजामाबाद थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी 22 वर्षीय संजय कुमार दिल्ली की एक फैक्ट्री में काम करता था। एक माह पहले ही वह घर आया था। आगामी 28 नवंबर को उसकी शादी तय थी। बुधवार की शाम वह बाइक से संजरपुर बाजार जाने के लिए निकला था। कुजियारी गांव के पास पहुंचते ही उसकी बाइक की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन उसे लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे मंडलीय अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। संजय अपनी बहन का इकलौता भाई था। शादी की तैयारियों के बीच हुई इस घटना से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

निजामाबाद क्षेत्र के कुजियारी गांव के पास हुआ हादसा, २८ नवंबर को होनी थी शादी

भरत मिलाप के साथ देवगांव की ऐतिहासिक रामलीला का समापन

लालगंज, आजमगढ़। देवगांव बाजार में श्रीरामलीला सेवा संघ की ओर से आयोजित रामलीला का बुधवार की रात भरत मिलाप के साथ समापन हुआ। विजयदशमी मेले के दूसरे दिन भगवान श्रीराम और भरत के मिलन का प्रसंग देख श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। लखनऊ दूरदर्शन के गायक निशिकांत दुबे उर्फ निशु बाबा की प्रस्तुति ने माहौल भक्तिमय बना दिया। समारोह में श्रीरामलीला सेवा संघ ने निशिकांत दुबे उर्फ निशु बाबा, पत्रकार प्रशांत शुक्ला, देवगांव व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, हेड कांस्टेबल सर्वेश सिंह और कलाकार विजय हंस मौर्य समेत कई लोगों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। संघ अध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता उर्फ गोरख और अंकित गुप्ता व्यास ने अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि रामलीला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

बिलरियागंज में देवी दर्शन कर भक्त हुए निहाल, मारा गया रावण

बिलरियागंज, आजमगढ़। जिले में विजयादशमी के बाद भी आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में बाजार का ऐतिहासिक मेला गुरुवार को देर रात तक चला। महिलाओं के साथ-साथ छोटे बच्चे भी मेले का खूब आनंद उठाए। बच्चे गुब्बारे और हाथ में खिलौने लिए थे। तो वहीं महिलाएं भी चूड़ी ,बिंदी, सिंदूर से लेकर घर के सजावट के समान की खूब खरीदारी की। बाजार में छोले, फुल्की और जलेबी की दुकानों पर अधिक भीड़ रही। वही मेले में राम लक्ष्मण और सीता की झांकी को एक सजाये हुए रथ द्वारा निकली गई, जो पुराना चौक से नया चौक होते हुए पक्का पोखरा पर पहुंची। पक्का पोखरा पर राम, लक्ष्मण और रावण के युद्ध का मंचन हुआ और रावण मारा गया। सात स्थान पर देवी प्रतिमा स्थापित की गई थी। जिसमें बजरंग दल समिति द्वारा कासिमगंज, यंग स्टार क्लब द्वारा राधा कृष्ण मंदिर, शिव शक्ति समिति पुराना चौक, हनुमानगढी रक्षक दल हनुमान मंदिर, आजाद धर्म रक्षक दल पक्का पोखरा, बाल धर्म रक्षक दल प्राचीन शिव मंदिर और लाइंस क्लब बघेला में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। जो लोगों के लिए आस्था का केंद्र रही। जिसमें शिव शक्ति समिति पुराना चौक की मां दुर्गा की प्रतिमा की सजावट लोगों को काफी अच्छी लग रही थी। मेला परिसर के सभी पंडालों पर पुलिस तैनात रही।

राम, लक्ष्मण और माता सीता की बाजार में निकाली गयी झांकी

चिश्तिपुर में १६.७१ लाख की लागत से बनी सीसी सड़क का लोकार्पण

अतरौलिया, आजमगढ़। ग्राम सभा चिश्तिपुर में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की ओर से पूर्वांचल विकास निधि राज्यांश योजना के तहत निर्मित 200 मीटर लंबी सीसी सड़क का लोकार्पण विधायक डॉ. संग्राम यादव और पूर्व कैबिनेट मंत्री बलराम यादव ने किया। वर्ष 2025-26 की योजना के अंतर्गत 16.71 लाख रुपये की लागत से बनी यह सड़क रामजनम वर्मा के घर से सुनील वर्मा के घर होते हुए संजय गौड़ के घर तक बनाई गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामआसरे वर्मा व संचालन जयप्रकाश यादव ने किया। इस मौके पर चेयरमैन सुभाषचंद्र जायसवाल, चंद्रजीत यादव, कन्हैया गौड़, शीतला निषाद, हरिराम बागी, कमला यादव, नरेंद्र यादव, अजय यादव, सुभाष चंद्र वर्मा, राधेश्याम यादव, संजय यादव, राजेंद्र राम, प्रधान रामचेत, राममिलन, रामचेत गौड़, परदेशी और बेचू राम आदि मौजूद रहे।

मेंहनगर तहसील बार असोसियेशन का चुनाव कार्यक्रम घोषित

मेंहनगर, आजमगढ़। तहसील बार एसोसिएशन मेंहनगर के सत्र 2026-2027 के चुनाव हेतु कार्यक्रम घोषित कर दिया गया। अध्यक्ष चुनाव समिति तेज प्रताप सिंह एडवोकेट द्वारा जारी सूचना के अनुसार नामांकन फॉर्म की बिक्री व जमा 23 से 28 अक्टूबर सायं 4 बजे तक, नामांकन पत्रों की जांच 29 अक्टूबर, नामांकन फॉर्म की वापसी 30 अक्टूबर सायं 4 बजे तक,अंतिम वैध उम्मीदवारों की सूची प्रकाशन 31 अक्टूबर सायं 4.30 बजे तक होगा। मतदान 12 नवम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक तथा 2 बजे से मतगणना होगी। चुनाव समिति अध्यक्ष के अनुसार अध्यक्ष 1 पद, उपाध्यक्ष 2 पद, 1 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 2 कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मंत्री 1 पद, कोषाध्यक्ष 1 पद, सहमंत्री 2 पद, 1 सहमंत्री प्रशासन, 2 सहमंत्री पुस्तकालय, सदस्य वरिष्ठ कार्यकारिणी 3 पद, सदस्य कनिष्ठ कार्यकारिणी 3 पद के लिए चुनाव होना है।

मेंहनगर के विनोदानंद ने करायी नेताजी परिचय केंद्र की स्थापना

मेंहनगर, आजमगढ़। तहसील के करौती गांव निवासी व महाराष्ट्र के नायर हॉस्पिटल से सेवानिवृत्त विनोदानंद जयाहिंदवाला ने मुंबई के पवई स्थित विद्या हाउस में नेताजी परिचय केंद्र की स्थापना की है। केंद्र का उद्घाटन बुधवार को देर शाम नेताजी के नाती इन्द्रनील मित्रा ने किया। उन्होंने कहा कि 21 अक्टूबर 1943 को नेताजी ने आजाद हिंद सरकार बनाई थी, उसी ऐतिहासिक दिन पर यह केंद्र शुरू होना गौरव की बात है। विनोदानंद ने पवई जैसे युवा क्षेत्र में जय हिंद की ज्योति जलाई है। नाना जी पूरे भारत के हैं। करौती गांव से निकलकर एक व्यक्ति का यह प्रयास सराहनीय है, इससे नई पीढ़ी असली इतिहास जानेगी। विनोदानंद ने कहा कि आजमगढ़ की मिट्टी ने जय हिंद बोलना सिखाया। स्वास्थ्य विभाग में सेवा के बाद भी गांव और नेताजी से जुड़ा रहा। पत्रकार रामकुमार त्रिपाठी, रामबिलास, सुनील कुमार, विमल मिश्र वरिष्ठ पत्रकार, थानाबद् लापसिरीकुल शोधार्थी हिंदी विभाग (थाईलैंड), राजेश विक्रांत वरिष्ठ पत्रकार मुम्बई, रवि यादव कवि व पत्रकार आदि उत्तर भारतीय उपस्थित रहे।

भइया राम से गले मिले भरत, दर्शकों के सजल हुए नयन



फूलपुर, आजमगढ़। फूलपुर का ऐतिहास भरत मिलाप आदर्श रामलीला दशहरा समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया। श्रीराम रथ के संचालक विशाल पांडेय के नेतृत्व में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, हनुमत लाल के साथ मां भवानी मंदिर परिसर से गल्ला मंडी होते हुए बस स्टॉप भारतीय क्लब पण्डाल परिसर पर पहुंचे, जहां भइया भरत, शत्रुघ्न पलक बिछाए प्रतीक्षा कर रहे थे। प्रभु को देखते ही भइया भरत दौड़ पड़े और प्रभु से लिपट गए। भाव विह्वल मिलाप से दर्शकों के चक्षु से अश्रु निकल पड़े। पूरा वातावरण राम के जयकारों से गूंज उठा। मां दुर्गा कीर्तन मण्डली के गायक समूह ने सुन्दर भजन प्रस्तुति दी। उसके बाद रथ पर चारों भाई, माता सीता, हनुमान जी के साथ प्रस्थान करते हैं। आगे बजरंग दल अखाड़ा के कलाकार प्राचीन शस्त्र कला का प्रदर्शन कर रहे थे तो पीछे दर्जन भर लाग झांकी निकाली गई। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। श्रीराम का रथ मिलाप के उपरान्त बस स्टॉप से सिनेमा रोड, शंकर जी तिराहा, शनिचर बाजार, चूना चौक, पुरानी सब्जी मंडी, धर्मशाला रोड होते हुए मां भवानी तिराहा से पुन: मां भवानी मंदिर परिसर पहुंचा। जहां आरती कर प्रसाद वितरण के साथ कार्यकम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश कुमार गुप्ता व संचालन अवनीश आर्य ने किया।

खुशियों के माहौल में फूलपुर का ऐतिहासिक भरत मिलाप संपन्न

नवजात की मौत के बाद गीता चाइल्ड केयर हास्पिटल सील

लालगंज कस्बे में स्वास्थ्य विभाग की जांच के दौरान जुटी रही लोगों की भीड़, अस्पताल संचालक, स्टाफ के पास नहीं मिली निर्धारित चिकित्सा डिग्री

लालगंज, आजमगढ़। कस्बा स्थित गीता चाइल्ड केयर हॉस्पिटल में नवजात शिशु की मृत्यु तथा उपचार में लापरवाही के आरोपों की सूचना सीयूजी नंबर पर मिलने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनआर वर्मा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएमओ एवं नोडल निजी चिकित्सा प्रतिष्ठान डा. मोहनलाल को तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कर कृत कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए। निर्देशों के क्रम में मोहनलाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज के अधीक्षक डा. एआर सिंह के माध्यम से संबंधित अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई। विभागीय टीम द्वारा की गई जांच में अस्पताल के संचालन से संबंधित गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं। जांच के दौरान गीता चाइल्ड केयर हॉस्पिटल का मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में वैध पंजीकरण नहीं पाया गया। अस्पताल संचालक एवं स्टाफ के पास निर्धारित चिकित्सा डिग्री, तकनीकी योग्यता एवं संबंधित पंजीकरण के वैध अभिलेख उपलब्ध नहीं मिले। अस्पताल में संचालित नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) निर्धारित चिकित्सा मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। इसके अतिरिक्त बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। पूर्व में सील किए जाने के बावजूद अस्पताल का संचालन किए जाने का मामला भी सामने आया। संबंधित अस्पताल को पूर्व में भी सील किया गया था, इसके बावजूद कथित रूप से पुन: संचालन किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान संचालक एवं स्टाफ द्वारा वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए तथा वे मौके से फरार हो गए। प्रकरण की गंभीरता एवं मरीजों की सुरक्षा तथा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर संबंधित अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। पाई गई अनियमितताओं के संबंध में सुसंगत विधिक प्रावधानों के अंतर्गत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में बिना वैध पंजीकरण संचालित निजी अस्पतालों एवं अन्य चिकित्सा प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा सेवाओं में निर्धारित मानकों की अनदेखी, अयोग्य व्यक्तियों द्वारा उपचार तथा मरीजों की सुरक्षा से खिलवाड़ किए जाने के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



अमेरिका की बीना पुरी संग शबाना ने रखी स्टेडियम की नींव

फूलपुर, आजमगढ़। मशहूर शायर कैफी आजमी की स्मृति में फूलपुर तहसील क्षेत्र के मेजवां गांव स्थित कैफी आजमी स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। लंबे इंतजार के बाद गुरुवार को फिल्म अभिनेत्री शबाना आजमी, अमेरिका से आईं डॉ. बीना पुरी और नम्रता गोयल ने संयुक्त रूप से स्टेडियम का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सबसे पहले कैफी आजमी और शौकत कैफी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ. बीना पुरी ने स्टेडियम के निर्माण के लिए हरसंभव वित्तीय सहयोग देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शबाना आजमी मेजवां के विकास के लिए सराहनीय और साहसिक कार्य कर रही हैं। गांव में हुए विकास कार्यों की चर्चा आज विश्व पटल पर हो रही है। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। अभिनेत्री शबाना आजमी ने कहा कि मेजवां खेल प्रतिभाओं के लिए जाना जाता है। यहां के युवा और युवतियां विभिन्न खेलों में गहरी रुचि रखते हैं। स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। मेजवां सोसाइटी के वरिष्ठ प्रबंधक सलीम खान ने बताया कि स्टेडियम का निर्माण कार्य एक वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। शबाना आजमी अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान कैफी आजमी स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचीं। यहां कबड्डी, बैडमिंटन और ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का डॉ. बीना पुरी और शबाना आजमी ने उत्साहवर्धन किया। इसके बाद दोनों ने कैफी गर्ल्स कॉलेज, कंप्यूटर सेंटर और चिकनकारी केंद्र का निरीक्षण किया। डॉ. बीना पुरी ने कैफी आजमी के पैतृक गांव मेजवां में शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह, एक वर्ष में पूरा होगा निर्माण

कड़ी सुरक्षा के बीच वाराणसी खण्ड स्नातक, शिक्षक के लिये मतदान आज

सोनभद्र। जनपद में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक वाराणसी खण्ड स्नातक और शिक्षक निर्वाचन हेतु मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराया जायेगा। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिये जनपद में कुल 34 मतदेय स्थल बनाये गये हैं, जिसमें स्नातक के लिये 21 तथा शिक्षक के लिये 13 मतदेय स्थल हैं, जहाँ स्नातक के लिये जिले के 16 हजार 812 मतदाता बैलट पेपर के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसी प्रकार शिक्षक मतदाताओं की संख्या 01 हजार 743 है जो शिक्षक प्रत्याशी के लिये अपना मत देंगे। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त किये गये हैं। सभी पोलिंग बूथों पर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट दिनभर चक्रमण कर मतदान की स्थिति का जायजा लेते रहेंगे। निर्वाचन सम्बन्धित सभी सूचनाओं के आदान प्रदान के लिये कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। निष्पक्ष मतदान के लिये जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा की मौजूदगी में निर्वाचन सामग्री के साथ पोलिंग पार्टियों को गुरुवार को समय से मतदान केंद्रों के लिये रवाना किया गया। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियां अपने निर्धारित मतदेय स्थलों के लिए रवाना हुई।

पोलिंग पार्टियां रवाना, स्नातक निर्वाचन के लिए २१ और शिक्षक निर्वाचन के लिए १३ मतदेय स्थल निर्धारित

जनपद में स्नातक निर्वाचन के लिए 21 तथा शिक्षक निर्वाचन के लिए 13 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। जहाँ 18 हजार 586 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शांतिपूर्ण मतदान के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में पोलिंग पार्टियों को निर्वाचन संबंधी आवश्यक सामग्री के साथ उनके निर्धारित मतदेय स्थलों के लिए रवाना किया गया। मतदान प्रक्रिया 23 अक्टूबर को प्रातः 08 बजे से सायं 04 बजे तक संपन्न होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया है कि विधान परिषद की स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए। सभी कार्मिक निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें तथा मतदान प्रक्रिया के दौरान पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मतदेय स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखी जाएं तथा निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग पार्टियों को सख्त निर्देश दिया है की वे किसी का भी अतिथ्य स्वीकार न करें तथा किसी भी समस्या के लिये जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को तुरंत अवगत करायें। उन्होंने पहले ही बता दिया है की मतदान केंद्र के आस पास 100 मीटर के दायरे में किसी भी आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, आदेश का उलंघन करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। **दुद्धी संवाददाता के अनुसार**-एमएलसी चुनाव के लिए तैयारियां पूरी तहसील के 13 और विधानसभा क्षेत्र के 8 बूथों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान होगा। प्रशासन ने सभी प्रशासनिक व सुरक्षा तैयारियां पूरी कर ली हैं। एसडीएम अशोक कुमार यादव ने बताया कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान कराया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अनपरा में 2 बूथ 1 स्नातक, 1 शिक्षक, बीना में कुल 2 बूथ 1 स्नातक, 1 शिक्षक, रेनुकूट 2 बूथ 1 स्नातक, 1 शिक्षक, बभनी 2 बूथ 1 स्नातक, 1 शिक्षक दुद्धी में 2 बूथ 1 स्नातक, 1 शिक्षक पिपरी 1 बूथ स्नातक बीजपुर 1 बूथ स्नातक सुरक्षा दुद्धी विधानसभा क्षेत्र के कुल 8 बूथों तथा सम्पूर्ण तहसील के कुल 13 बूथों पर मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

सारी तैयारियां पूर्ण, एमएलसी के लिये मतदान आज -डीएम

सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया की एमएलसी चुनाव में शुक्रवार को जो मतदान हो रहा है उसकी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं । यह जो चुनाव हो रहा है इसके लिये 34 जगहों पर बने पोलिंग बूथ पर मतदान किया जायेगा। सभी पोलिंग पार्टियां मौके पर पहुँच चुकी हैं, निर्वाचन सम्बन्धी जो सामग्री है वह भी उन्हें उपलब्ध करा दी गई है। कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद को 6 जोन व 16 सेक्टर में विभक्त कर सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है. जिले के छः जोन में एसडीएम, एडीएम स्तर के अधिकारी लगाये गये हैं सारी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है, सभी वोटरों से अपील है कि वे मतदान में प्रतिभाग करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जो स्नातक व शिक्षक वोटर हैं उन्हें एक दिन का अतिरिक्त अवकाश दिया गया है ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

३४ में २४ स्नातक तो १० शिक्षक एमएलसी के प्रत्याशी

सोनभद्र। वाराणसी खण्ड स्नातक व शिक्षक एमएलसी के चुनाव में कुल 34 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जिसमें स्नातक के लिये 24 तथा शिक्षक एमएलसी के लिये 10 प्रत्याशी शामिल हैं। पार्टी स्तर पर स्नातक पद के लिए बीजेपी से पूर्व एमएलसी केदारनाथ सिंह, समाजवादी पार्टी से निवर्तमान एमएलसी आशुतोष सिन्हा, प्रमुख उम्मीदवारों में शामिल हैं तो शिक्षक एमएलसी के लिये बीजेपी से पूर्व एमएलसी डा प्रमोद कुमार मिश्र व समाजवादी पार्टी से निवर्तमान एमएलसी लाल बिहारी यादव तथा निर्दल से मजबूत प्रत्याशी के रूप में रितिका दूबे, पूर्व एमएलसी चेत नारायण सिंह समेत अन्य लोग भी चुनावी समर में कूद गये हैं, निर्दल प्रत्याशी रितिका दूबे तो बिगत कई वर्षों से निर्वाचनक्षेत्र के आठों जनपदों में एक एक विद्यालय पर जाकर शिक्षक समुदाय से लगातार सम्बन्ध बनाये रखा। वे किसी पार्टी से टिकट न मांग कर अपने सम्बन्धों की बदौलत चुनाव मैदान में हैं।बताया जाता है की वे राजनीतिक पार्टी से अपने को अलग रखते कर पूर्णकालिक शिक्षक का दायित्व निभाते हुए एमएलसी बनने का सपना संजोकर चुनाव मैदान में डटी हुई हैं। वे एक संघर्षशील महिला हैं वे शिक्षकों के हर आंदोलन में प्रतिभाग भी करती आ रही हैं, बताया जाता है कि वे वित्त विहीन शिक्षक संघ के किसी महत्वपूर्ण पद पर भी है।



मतदान सामग्री वितरण की स्थिति का जायजा लेते जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़, उपजिला निर्वाचन अधिकारी वागिश कुमार शुक्ला। छाया:आज।

मुद्रण संबंधी त्रुटियों के कारण किसी मतदाता को वोट देने से न करें वंचित

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड स्नातक के 05 एवं खण्ड शिक्षक के 06 निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के अन्तर्गत 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान के दौरान मतदाता सूची में मतदाता के विवरण में आंशिक लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी त्रुटियां होने के आधार पर किसी भी मतदाता को उसके मताधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा। यदि कोई मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केन्द्र पर पहुंचता है और पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को मतदाता सूची में उसके विवरण में लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी अशुद्धियां दिखाई देती हैं, तो ऐसी स्थिति में मतदाता की पहचान सुनिश्चित की जाएगी।

अगले बरस फिर आने के साथ मां शेरावाली की प्रतिमा का विसर्जन

शाहगंज(सोनभद्र)। बाजार में देर रात विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में शारदीय नवरात्रि मे दशहरा पर्व के बाद दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे व आतिशबाजी के साथ मां को नम आंखों से विदाई दी। आधा दर्जन से अधिक सजी गाड़ियों में प्रतिमाएं रखकर बाजार में भ्रमण कराया गया व श्रृद्धालुओं को प्रसाद भी बांटा गया। प्राचीन हनुमान मंदिर राजपुर रोड से संकट मोचन हनुमान मंदिर तिराहे तक युवक, युवतियां व महिलाए हजारों लोग डीजे पर नाचते-गाते इकट्ठा हुए। यहां रंग-गुलाल लगाकर श्रद्धालु विसर्जन स्थल रवाना हुए। इससे पहले, दुर्गा पूजा पंडालों में पुजारियों को समिति पदाधिकारियों ने विदाई दी। भक्तों ने डीजे की धुन पर नाचते-गाते, अबीर-गुलाल उड़ाते हुए प्रतिमाओं को वाहन पर रखकर तालाब में विसर्जित किया। अगले साल मां दुर्गा के फिर से आने की कामना की गई। इस मौके पर बंटी मोदनवाल, राजकुमार केशरी, मनोज केशरी, आलोक पटवा, माला चौबे, सुनील श्रीवास्तव, शनि गुप्ता, रोहित सिंह, छोटू पटेल, सुरेश सिंह, राजू केशरी, प्रकाश सिंह, कुनाल गुप्ता, सत्यनारायण केशरी, अरुण पटेल, रोहित गुप्ता, सोनू गुप्ता, विजय केशरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

ट्रेलरों की आमने-सामने भिड़ंत, दो घायल

अनपरा(सोनभद्र)। वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर अनपरा थाना क्षेत्र के अनपरा तापीय परियोजना के गेट नंबर-दो के समीप दो ट्रेलरों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों ट्रेलर चालक घायल हो गए। गनीमत रही कि कोयले से लदे और खाली ट्रेलर में हुई भिड़ंत जा रहे शक्तिनगर थाना अध्यक्ष सत्येंद्र राय की नजर पड़ी तो केविन ने फंसे चालक को निकालने के लिए प्रयास करने लगे फिर बाद मे अनपरा थाना की पुलिस और 112 मौके पर पहुंची।

लगा लंबा जाम, लोगों को गमनागमन में परेशानी

सड़क किनारे स्थित दुकानों और आसपास रहने वाले लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा परन्तु सड़क के किनारे टायर की दुकान के हवा भरने वाली टंकी क्षतिग्रस्त हो गई परन्तु कोई जान मॉल का नुकसान नहीं हुआ। दुर्घटना के बाद मार्ग पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, दुर्घटना के कारण वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभाली और जाम खुलवाकर मार्ग पर आवागमन बहाल कराया। हादसे के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

मां भगवती जागरण में रात भर झूमे श्रद्धालु

रेणुकूट(सोनभद्र)। स्थानीय सब्जी मंडी में जय मां शेरा वाली क्लब की ओर से नवमी के अवसर पर भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित मां भगवती जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी दिन रात नौ बजे से वाराणसी से आई टीम ने मां भगवती का गुणगान शुरू किया। जागरण में प्रस्तुत भजनों पर नगर के श्रद्धालु रातभर भक्ति में डूबे रहे। भजन गायकों में आकाशवाणी गायक मधुसूदन माही, लोकप्रिय गायिका नैंसी उपाध्याय, भोजपुरी गायक संदीप राजा और सोनभद्र के सुप्रसिद्ध गायक सुरेश राज ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बीच-बीच में मां दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं से संबंधित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया। झांकियों और भक्ति गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन को कामयाब बनाने में समिति के अध्यक्ष संजय कुशवाहा, रोहित, सूरज, गोरख, राहुल, विक्की, राहुल केशरी, सूरजगढ़ बाबू सोनकर, नागेंद्र विश्वकर्मा आदि ने योगदान दिया।

मां दुर्गा को दी विदाई, निकली विसर्जन यात्रा

बीजपुर(सोनभद्र)। बीजपुर में नौ दिनों तक चले दुर्गा पूजा महोत्सव के समापन पर बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का गाजे बाजे के साथ विसर्जन कर दिया गया। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी और अगले वर्ष फिर से आने की कामना की। इस दौरान भक्तिमय माहौल के बीच श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के जयकारे लगाए। वहीं एनटीपीसी रिहंदनगर में भी दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ। शांतिनगर में दुर्गा पूजा के दौरान पूजा-पाठ, देवी जागरण और विशाल भंडारे सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।देवी जागरण में विकाश कोरी और उनकी टीम ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया था। वहीं भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

प्रभु श्रीराम, भरत का मिलन देख श्रद्धालुओं के छलके आंसू

दुद्धी(सोनभद्र)। तहसील मुख्यालय के श्रीसंकट मोचन मंदिर चौक पर बुधवार की देर शाम आसमान से पुष्प वर्षा के बीच प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुधन के मिलन होते ही समूचा इलाका जय श्री राम के उदघोष से गूंज उठा। श्रीसंकट मोचन मंदिर के प्रांगण में विकास क्लब दुर्गा पूजा समिति द्वारा आकर्षक ढंग से सजाये गए मंच पर जनक नंदनी एवं भक्त हनुमान के साथ मंचासीन हुए चारों भाइयों के नयनाभिराम झांकी की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब दिखे। बुधवार की शाम तहसील परिसर स्थित रामलीला मैदान से भगवान श्रीराम माता जानकी व वीर हनुमान के साथ अयोध्या की ओर कुच करने के लिए रथ पर सवार होकर निकल पड़े। शोभायात्रा रामनगर, बस स्टैंड होते हुए बीड़ी पत्ता गोदाम तक गई। लोग जगह जगह रथ को रोककर पूजन अर्चन करते रहे। यह सिलसिला शाम साढ़े सात बजे तक चलता रहा। रथ जैसे ही मुख्य चौक स्थित संकट मोचन मंदिर के समक्ष पहुंचा उनका स्वागत किया गया। भगवान श्रीराम की खड़ाऊ रख उनकी ध्यान में लीन भरत एवं शत्रुधन के समक्ष हनुमान जी पहुंचे और प्रभु श्रीराम के आगमन की सूचना दी। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के आगमन की खबर सुनते ही भैया भरत प्रभु श्रीराम की एक झलक पाने के लिए दौड़ पड़े और उनसे लिपट गये।

१० फीट ऊंचे रावण के पुतले के दहन से गूंज उठा रेणुकूट

रेणुकूट(सोनभद्र)। हिंडाल्को रामलीला परिषद रेणुकूट द्वारा आयोजित 61वें भव्य रामलीला महोत्सव का समापन मंगलवार को बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक भव्य रावण दहन के साथ हुआ। रामलीला के नवम दिवस पर रामायण के सबसे रोमांचकारी प्रसंगों मेघनाद वध, कुंभकर्ण वध, अहिरावण वध एवं रावण वध का प्रभावशाली मंचन किया गया, वहीं समापन अवसर पर 90फीट ऊंचे रावण के विशाल पुतले के दहन ने पूरे हिंडालको परिसर को जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में हिण्डाल्को रेणुकूट के क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह, सोनभद्र के एडीएम वागीश शुक्ला, एसडीएस अशोक गुप्ता, जिला जज अररिया बिहार प्रमोद यादव, एचआर हेड अजय सिन्हा, स्मेल्टर हेड जयेश पवार व अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रामलीला मंचन के बाद साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग आयोजन में पहुंचे। जसबीर सिंह ने दशहरे के महत्व को बताये हुए कहा कि उत्साह के बीच हमें सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं करना है। सेफ्टी हमारे नियमित दिनचर्या का हिस्सा होनी चाहिए। सुरक्षित कार्य स्थल पर पहुंच कर सुरक्षि त वा पसी ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही वागीश शुक्ला एवं प्रमोद यादव, अशोक गुप्ता ने उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए इस पावन अवसर पर अपने अंदर की बुराई को समाप्त कर अच्छाई अपनाने एवं श्री राम के चरित्र को आत्मसात करने पर जोर दिया।

हिंडालको रामलीला का समापन

विशाल रावण दहन का आयोजन किया गया। जैसे ही 90फीट ऊंचे रावण के पुतले में अग्निबाण लगाया गया, पूरा रामलीला मैदान ष्जय श्रीरामष् के उद्घोष से गूंज उठा। हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस ऐतिहासिक क्षण का उत्साहपूर्वक साक्षी बनकर भगवान श्रीराम की जय-जयकार की। हिंडालको आवासीय परिसर के

डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मनमोहा

अनपरा(सोनभद्र)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर फोनिक्स क्लब, रेनुसागर के तत्वावधान में हिंडालको रेनुसागर परिसर स्थित पैराडाइज प्रेक्षागृह के प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिशिता महिला मंडल, रेनुसागर, आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज के विद्यार्थियों एवं दृष्टि महिला मंडल की सदस्याओं ने शानदार डांडिया प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। रंग-बिरंगे परिधानों, आकर्षक नृत्य शैलियों और पारंपरिक भक्ति गीतों की मधुर धुनों के बीच प्रस्तुत मनमोहक डांडिया नृत्य ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे परिसर में उत्साह, उमंग और उल्लास का वातावरण छाया रहा। कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय लोक संस्कृति, पारंपरिक नृत्य और नवरात्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा का सुंदर प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर. पी. सिंह ने कहा कि नवरात्र का पर्व हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति, आस्था और नारी शक्ति का प्रतीक है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत रखने के साथ-साथ आपसी सौहार्द, एकता और सामाजिक समरसता को भी मजबूत बनाते हैं। डांडिया जैसे पारंपरिक लोकनृत्य हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं। उन्होंने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उत्साह और प्रतिभा की प्रशंसा की।दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह ने बधाई देते हुये कहा कि रेनुसागर में हुनर है उसे निखारने की जरूरत है। हेड एच आर आशीष पांडेय ,संचालन हेड मनीष जैन,रीना जैन एवं निशा पांडेय कार्यक्रम की भूरी -भूरि प्रसंशा की। संचालन दिशिता महिला मंडल की सचिव तूलिका श्रीवास्तव एवं चंद्रा त्रिपाठी ने किया।

कुडांडीह में होगा करमडांड़ पूजा का आयोजन

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत कुडांडीह में 24 एवं 25 अक्टूबर को करमडांड़ पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रकृति, संस्कृति और आदिवासी परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आयोजन को लेकर आदिवासी समाज में उत्साह का माहौल है। आदिवासी अधिकार मंच सोनभद्र के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोनभद्र के सांसद छोटेलाल सिंह खरवार और उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड शामिल होंगे।

लुधियाना में सड़क हादसे में आरंगपानी के युवक की मौत

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर ब्लाक के आरंगपानी गांव निवासी लाल बाबू पुत्र प्रमोद गोड़ की पंजाब के लुधियाना में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। ओवरब्रिज से नीचे उतरते समय पाइप लदी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान गाड़ी में लदे भारी पाइप लाल बाबू के ऊपर गिर गए, जिससे वह उनके नीचे दब गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। आरंगपानी गांव निवासी लालबाबू 28 सितंबर को गांव के ठेकेदार रामनाथ के साथ पाइपलाइन के काम के सिलसिले में लुधियाना गए थे। वह वहां काम कर रहे थे। बुधवार की सुबह काम पर जाने के दौरान ओवरब्रिज से नीचे उतरते समय पाइप लदी गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। गाड़ी में रखे पाइप उनके ऊपर गिर पड़े। भारी पाइपों के नीचे दबने से उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। लालबाबू अपने पिता प्रमोद गोड़ के तीन बेटों में सबसे छोटे थे। उनके बड़े भाई प्रदीप कुमार और संतोष कुमार हैं। परिवार के सबसे छोटे बेटे की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस बेटे के सहारे परिवार ने बेहतर भविष्य की उम्मीदें संजोई थीं, उसकी अचानक मौत से परिवार गहरे सदमे में है। आरंगपानी गांव में जैसे ही लाल बाबू की मौत की खबर पहुंची, शोक का माहौल छा गया।

नेमना गांव में नहीं थम रही चोरी की घटना

बीजपुर(सोनभद्र)। थाना बीजपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेमना में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब गरीब किसानों को निशाना बना रहे हैं जिससे किसानों में भारी आक्रोश और दहशत है।ताजा मामला ग्राम नेमना निवासी गरीब किसान उमा कांति वैश्य पुत्र मनीराम' का है। पीड़ित ने थाना बीजपुर को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि रात्रि दिनांक 20 अक्टूबर को वह अपने खेत में लगा मोटर सिंचाई कर रहा था। रात करीब 10 बजे चालू मोटर छोड़कर खाना खाने घर चला गया और जब वह खाना खाकर खेत पर पहुंचा तो बावली से मोटर गायब मिला। इस घटना के एक दिन पूर्व में भी गांव के दो अलग अलग स्थानों का एक सिंचाई मोटर व नए ट्रैक्टर की बैटरी चोरी हुई है।

विभिन्न मामलों में दस लोगों पर कारवाई

कोन(सोनभद्र)। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस ने सभी आरोपितों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 और 135 के तहत नियमानुसार गिरफ्तार कर उपजिला मजिस्ट्रेट ओबरा के न्यायालय में पेश करने के लिए रवाना किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में निगाई गांव के मोहित, लवकुश, सुरेंद्र कुमार, संतोष कुमार, हीरालाल शामिल हैं। इसके अलावा कचनरवा के दिनेश यादव, बरहमोरी के विनय कुमार, रविकांत, ससनई के रवींद्र, आनंद को भी गिरफ्तार किया गया है।

बाइक पेड़ से टकरायी, दो घायल

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर से लिलासी की ओर जा रहे दो बाइक सवार सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा गुरुवार की शाम को बलियरी स्थित दशरथ मांझी ग्राम वाटिका के पास हुआ। तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलाश के पेड़ से टकरा गई। दोनों युवक बाइक से म्योरपुर से लिलासी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बलियरी के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलाश के पेड़ से टकरा गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है।

शिविर में १२५ लोगों की नेत्र जांच

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर ग्राम पंचायत के पतेरीटोला में गुरुवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। ब्लाक प्रमुख मानसिंह गोंड़ के आवास पर आयोजित शिविर में आसपास के गांवों से पहुंचे 125 लोगों की आंखों की जांच की गई। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को नेत्र संबंधी समस्याओं की पहचान कराने के साथ उन्हें उचित इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर में डॉ. हेमराज ने मरीजों की आंखों की बारीकी से जांच की। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद जिन मरीजों को ऑपरेशन की आवश्यकता पाई गई, उनमें से 26 लोगों को आगे के उपचार के लिए चित्रकूट भेजा गया है।

रावण दहन के साथ पिपरी की रामलीला का समापन

रेणुकूट(सोनभद्र)। पिपरी स्थित रामलीला मैदान में रावण दहन के साथ रामलीला कार्यक्रम का समापन हो गया। विजयादशमी के अवसर पर आयोजित रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मैदान में पहुंचे। रावण के पुतले का दहन होते ही पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने वाले इस पर्व को उत्साह के साथ मनाया। रामलीला समिति के अध्यक्ष अजीत गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बुराई पर अच्छाई की विजय की सीख

अनपरा(सोनभद्र)। अनपरा तापीय परियोजना की अनपरा कॉलोनी स्थित रामलीला मैदान में मंगलवार को दशहरा महोत्सव अपार जनसैलाब और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्री रामलीला समिति अनपरा तापीय परियोजना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देर शाम भव्य रावण दहन का आयोजन किया गया। रावण दहन के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को अहंकार, अन्याय और समाज में व्याप्त बुराइयों का त्याग कर एक श्रेष्ठ व आदर्श समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया। सायंकाल 8 बजे जैसे ही रावण के विशाल पुतले में अग्नि प्रज्वलित की गई, पूरा मैदान गगनचुंबी आतिशबाजी के अनूठे प्रदर्शन से जगमगा उठा।

खुरचने पर उखड़ जा रही गिट्टी, मानक विहीन हुआ निर्माण कार्य

बभनी(सोनभद्र)। विकास खंड बभनी क्षेत्र के चपकी हथियार कन्हैया डॉर में ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी किए जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है, जिसके चलते निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीण अर्जुन, राम सुभग, काशीराम, चेतनलाल समेत अन्य के मुताबिक सड़क को हल्का सा खुरचने पर ही उसकी पूरी गिट्टी उखड़कर बाहर निकल जा रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि निर्माण में निर्धारित मानकों का कितना पालन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों से मौके पर जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में यदि इसी तरह लापरवाही बरती गई तो सड़क ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाएगी और जल्द ही टूटने लगेगी। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग की भी आशंका जताई जा रही है। बभनी विकास खण्ड अन्तर्गत पी डब्लू विभाग से बनने वाली सभी सड़को का कमोवेश यही हाल है कि पूरा भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा है। विभाग और ठेकेदार अपने मनमानी करने से बाज नहीं आते हैं। कारवाई के नाम पर अधिकारियों द्वारा महज खानापूर्ति का आश्वासन दिया जाता है अगर इन सारी सड़कों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कितनी के चेहरे बेनकाब हो जाएंगे।

दशहरा पर्व के दौरान लाखों की चोरी

ओबरा(सोनभद्र)। ओबरा नगर में दशहरा पर्व के दौरान चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर घर का मुख्य गेट और अलमारी का लॉकर तोड़कर करीब ढाई लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात समेत लाखों की संपत्ति लेकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार के मुताबिक, चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब सात लाख रुपये है। वारदात की जानकारी उस समय हुई, जब पड़ोसियों ने मंगलवार की सुबह घर का ताला टूटा देखा और परिवार को इसकी सूचना दी। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था, जबकि दीवार पर खून के धब्बे मिलने से चोरी के दौरान किसी चोर के घायल होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार ओबरा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन निवासी राममूरत जायसवाल का परिवार सोमवार की दोपहर लगभग 1 बजे घर बंद करके दशहरा पर्व मनाने अपने गांव कोन थाना अंतर्गत रामगढ़ गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया और घर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए और चोरी की घटना को अंजाम दिया। मंगलवार की सुबह पड़ोसियों से सूचना प्राप्त हुई तो मौके पर पहुंचा तो जानकारी हुई कि चोरों ने घर में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर करीब ढाई लाख रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। इसके साथ ही सोने-चांदी के जेवरात समेत अन्य कीमती सामान भी चोरी कर लिया। पीड़ित परिवार ने चोरी गई संपत्ति की कुल कीमत करीब सात लाख रुपये बताई है। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची।

ओबरा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पीड़ित परिवार को जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी तथा चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया है। गौरतलब है कि ओबरा के रिहायशी इलाके में हुई इस चोरी की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों ने पुलिस की व्यवस्था को खुला चौलेंज दिया है। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले का खुलासा कब तक करती है और पीड़ित परिवार को चोरी गया सामान वापस मिल पाता है या नहीं।

बीज भंडार की छत काटकर चोरी

विंढमगंज(सोनभद्र)। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं से दुकानदारों में भय का माहौल बना हुआ है। हृदय नारायण कुशवाहा पुत्र डोमन कुशवाहा की रोशन बीज भंडार मां काली मंदिर के ठीक सामने स्थित है। चोरों ने बुधवार की रात चोर दुकान के ऊपर लगे टिन की चादर को काटकर चोर अंदर प्रवेश कर गए और लगभग 2,000 रुपये नकद चोरी कर फरार हो गए। रात्रि गश्त के दौरान काली मंदिर के नीम पेड़ चबूतरे के पास ही दुकान के सामने दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहती है। अब लोगों की निगाहें पुलिस प्रशासन पर टिकी हैं। स्थानीय दुकानदार ने चोरो की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए और बाजार क्षेत्र में रात्रि गश्त व सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। चोरों को भी जल्द पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

पीड़ितों को न्याय दिलाने में न हो किसी प्रकार की शिथिलता

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की अभियोजन एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

ज्ञानपुर। जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा गंभीर आपराधिक मामलों में प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों, एनकार्ड, कानून व्यवस्था एवं विभिन्न प्रवर्तन विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तथा विभागों के मध्य बेहतर समन्वय पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, समस्त सहायक अभियोजन अधिकारियों एवं अपर शासकीय अधिवक्ताओं को



निर्देशित किया कि लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने महिला अपराध, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम सहित अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को शीघ्र दंडित कराने पर जोर दिया। बैठक के दौरान न्यायालयों में पंजीकृत मामलों, जमानत प्रकरणों, चार्जशीट, चार्ज फ्रेम, अंतिम बहस, गवाहों की उपस्थिति एवं अभियोजन स्वीकृति से संबंधित बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि न्यायालय में गवाहों की अनुपस्थिति अथवा कमजोर पैरवी के कारण किसी भी मामले में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए तथा सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने विवेचकों को लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करते हुए समय से चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में आबकारी, खनन, परिवहन, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रवर्तन विभागों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अवैध खनन, अवैध मद्य कारोबार, शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण, संपत्ति जब्तीकरण तथा जिलाबदर की कार्यवाहियों की प्रगति का भी परीक्षण किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला, अभियोजन अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

यातायात नियमों के उल्लंघनों पर काररवाई की जाए-डीएम

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में गुरुवार को जनपद में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों एवं सवारों द्वारा सीट बेल्ट के प्रयोग को सुनिश्चित कराया जाए। इसके साथ ही ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने, ओवरलोडिंग तथा यातायात नियमों के अन्य उल्लंघनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए संबंधित विभागों द्वारा नियमित रूप से आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा किए जा रहे कार्यों की निरंतर समीक्षा भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आमजन, विशेषकर युवाओं एवं दोपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी को खुले नाले को ढकने की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं पर गंभीरता से कार्य करते हुए प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए, जिससे जनपद में सुरक्षित यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने अपील की कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी नागरिक यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय सावधानी बरतें तथा स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

४० घंटे बाद मिला नहर में डूबे युवक का शव

मंगलवार शाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुआ था हादसा

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के जंगीगंज चौकी अंतर्गत बलीपुर गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान नहर में डूबे युवक का शव करीब 40 घंटे बाद गुरुवार की सुबह बरामद हुआ। बैदा नहर पुलिया के पास विसर्जित प्रतिमाओं के बीच शव फंसा मिला। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। वहीं, गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बलीपुर गांव निवासी पंकज उर्फ बीएन चौहान (30) मंगलवार की शाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बलीपुर नहर के गहरे पानी में चला गया था। घटना के बाद से ही पुलिस और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही थी। लगातार सर्च ऑपरेशन चलाए जाने के बावजूद पहले सफलता नहीं मिल सकी। गुरुवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे ग्रामीणों की नजर बैदा नहर पुलिया के पास विसजिज़्त प्रतिमाओं के बीच औंधे मुंह पड़े शव पर पड़ी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान पंकज उर्फ बीएन चौहान के रूप में की। पहचान होते ही परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की ओर से आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

जौनपुर में भदोही के युवक की सड़क हादसे में मौत

सुरियावां। जौनपुर जिले में बुधवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मछलीशहर क्षेत्र के अरुआवां पुलिस चौकी के पास उस समय हुआ, जब आमने-सामने से आ रही दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। मृतकों में एक युवक भदोही जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र तुलापुर बहादुरान का निवासी बताया गया है, जबकि दूसरा जौनपुर जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र मेंहदीगंज मनसे का रहने वाला बताया गया है। हादसे के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, भदोही जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र के तुलापुर बहादुरान गांव निवासी शिवम गौतम उर्फगोलू (18) अपने साथी अजय चौहान (18) पुत्र विनोद निवासी गहोरवा,और अपने बुआ के लड़के विशाल (19) निवासी कटवार, थाना बरसठी, जौनपुर के साथ एक ही बाइक पर मछलीशहर में लाग देखने गए थे। तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर बुधवार की रात करीब 12:15 बजे वापस घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी बाइक मछलीशहर क्षेत्र के अरुआवां पुलिस चौकी के पास पहुंची, सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। हादसे में सुरियावां थाना क्षेत्र के तुलापुर बहादूरान निवासी शिवम गौतम (18) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसके साथी अजय चौहान (18) और बुआ के लड़के विशाल (19) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अजय की स्थिति गंभीर है। बताया गया कि दूसरी बाइक पर सवार तीन युवक भी मेला देखने के लिए मछलीशहर जा रहे थे।

पहचान सुनिश्चित होने पर मतदाता को मतदान की अनुमति दी जाएगी

ज्ञानपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश वाराणसी खण्ड स्नातक के 05 एवं खण्ड शिक्षक के 06 निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत 23 अक्टूबर, 2026 को होने वाले मतदान के दिन मतदाता सूची में मतदाता के विवरण में आंशिक लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी त्रुटियां होने के आधार पर किसी भी मतदाता को उसके मताधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा। इस संबंध में समस्त पीठासीन अधिकारियों, मतदान कामिकों, जोनल/सेक्टर अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में यदि कोई मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचता है और पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को मतदाता सूची में उसके विवरण में लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी अशुद्धियां दिखाई देती हैं, तो ऐसी स्थिति में मतदाता की पहचान सुनिश्चित

पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को निर्देश

की जाएगी। यदि मतदान अधिकारी मतदाता द्वारा प्रस्तुत अनुमन्य दस्तावेजों अथवा मतदाता सूची में दर्ज अन्य विवरणों के आधार पर इस बात से संतुष्ट हो जाता है कि संबंधित व्यक्ति वही मतदाता है, जिसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो ऐसी लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी त्रुटियों को नजरअंदाज करते हुए उसे मताधिकार का प्रयोग करने की अनुमति दी जाएगी। इस संबंध में समस्त संबंधित अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया गया है कि मतदान प्रक्रिया के दौरान इन निदेशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि केवल मामूली लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी त्रुटियों के कारण किसी पात्र मतदाता को मतदान से वंचित न होना पड़े तथा मतदान प्रक्रिया सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला ने बताया कि मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

संदिग्धावस्था में नवविवाहिता की मौत

फंदे से लटका मिला शव, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

भदोही। कोतवाली क्षेत्र के मीरा शहीद मोहल्ले में गुरुवार को एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। फांसी के फंदे से लटकने से विवाहिता की मौत होना बताया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी रही और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान सानिया (22 वर्ष) के रूप में हुई है। वह जौनपुर जनपद के सुरेरी थाना क्षेत्र के भानपुर निवासी खालिद शाह की पुत्री थी। उसकी शादी करीब एक साल पहले मीरा शहीद मोहल्ले के निवासी अफ्रोज शाह के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि बुधवार को नगर में भरत मिलाप था। अफ्रोज भरत मिलाप देखने गया था, जबकि सानिया घर पर अकेली थी। मध्यरात्रि के समय जब अफ्रोज घर लौटा तो सानिया का शव फंदे से लटका हुआ मिला। विवाहिता की मौत की खबर लगते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के मायके वाले भी रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। मृतका के पिता खालिद ने पुलिस को तहरीर देकर दामाद, ससुर, ननद और चचिया ससुर पर बेटी को जान से मारने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली में पूछताछ शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शैलेश राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चलेगा, उसके बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।



सुरियावां का ऐतिहासिक भरत मिलाप धूमधाम से संपन्न

सुरियावां। नगर का ऐतिहासिक भरत मिलाप धार्मिक आस्था, परंपरा और हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर में 12 आकर्षक झांकियां निकाली गईं। झांकियों के दर्शन के लिए नगरवासियों और क्षेत्रीय लोगों की भीड़ उमड़ी। विभिन्न स्थानों पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उत्सव की रौनक बढ़ा दी। भरत मिलाप के दौरान पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। आकर्षक सजावट और मनमोहक प्रस्तुतियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने आयोजन में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। ऐतिहासिक परंपरा से जुड़े इस आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता की झलक भी देखने को मिली। कार्यक्रम में भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष मनीष जायसवाल, श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन नंदलाल गुप्ता, संचालक अशोक उमर वैश्य, महामंत्री अवधेश उमर वैश्य, संयुक्त मंत्री अश्वनी साहू और कोषाध्यक्ष छेदीलाल साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा लोकेश सेठ, जय कुमार, हरिमोहन, प्रकाशचंद, संतोष, सूचना मंत्री मनोज मोदनवाल, ठाकुर प्रसाद, वैभव, विशाल, अमित और आशुतोष सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। आयोजन के संपन्न होने पर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला।



शांतिभंग की आशंका में आठ गिरफ्तार

ज्ञानपुर। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने बुधवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से आठ लोगों को गिरफ्तार किया। शांति भंग की आशंका के मद्देनजर सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 और 135 के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया गया। पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गोपीगंज थाना क्षेत्र के जोगिनका गांव से उपनिरीक्षक चंद्रशेखर राय ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं, भदोही थाना क्षेत्र में उपनिरीक्षक अब्दुल हमीद ने जलालपुर से चार लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कार्पेट सिटी क्षेत्र से एक आरोपी को पकड़ा। इसी क्रम में औराई थाना क्षेत्र के गोरीडीह गांव से उपनिरीक्षक रविप्रकाश सिंह ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आठ आरोपियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें संबंधित न्यायालय में पेश करने के लिए चालान किया।

मारपीट, धमकी के मामले में दो अभियुक्तों को सजा

ज्ञानपुर। औराई थाना क्षेत्र में गाली-गलौज, लाठी-डंडे से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय ने दो अभियुक्तों को दोषसिद्ध कर सजा सुनाई। माधोसिंह निवासी सत्तार और इमाम, पुत्रगण यासीन को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह ने 21 अक्तूबर को जेल में बिताई गई अवधि और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक को कुल 1500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। जुर्माना अदा नहीं करने पर 30 दिन का साधारण कारावास भुगतना होगा। पुलिस के अनुसार, ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी तथा अभियुक्तों के जुर्म स्वीकार करने के बाद यह फैसला आया।

धूमधाम से मना ऐतिहासिक भरत मिलाप

ज्ञानपुर। नगर में ऐतिहासिक भरत मिलाप पर्व गुरुवार को धार्मिक आस्था, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिन्हें देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। चारों भाइयों के मिलन का भावुक दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरे नगर में जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। भरत मिलाप पर्व का मुख्य आकर्षण राजा पार्क के सामने भगवान श्रीराम और भरत सहित चारों भाइयों का मिलन रहा। जैसे ही चारों भाई आमने-सामने पहुंचे और एक-दूसरे के गले मिले, वहां मौजूद श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। इस भावुक क्षण को देखकर लोगों ने हाथ जोड़कर प्रभु के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व को लेकर नगर में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। आकर्षक ढंग से सजाई गई झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। सड़कों और प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। नगर के विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भक्ति गीतों और धार्मिक प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मेले में मिठाइयों, व्यंजनों और अन्य सामानों की दुकानें सजी रहीं। लोगों ने खरीदारी करने के साथ मेले का आनंद लिया। देर रात तक मेला क्षेत्र में चहल-पहल बनी रही। पूरे आयोजन ने नगर को उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे शामिल हुए। इस अवसर पर भरत मिलाप कमेटी के अध्यक्ष अशोक जायसवाल, तेगा सिंह, उत्कर्ष त्रिपाठी, सुभाष मालवीय, रत्नेश त्रिपाठी, रमेश पासी, विजय बिंद, जमील अहमद और भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अमीर पट्टी में २५ से होगा रामलीला का मंचन

घोसिया। औराई क्षेत्र के अमीर पट्टी स्थित मारुति धाम हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित होने वाली श्री स्वामी रामानंद मारुति नंदन रामलीला की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 25 अक्टूबर से नारद मोह की लीला के साथ रामलीला का शुभारंभ होगा। चार नवंबर तक प्रतिदिन रामलीला का मंचन किया जाएगा, जबकि पांच नवंबर को राम-भरत मिलाप के साथ इसका समापन होगा। रामलीला समिति की ओर से आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम रूप दे दी गई हैं। रामलीला का मंचन प्रतिदिन रात आठ बजे से शुरू होकर देर रात तक चलेगा। पांच नवंबर को रामलीला मैदान में मेले का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान भगवान श्रीराम और भरत के मिलन का भावपूर्ण मंचन आकर्षण का केंद्र रहेगा। रामलीला में विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाने वाले कलाकार भी अपनी छुट्टियां लेकर गांव पहुंच चुके हैं। सभी कलाकार मंचन की तैयारियों में जुटे हैं। खास बात यह है कि मारुति धाम हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित होने वाली इस रामलीला की परंपरा पिछले 42 वर्षों से चली आ रही है।

मारपीट, जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

ज्ञानपुर। नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में खाना परोसने में देरी को लेकर वेटर दिलीप कुमार सरोज के साथ जातिसूचक गाली-गलौज, मारपीट और जानलेवा हमला करने के मामले में ज्ञानपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक गांव निवासी और निवासी मिल्की, थाना ज्ञानपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया। मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह यादव, हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव और कांस्टेबल मिथुन कुमार शामिल रहे।

करेण्ट की चपेट में आने से महिला झुलसी

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गोपपुर गांव निवासिनी शीला देवी 42 वर्ष पत्नी नागेंद्र सोनकर बुधवार की देर शाम घर पर पंखा लगाते समय विद्युत करंट की चपेट में आने से झुलस गई परिजनों ने उन्हें गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया।

सीएमओ डा. संतोष कुमार चक को दी भावभीनी विदाई

ज्ञानपुर। नगर स्थित एक लॉन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संतोष कुमार चक के दूसरे जनपद में स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं अन्य

स्मृति चिह्न, धार्मिक पुस्तक और छाता देकर किया सम्मानित

उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को याद किया। इस दौरान वक्ताओं ने डॉ. संतोष कुमार चक के कार्यकाल की चर्चा करते हुए उनके कार्यो की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में उन्हें स्मृति चिह्न, धार्मिक पुस्तक और



छाता भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने उनके साथ बिताए कार्यकाल के अनुभव साझा किए और नए जनपद में भी बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह का माहौल भावुक रहा। उपस्थित लोगों ने उनके आगामी कार्यकाल की सफलता और सुखद भविष्य की कामना की।

गोलंबर तोड़े जाने पर व्यापार मंडल ने जताया रोष

गोपीगंज। नगर के जीटी रोड स्थित बड़े चौराहे पर बने गोलंबर को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में तोड़े जाने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नाराजगी जताई है। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने जिला प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और गोलंबर तोड़ने के आदेश की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। श्रीकांत जायसवाल ने कहा कि गोपीगंज के बड़े चौराहे पर गोलंबर का निर्माण काफी प्रयासों के बाद जिला प्रशासन के सहयोग और जिलाधिकारी के निर्देश पर कराया गया था। इसका उद्देश्य नगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ व्यापारियों और आम नागरिकों के हितों का ध्यान रखना था। उन्होंने आरोप लगाया कि बीती रात पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में और कोतवाल के सामने गोलंबर को तुड़वा दिया गया।

विधान परिषद चुनाव : आज २० मतदेय स्थलों पर होगा मतदान

डीएम-एसपी ने जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को दिये निर्देश, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने पर जोर

ज्ञानपुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस लाइन ज्ञानपुर के मीटिंग हॉल में जोनल, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों के साथ पुलिस सेक्टर प्रभारियों की संयुक्त ब्रीफिंग हुई। जिलाधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी जिम्मेदारियों और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले में 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। इसके लिए स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के 15 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पांच सहित कुल 20 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। स्नातक निर्वाचन में 12,423 और शिक्षक निर्वाचन में 1,460 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट 22 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट से मतदान पार्टियों को निर्धारित केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचाना सुनिश्चित करें। डीएम और एसपी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अनाधिकृत व्यक्तियों के मतदान करने पर होगी कारर‌वाई

ज्ञानपुर। स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंडलायुक्त / रिटर्निंग ऑफिसर एस राजलिंगम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा मतदान करने अथवा मतदान की व्यवस्था में अनियमितता करने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर निर्वाचन संबंधी नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। मतदाताओं की पहचान का विधिवत सत्यापन करने के साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि केवल पात्र एवं अधिकृत मतदाता ही अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तथा आवश्यक प्रशासनिक प्रबंधों को भी प्रभावी बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें तथा निर्वाचन प्रक्रिया पर सतत निगरानी बनाए रखें। मंडलायुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें, ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

मतदान में भाग लेने के लिए पात्र कर्मचारियों को अवकाश अनुमन्य

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, वाराणसी खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र शैलेष कुमार ने अवगत कराया है कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार वाराणसी खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 के मतदान दिवस 23 अक्टूबर, 2026 को पात्र कर्मचारियों को मताधिकार के प्रयोग हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के ऐसे कर्मचारी, जो विश्वविद्यालय से स्नातक हैं तथा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले विधान परिषद के निर्वाचनों के लिए बोनाफाइड मतदाता हैं, उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान दिवस पर विशेष आकस्मिक अवकाश की सुविधा प्रदान की जाएगी।

जांच के लिए लिया गया दस सैम्पल

ज्ञानपुर। जिले में धान की कटाई शुरू हो चुकी है। किसान अब गेहूं की बुआई की तैयारी में जुट गए हैं। जिसके लिए वह डीएपी समेत अन्य उर्वरक सहेजने में जुट गए हैं। उर्वरक की कालाबाजारी और ओवररेटिंग रोकने के लिए डीएम ने टीम गठित किया है। बृहस्पतिवार को जिला कृषि अधिकारी ईरम मिर्जा ने भदोही, भूमि संरक्षण अधिकारी हरिओम मिश्रा ज्ञानपुर और एडीओ कृषि अजीत कुमार ने औराई तहसील की कुल 33 दुकानों की जांच किया। इस दौरान छह दुकानों पर पॉस मशीनें बंद मिलने और खराबी होने पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई। सभी दुकानदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

बाइक से गिरकर युवक घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दानूपुर मार्ग स्थित पूरे बहुरिया गांव के पास बुधवार की देर शाम गोपीगंज मेला देखने के लिए आ रहा युवक सामने से आ रही किसी वाहन को बचाने में असंतुलित होकर गिर पड़ा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानी लोगों के सहयोग से सरकारी एंबुलेंस के पायलट उमाकांत ईएमटी आशीष यादव ने गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया।

सुरक्षा, अधिकारों के प्रति किया जागरूक

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत गुरुवार को जिले में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और पुलिस चौकियों की टीमों ने स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर संवाद कर सुरक्षा उपायों और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में चलाए गए अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को छेड़छाड़, फब्तियां कसने, उत्पीड़न तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

चार दिन से लापता संतोष का नहीं मिला सुराग

ज्ञानपुर। औराई थाना क्षेत्र के बनपुरवा (समधा) गांव निवासी संतोष मिश्रा उर्फपुच्चू (51) बीते 16 अक्टूबर से लापता हैं। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उनके भाई आशुतोष मिश्रा ने औराई थाने में गुमशुदगी दर्ज कराकर पुलिस से तलाश करने की गुहार लगाई है। परिजनों के मुताबिक, संतोष मिश्रा 16 अक्टूबर की सुबह घर से कंपनी में काम करने गए थे। शाम को काम खत्म होने के बाद घर के लिए निकले, लेकिन वापस नहीं पहुंचे। उनकी तलाश में रिश्तेदारों और परिचितों से भी संपर्क किया गया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस से मदद मांगी।

बाइकों की टक्कर, युवक घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा के पास बाइक से गोपीगंज आते समय प्रशांत पांडे 36 वर्ष पुत्र लाल शिरोमणि पांडे औराई थाना क्षेत्र के शुकुलपुर गांव निवासी सामने से आ रही बाइक से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए घायल अवस्था में स्थानीय लोगों के सहयोग से सरकारी एंबुलेंस की सहायता से गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

काकोरी कांड के अमर शहीद की मनी जयंती

गोपीगंज। भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा आसिफ खान के आवास पर उनकी जयंती पर एक संगोष्ठी निजी प्रतिष्ठान जीटी रोड पर की गई। उन्होंने बताया कि उन्होंने काकोरी कांड के जननायक अशफाक उल्ला खान की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए 22 अक्टूबर 1900 में शाहजहांपुर में जन्मे अशफ़ाकउल्ला खान छात्र जीवन में ही पंडित प्रसाद बिस्मिल जिसे प्रभावित होकर हिंदुस्तान पब्लिक संगठन हर से जुड़ गए आसिफ खान ने जानकारी देते हुए बताया शाहिद अशफ़ाकउल्ला खान के महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आसिफ खान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नेताः बंगाली वर्मा ,पनधारी अग्रहरि ,मुदस्सिर अली, विजय कौशल, शाहरुख खान ,मोहम्मद निसार, मोहम्मद सिराज ,हसनैन अंसारी सभासद ,सोनू गुप्ता ,अक्षु खान ,सोनू सेठ ,सरवर सिद्दीकी, दर्जनों लोग मौजूद थे।

भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

ज्ञानपुर। श्री दुर्गा पूजा समिति की ओर से मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा के दौरान नगर के अजीमुल्ला चौराहे पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें नगर सहित आसपास के गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। समय बीतने के साथ प्रसाद ग्रहण करने वालों की संख्या बढ़ती गई। चौराहे पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद प्रसाद वितरण का सिलसिला लगातार चलता रहा। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा को लेकर नगर में उत्साह और भक्तिमय माहौल रहा। भंडारे में नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

सुभाषित

प्रजाके सुखमें ही राजाका सुख और प्रजाके हितमें ही राजाको अपना हित समझना चाहिए। आत्मप्रियतामें राजाका हित नहीं है, प्रजाकी प्रियतामें ही राजाका हित है। ❒ **चाणक्य नीति**

बैंक प्रबन्धनकी विफलता

किसी भी सार्वजनिक अथवा निजी बैंकमें जब कोई व्यक्ति अपना खाता खोलवाता है तो उसे अपनी पहचानके बारेमें भी जानकारी देनी पड़ती है। इनमें नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नम्बर, ई-मेल, आधार कार्ड, पैन नम्बर, पता, आय, ऋण, पारिवारिक आर्थिक विवरणसे सम्बन्धित जानकारी भी शामिल है। इससे सम्बन्धित आवश्यक दस्तावेज बैंकमें जमा होते हैं। इसलिए बैंकोंमें ग्राहकोंका केवल धन ही जमा नहीं होता, बल्कि उसका बैंकके प्रति भरोसा भी बड़ी पूंजीके रूपमें जमा होता है। बैंकोंकी जिम्मेदारी केवल ग्राहकके धनकी सुरक्षातक सीमित नहीं है, उसकी डिजिटल पहचान और निजी जीवनसे जुड़ी सूचनाओंकी सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक क्षेत्रके सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने स्वीकार किया है कि बड़े पैमानेपर उसके ग्राहकोंकी जानकारी डार्क वेबपर पहुंच गयी है। हैकर ग्रुप 'सिरियसइम' के दावेके बाद १६ अक्तूबरको थ्रेट इंटेलिजेंस सर्विस प्रोवाइडर, डिफेंस साइबर एजेंसी और सीईआरटी-इनकी ओरसे अलर्ट मिलनेके बाद एसबीआईने जांच भी शुरू कर दी है। एसबीआईने सेबी और स्टाक एक्सचेंजोंको सूचना देते हुए बताया है कि डार्क वेबपर उपलब्ध लगभग ३.७५ लाख रिकार्डकी प्रारम्भिक जांचमें ३८९७ ग्राहकोंकी व्यक्तिगत जानकारी मिली है। यह हालके वर्षोंमें भारतीय बैंकिंग सेक्टरमें ग्राहकोंकी डेटा चोरीका सबसे बड़ा मामला है। यह ग्राहकोंकी गोपनीयता और वित्तीय सुरक्षाको लेकर गम्भीर सवाल खड़ा करता है। ऐसे निजी डेटाका दुरुपयोग आसानीसे हो सकता है। यह बैंक प्रबन्धनकी विफलताका प्रमाण है। इस घटनाका सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि डेटा चोरी भी आर्थिक अपराधका माध्यम बन सकती है। डेटा चोरीको केवल गोपनीयताका उल्लंघन मानना पर्याप्त नहीं है। इससे वित्तीय ठगीका रास्ता बनता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का कहना है कि २०२५ के आउटसोर्सिंग निर्देश स्पष्ट करते हैं कि ग्राहकका डेटा किसी सेवा-प्रदाताके पास होनेपर भी उसकी गोपनीयता और अखण्डताकी जिम्मेदारी बैंककी ही रहती है। बैंक यह कहकर अपनी जिम्मेदारीसे बच नहीं सकता कि डेटा हमारे सर्वरसे नहीं, हमारे वेंडरसे लीक हुआ है। प्रबन्धनकी जवाबदेही इन सवालोंसे तय होगी कि डेटा बैंकसे बाहर कैसे गया? किस सिस्टम या व्यक्तिके पास अनधिकृत पहुंच थी? क्या जरूरतसे अधिक कर्मचारियों एवं वेण्डरोंको डेटा उपलब्ध था? इसे सीधे तौरपर बैंक प्रबन्धनकी विफलता माना जाना चाहिए क्योंकि ग्राहकोंको इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। इसलिए डेटा लीकपर पूर्ण नियंत्रणकी जरूरत है जिससे कि ग्राहकोंका हित सुरक्षित रह सके।

बुजुर्ग सेवाकी नयी पहल

उत्तर प्रदेश सरकारका बुजुर्गोंकी सेवाके लिए पेशेवर तैयार करनेकी नयी पहल सराहनीय है जिस व्यक्तिने अपने परिवारकी देखभाल करनेमें जीवनका महत्वपूर्ण समय उनकी सेवामें लगा दिया, वहीं वृद्धावस्थामें असहाय और अनाथके तरह अकेलेमें जीवनयापन करे, इससे बड़ी विडम्बना और क्या हो सकती है। इस आन्तरिक पीड़ाको भुक्तभोगी ही समझ सकता है। यह तो अच्छा हुआ कि प्रदेशकी योगी आदित्यनाथ सरकारने ऐसे बुजुर्गोंकी पीड़ाको महसूस किया जो मानवीय संवेदनाकी मिसाल है। ऐसे बुजुर्गोंकी सुधि लेते हुए सरकारका 'केयर गिवर्स' (देखभालकर्ता) का विशेष काडर तैयार करनेका निर्णय स्वागतयोग्य है। केयर गिवर्स काडर तैयार करनेकी जिम्मेदारी समाज कल्याण विभागको सौंपना महत्वपूर्ण माना जायगा, क्योंकि यह बुजुर्गोंके समाजके कल्याणके लिए उठाया गया सार्थक कदम है। इससे उन बुजुर्गोंको राहत मिलेगी, जिनके बच्चे रोजगारके सिलसिलेमें बाहर चले जाते हैं और बुजुर्ग घरोंमें रह जाते हैं। इनकी सेवाके लिए कुछ लोग नाते-रिश्तेदारोंकी मदद लेते हैं तो कुछ परिचितोंके सहारे छोड़ देते हैं, जो सरकारके समक्ष बड़ी चुनौती है, क्योंकि इनकी देखभालके लिए पेशेवर नहीं मिलते जिससे समस्या दिनोंदिन गहराती जा रही है। केयर गिवर्सके लिए दसवीं और बारहवीं कक्षा पास २० से ४० वर्ष आयुतकके युवक और युवतियोंको कमसे कम ६० घण्टेका प्रशिक्षण दिया जायगा। साथ ही प्रशिक्षणका माड्यूल भी तैयार किया जायगा। प्रशिक्षणमें युवक-युवतियोंको वृद्ध स्वास्थ्य सहायक और वृद्ध शरीर रचनाकी जानकारी दी जायगी। सरकारके इस कदमसे जहां एक ओर बुजुर्गोंकी देखभाल सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर बेरोजगारीकी समस्या भी हल करनेमें मदद मिलेगी। पेशेवरोंकी नियुक्तिमें पारदर्शिताके साथ सावधानी बरतनी होगी। साथ ही इनकी निगरानी भी होनी चाहिए ताकि जिस उद्देश्यकी पूर्तिके लिए पहल की गयी है उसका सार्थक परिणाम भी धरातलपर दिखे। सरकारकी पहल अन्य राज्योंके लिए भी अनुकरणीय है।

लोक संवाद

नशेके दलदलमें पंजाब

महोदय,-पंजाबमें आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवालने नशेका मुद्दा उठाकर वादा किया था कि सरकार बननेपर तीन महीनेके भीतर पंजाबको नशामुक्त कर दिया जायगा। पंजाब विधानसभा चुनाव २०२२ के दौरान आम आदमी पार्टीने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन नशामुक्त पंजाबका वादा अधूरा ही है। पंजाब देशके प्रमुख गेहूं उत्पादक और सिंचित कृषि क्षेत्रोंमें शामिल है, लेकिन आज उसी धरतीका युवा नशेके दलदलमें फंसकर अपना भविष्य खो रहा है। नशेकी लतसे परिवारोंकी जमा-पूंजी खत्म हो जाती है, इलाज और नशेकी पूर्तिके लिए कर्ज बढ़ता है और कई परिवार गरीबीके दलदलमें फंस जाते हैं, जिससे पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक संकट झेलता है। दुखद यह है कि यदि कोई नशेके खिलाफ बोलता है तो उसकी हत्या कर दी जाती है। **-महेश कुमार, वाया ईमेल।**

सर्दियोंसे पहले ही प्रदूषणकी चुनौती

सर्दियोंने अभी दस्तक भी नहीं दी है कि देशके अनेक शहरोंकी हवामें प्रदूषणका जहर घुलने लगा है। दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारतके कई क्षेत्रोंमें वायु गुणवत्ताका तेजीसे बिगड़ना इस बातका संकेत है कि प्रदूषणका संकट अब सर्दियोंकी मौसमी समस्या नहीं, बल्कि पर्यावरणीय प्रबंधनके सामने गम्भीर चुनौती बन चुका है।

❒ ललित गर्ग

हर साल अक्तूबर-नवंबरमें दमघोंटू धुंध, आंखोंमें जलन, सांस लेनेमें कठिनाई और अस्पतालोंमें बढ़ती मरीजोंकी संख्याके साथ यह संकट सामने आता है। विडंबना यह है कि समस्याके कारणोंकी पहचान होने और उपायोंकी जानकारी उपलब्ध होनेके बावजूद हम हर वर्ष उसी त्रासदीको दोहरानेके लिए विवश दिखाई देते हैं। सवाल यह है कि क्या स्वच्छ हवामें सांस लेना भी अब नागरिकोंके लिए एक दुर्लभ सुविधा बनकर रह जायगा। वायु प्रदूषण किसी एक कारण या किसी एक राज्यकी देन नहीं है। वाहनोंसे निकलने वाला धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण स्थलोंसे उड़ती धूल, सड़कोंपर जमा मिट्टी, कचरा और जैविक पदार्थ जलाना, ताप विद्युत संयंत्रोंसे होने वाला उत्सर्जन तथा कृषि अवशेषोंका दहन इसके प्रमुख कारणोंमें शामिल हैं। सर्दियोंमें तापमान गिरने, हवाकी गति कम होने और वायुमंडलीय परिस्थितियोंके कारण प्रदूषक जमीनके निकट जमा हो सकते हैं। इससे प्रदूषणका प्रभाव अधिक गम्भीर हो जाता है। इस प्रकार मौसम समस्याको बढ़ाता अवश्य है, लेकिन प्रदूषण पैदा करने वाले मूल कारण मुख्यत: मानवीय गतिविधियों और उनके अपर्याप्त नियमन से जुड़े हैं।



दिल्ली-एनसीआर की स्थिति इस संकटका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। दिल्लीके साथ गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और आसपासके अनेक शहर एक-दूसरेसे जुड़े वायु क्षेत्रका हिस्सा हैं। इसलिए केवल दिल्लीकी सीमाओंके भीतर उपाय करनेसे समस्याका स्थायी समाधान संभव नहीं है। हवा किसी प्रशासनिक सीमाको नहीं मानती, वह प्रदूषणको भी एक क्षेत्रसे दूसरे क्षेत्रतक पहुंचाती है। अत: समाधान भी क्षेत्रीय सहयोग, साझा जवाबदेही और समन्वित कार्ययोजनापर आधारित होना चाहिए। वायु प्रदूषणका सबसे भयावह पक्ष उसका स्वास्थ्यपर पड़ने वाला प्रभाव है। विशेष रूपसे पीएम २.५ जैसे अत्यंत सूक्ष्म कण फेफड़ोंकी गहराईतक पहुंच सकते हैं और कुछ परिस्थितियोंमें रक्तप्रवाहतक प्रवेश कर सकते हैं। इनके लम्बे समयतक संपर्कमें रहनेसे हृदय एवं फेफड़ों संबंधी बीमारियों, स्ट्रोक और समयपूर्व मृत्युका जोखिम बढ़ता है। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा पहलेसे बीमार लोगोंपर इसका प्रभाव विशेष रूपसे गम्भीर हो सकता है।

यह संकट केवल सांसके मरीजोंतक सीमित नहीं है। स्वस्थ दिखाई देने वाले लोगोंकी कार्यक्षमता, एकाग्रता और जीवनकी गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। स्कूल जाने वाले बच्चोंको खुले मैदानमें खेलनेसे रोकना पड़े, बुजुर्ग सुबहकी सैर छोड़नेको विवश हों और श्रमिकोंको जहरीली हवामें काम करना पड़े तो यह केवल पर्यावरणकी समस्या नहीं, बल्कि जीवनकी गरिमा और नागरिकोंके स्वास्थ्यके अधिकारसे जुड़ा प्रश्न है। एयर प्यूरीफायर या मास्क कुछ परिस्थितियोंमें व्यक्तिगत बचावमें सहायक हो सकते हैं, लेकिन वे स्वच्छ हवाकी सार्वजनिक व्यवस्थाका विकल्प नहीं बन सकते। प्रदूषण बढ़नेपर ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू करना आवश्यक है। इसके अंतर्गत प्रदूषणकी गम्भीरताके अनुसार निर्माण गतिविधियोंपर प्रतिबंध, वाहनों और उद्योगोंपर नियंत्रण तथा अन्य आपातकालीन कदम उठाये जाते हैं। लेकिन इन उपायोंकी सफलता केवल आदेश जारी करनेसे नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन और निरन्तर निगरानीसे सुनिश्चित होती है। यदि प्रतिबंधोंका उल्लंघन होता रहे, निर्माण स्थलोंपर धूल उड़ती रहे और कचरा खुलेमें जलता रहे तो सरकारी घोषणाएं अपेक्षित परिणाम नहीं दे सकतीं।

सरकारको प्रदूषणके चरमपर पहुंचनेकी प्रतीक्षा करनेके बजाय सितंबर-अक्तूबरसे ही तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। प्रदूषणके स्रोतोंकी पहचान, औद्योगिक इकाइयोंका निरीक्षण, सड़कोंकी नियमित सफाई, निर्माण स्थलोंपर धूल नियंत्रण और वाहनोंके उत्सर्जनकी जांच पहलेसे सुनिश्चित की जानी चाहिए। सार्वजनिक परिवहनको मजबूत करना, इलेक्ट्रिक बसोंको बढ़ावा देना, स्वच्छ ऊर्जाका विस्तार करना और प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयोंके विरुद्ध निष्पक्ष कारवाई करना दीर्घकालिक रणनीतिका हिस्सा होना चाहिए। कृषि क्षेत्रमें पराली जलानेकी समस्याका समाधान किसानोंपर जुर्माना लगानेभरसे नहीं होगा। उन्हें फसल अवशेषोंके प्रबंधनके लिए सस्ती मशीनें, तकनीकी सहायता, आर्थिक प्रोत्साहन और स्थानीय स्तरपर उपयोगकी सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी। किसानोंको समस्याका भागीदार नहीं, समाधानका सहयोगी बनाना होगा। प्रदूषण नियंत्रणकी जिम्मेदारी केवल सरकारकी नहीं है। नागरिकोंको निजी वाहनोंका अनावश्यक उपयोग कम करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने, कचरा और पत्तियां न जलाने तथा ऊर्जाकी बचत करने जैसे कदम उठाने होंगे। पर्यावरण संबंधी नियमोंके उल्लंघनकी सूचना संबंधित अधिकारियोंतक पहुंचाना और स्थानीय स्तरपर स्वच्छता एवं हरित क्षेत्र बढ़ानेके प्रयासोंमें भाग लेना भी आवश्यक है। मीडिया, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संघटनोंको जनजागरूकता अभियान चलाने चाहिए, ताकि स्वच्छ हवाका महत्व केवल प्रदूषणके चरमपर ही याद न आये। साथ ही वायु गुणवत्ताके आंकड़े पारदर्शी ढंगसे सार्वजनिक किये जायं और नागरिकोंको प्रदूषणके स्तरके अनुरूप स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी जाय।

> **प्रदूषण नियंत्रणकी जिम्मेदारी केवल सरकारकी नहीं है। नागरिकोंको निजी वाहनोंका अनावश्यक उपयोग कम करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने, कचरा और पत्तियां न जलाने तथा ऊर्जाकी बचत करने जैसे कदम उठाने होंगे। पर्यावरण संबंधी नियमोंके उल्लंघनकी सूचना संबंधित अधिकारियोंतक पहुंचाना एवं हरित क्षेत्र बढ़ानेके प्रयासोंमें भाग लेना भी आवश्यक है। साथ ही वायु गुणवत्ताके आंकड़े पारदर्शी ढंगसे सार्वजनिक किये जायं और नागरिकोंको प्रदूषणके स्तरके अनुरूप स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी जाय।**

आज आवश्यकता इस बातकी है कि सरकारें, उद्योग, किसान और नागरिक अपनी-अपनी जिम्मेदारियोंसे पीछे न हटें। चीनके बीजिंग जैसे शहरोंमें प्रदूषण घटानेके अनुभव यह बताते हैं कि निरन्तर नीतिगत प्रयास, स्वच्छ परिवहन, औद्योगिक नियंत्रण और प्रभावी निगरानीसे उल्लेखनीय सुधार संभव है। भारतको भी अपनी परिस्थितियोंके अनुरूप ऐसे उपायोंको दृढ़तासे लागू करना होगा। हर साल सर्दियोंमें प्रदूषणसे जूझना और फिर मौसम बदलनेपर समस्याको भूल जाना किसी भी संवेदनशील समाजकी नियति नहीं हो सकती। स्वच्छ हवा कोई विलासिता नहीं, जीवनकी बुनियादी आवश्यकता है। यदि आज ठोस कदम नहीं उठाये गये तो आने वाली पीढ़ियोंको इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसलिए प्रदूषणका मुकाबला संकट गहरानेके बाद नहीं, उससे पहले करना होगा। सरकारकी सक्रियता, प्रशासनकी जवाबदेही और जनताकी जागरूकता ही वह त्रिकोण है, जिसके आधारपर हम दमघोंटू हवासे मुक्तिकी दिशामें आगे बढ़ सकते हैं।

लोकतांत्रिक स्वरूपको बिगाड़नेका प्रयास

भारतीय लोकतंत्रमें पार्टियोंका बनना-बिगड़ना कोई नयी बात नहीं है। मुख्य न्यायाधीशकी बेरोजगारोंसे संबंधित एक टिप्पणीमें 'काकरोच' शब्दसे निकली सोशल मीडियाकी पार्टी काकरोच जनता पार्टी वैसी ही एक पार्टी है।

❒ राधा रमण

अमेरिका रिटर्न महाराष्ट्रके संभाजीनगर निवासी अभिजीत दीपके यह दावा करते हैं कि काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) चुनावी राजनीतिसे दूर रहनेवाली एक फ्रेशर ग्रुप है। लेकिन सीजेपीके पदाधिकारियोंके ख्वाब बड़े हैं। नीट पेपरलीक मामलेमें केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधानके इस्तीफा दे देनेके बाद तो उनकी महत्वाकांक्षा और भी कुलांचे मारने लगी है। मोदी सरकारके कार्यकालमें यह पहला मौका था, जब जनरोषके आगे सरकारको सरेंडर करना पड़ा, वरना पिछले १२ वर्षोंसे तो लोगबाग केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंहकी पूर्वमें कही बातको ही सच मान बैठे थे कि यह अलग मिजाजकी सरकार है, यहां इस्तीफा नहीं होता है। देशने देखा भी कि चाहे विवादमें फंसनेपर तत्कालीन राज्यमंत्री कौशल किशोरका मामला हो, बाहुबली ब्रजभूषण शरण सिंहका, अजय मिश्र टेनीका अथवा हरदीप सिंह पुरीका, विपक्षके चौतरफा दबावके बावजूद सरकारकी सेहतपर कोई असर नहीं पड़ा। किसीका इस्तीफा नहीं हुआ। लेकिन सीजेपीके एक धरनेने सरकारकी चूलें हिला दीं।

काकरोच नाम भले ही मजाकिया लगे, परन्तु इसके पीछेका गुस्सा और अनुभव बहुत गहरा है। काकरोचका स्वभाव क्या है। वह अंधेरेमें रहता है, गन्दगीमें पनपता है, रोशनी पड़ते ही भागता है मारो तो और तेजीसे फैलता है। सबसे बड़ी बात उसकी प्रजाति कभी खत्म नहीं होती। यही दावा अभिजीत दीपके भी करते हैं। शिक्षामंत्री पदसे धर्मेन्द्र प्रधानके इस्तीफेके बाद अभिजीत दीपके और उनकी टीमके नेता अपनेको बिना चुनावी राजनीतिमें उलझे सुपर सरकार मानने लगे। विपक्षी पार्टियां भी मनसे, बेमनसे उनके पीछे-पीछे चलने लगीं। कारण यह कि विपक्ष सरकारके खिलाफ सड़कपर उतरकर आन्दोलन करनेकी हालतमें नहीं रह गया है। वहां कार्यकर्ता कम नेता अधिक हो गये हैं। सीजेपीको यह स्पेस अच्छा दिखा। उसके नेता देशभरके स्कूलोंकी दशा सुधारनेके लिए कई राज्योंमें घूमने लगे। राजस्थानमें तो पिटे भी, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्रमें विरोध झेला। लेकिन उसके पहले झारखंडमें छात्रोंके आन्दोलनसे दूरी बना ली। पंजाबके स्कूलोंकी बेहतरीकी बात करने लगे। इससे संदेह गहराया। पड़तालमें पता चला कि सीजेपीके पूरे नेतृत्वका पूर्वमें आम आदमी पार्टीसे जुड़ाव रहा है। इससे सरकारको उन्हें घेरनेका बढ़िया मौका मिल गया। उधर, गाहे बगाहे सीजेपीके लोग अदालतोंके खिलाफ भी बेवजहकी टिप्पणी करने लगे। इससे भी लोगोंका मोहभंग हुआ।

यह सही है कि देशके हालात आन्दोलनके लिए मुफीद हैं। जनता बढ़ती महंगीसे कराह रही है। आम लोगोंको घरके खर्चे चलानेमें दिक्कत हो रही है। मकान किराया और निजी स्कूलोंकी फीस लगातार बढ़ रही है। कोरोनाके बाद निजी क्षेत्रमें कामगारोंके वेतन-भत्तोंमें वृद्धि नहीं हो पा रही है, जबकि कामके घंटे बढ़ा दिये गये हैं। सरकारी विभागोंमें जगह खाली होनेके बावजूद बहाली नहीं हो रही है। मुफ्तके खाद्यान्न बांटे जानेके कारण ग्रामीण क्षेत्रोंकी अर्थव्यवस्था भी पटरीसे उतर गयी लगती है। खेतीके लिए कामगार नहीं मिल पा रहे हैं। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। समयपर परीक्षा और परिणाम नहीं आनेसे छात्र निराश हैं। वाहनों, मकानोंकी किस्त नहीं भर पानेके कारण मध्यम वर्ग वेदनासे भरा हुआ है। हताशामें आत्महत्याकी घटनाएं बढ़ रही हैं। दूसरी ओर सरकारकी ढपोरशंखी बड़ी-बड़ी बातें आम आदमीके गुस्सेको और बढ़ा रही हैं। सरकारकी कोशिश देशके चहुंमुखी विकासकी गति तेज करनेकी बनिस्बत जातिका समीकरण ठीक करने, धर्मके ध्रुवीकरण और बूथ मैनेजमेंटपर ज्यादा दिखाई देती है।

एक अंग्रेजी समाचार-पत्रमें चुनाव आयोगमें मतभेदकी खबर छपनेके बाद विपक्ष गोलबंद होने लगा। लोकसभामें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पिछले सवा सालसे चुनाव आयोगके खिलाफ मोर्चा खोले हुए थे, लेकिन उन्हें विपक्षी दलोंका भी भरपूर समर्थन नहीं मिलता था। बिहारमें राष्ट्रीय जनता दलके नेता तेजस्वी यादव भले ही कुछ दिन राहुलके साथ चले लेकिन बादके दिनोंमें चुनावमें टिकट बांटने और प्रचार कार्यमें लगे रहे। उन्हें उम्मीद थी कि वह अकेले ही सरकार बना लेंगे। यही स्थिति पश्चिम बंगालमें ममता बनर्जीकी थी। महाराष्ट्रमें शरद पवार और संजय राउत सिर्फ एक्सपर बयान देकर अपना कर्तव्य निभा गये। दक्षिण और पूर्वोत्तरमें भी यही हालात थे। अखबारमें खबर छपनेके बाद और चुनावोंमें बुरी तरह हार जानेके बाद विपक्ष गोलबंद हुआ। ऐसेमें सीजेपीके नेताओंको लगा कि बहती गंगामें हाथ धो लें तो विपक्षके सिरमौर हो जायंगे। उधर, पहलेसे खार खायी सरकार काकरोचोंको नेस्तनाबूद करनेके लिए पहलेसे तैयार बैठी थी। १० अक्तूबरको अभिजीत दीपके, सौरभ दास और आशुतोष रांकाको दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया। दूसरे दिन रिहा किया तो शांति बनाये रखनेकी शर्तोंके साथ बेल बांड भरवाकर छोड़ा।

यही कारण है कि १४ अक्तूबरको दोबारा जंतर-मंतरपर गिरफ्तार होनेके बाद सौरभ दास और आशुतोष रांकाको जेलसे जमानत मिलनेमें हफ्तेभरसे ज्यादा समय लग गया। सीजेपीके एक और रणनीतिकार अकिंज्य शिंदे भी शर्तोंके साथ बेलबांड भरकर ही बाहर आये हैं। इससे काकरोच जनता पार्टीके सामने कई मुश्किलें दिख रही हैं। दिल्ली हाईकोर्टके न्यायाधीशने उन्हें जेन जी माननेसे इनकार कर दिया है। शर्तोंके अनुसार आगेकी आन्दोलनके लिए उन्हें पुलिसकी अनुमति लेनी होगी। पुलिस अनुमति देगी तो नये शर्तोंके साथ देगी। शर्तोंको तोड़ा तो फिर जेल जाना होगा। ऐसेमें कानूनी बेड़ियोंके साथ अब उनके लिए आन्दोलनकी राह और कठिन हो गयी है। इन सबके बीच बड़ा सवाल यह कि काकरोच जनता पार्टीकी कोशिशें बुलबुला बनकर रह जायंगी अथवा सड़कोंपर अराजकता फैलाकर देशके लोकतांत्रिक स्वरूपको अस्थिरताकी बाढ़में डूबो देंगी।

आत्मबोध

ज्ञान और विवेक

❒ श्रीश्री रविशंकर

क्या तुमने ध्यान दिया है कि प्रत्येक क्षण तुम्हारे मनमें क्या चल रहा होता है। मन इसी उधेड़बुनमें रहता है कि आगे क्या होगा। ज्ञानमें मनके इस रूपके प्रति सजगता आती है कि इस पल मनमें क्या घट रहा है। पुस्तकें पढ़कर अन्य सभी प्रकारकी जानकारी तथा शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। चाहे जन्म हो मृत्यु या खान-पानकी आदत। किसी भी विषयपर अनगिनत पुस्तकें उपलब्ध हैं। परन्तु अपने मनके प्रति जागरूकता पुस्तक पढ़कर नहीं सीखी जा सकती। हमारा मन वह अतीत और भविष्यके बीच डोलता है। प्रत्येक क्षण या तो वह अतीतको लेकर क्रोधित है या भविष्यको लेकर व्याकुल। एक और प्रवृत्ति है मनकी नकारात्मक बातोंसे चिपके रहने की। यदि दस सकारात्मक घटनाओं या दृष्टांतोंके बाद एक नकारात्मक बात घटती है तो हम उन दस अच्छी बातोंको एकदम भूलकर उस एक नकारात्मक घटनासे चिपक जाते हैं। मनकी इन दोनों प्रवृत्तियोंके प्रति जागरूकता तुम्हें सहज और सरल बनायगी। यह बेहद अनमोल मूल्य है, जो तुम्हें अंदरसे खिलनेमें सक्षम बनायंगे। दरअसल इस पवित्रताके साथ हमारा जन्म होता है। परन्तु जैसे-जैसे हम अधिकसे अधिक परिपक्व और होशियार बनते जाते हैं इस सरलताको खोते हुए रुखे बनते जाते हैं। जब तुम बच्चे थे तो कोई समस्या नहीं थी। आज लड़ लेते तो अगले ही दिन दोस्ती हो जाती, परन्तु जैसे-जैसे बड़े होते गये, उलझते गये। ज्ञान और विवेकके अभावमें हम एक-दूसरेसे उलझ जाते हैं। हमारे मनमें घृणा, द्वेष और लालसा भरी हुई है। किसीके मनमें झांक कर देखो। कहीं अन्यके प्रति अति अधिक ज्वरभाव है तो कभी भविष्यके लिए लालसा या फिर अतीतके प्रति द्वेष। ज्ञान और विवेक द्वारा हम समाजमें सुव्यवस्थाको बढ़ावा दे सकते हैं। हमें स्वयंका अध्ययन करना है। जीवन जीनेके लिए सारी बातें सीखनेमें हमनें कितना ही समय खर्च किया परन्तु खुद जीवनके बारेमें कितना कम जानते हैं। संसारमें आनेके बाद जो काम हमने सबसे पहले किया वह था एक गहरी सांस लेना और इस संसारमें जो अंतिम काम हम कर रहे होंगे वह है सांस छोड़ना। पहली बार सांस लेने और आखिरी बार सांस छोड़नेके बीच जो कुछ भी है, उसे हम जीवन कहते हैं। हमने कभी भी अपनी सांसपर ध्यान नहीं दिया। शरीर और मनके बीचका संपर्क सूत्र है सांस और इसके द्वारा मनको वर्तमानमें टिका सकते हो। श्वासपर ध्यान बनाये रखनेका दूसरा साधन है सेवा। जब सेवाको जीवनका परम ध्येय बना लेते हो, तब भय दूर होता है और मन केंद्रित हो जाता है।

आखिर कब थमेगा धार्मिक आयोजनोंमें मौतका सिलसिला

❒ योगेश कुमार गोयले

धर्म, आस्था और विश्वासके केन्द्रोंपर इंसान सुकून, शांति और सुख-समृद्धिकी कामना लेकर पहुंचता है लेकिन जब वही स्थान चीख-पुकार, दमघोंटू भीड़ और मौतके मंजरमें तब्दील हो जायं तो यह हमारी व्यवस्थाकी संवेदनहीनता और सुरक्षा संबंधी तैयारियोंकी विफलताका भयावह प्रमाण है। कोलकाताके चोरबागान दुर्गा पूजा पंडालमें १७ अक्तूबरकी शाम भगदड़ जैसी स्थितिमें १९ लोगोंकी मौत और दो दर्जनसे अधिक लोगोंके घायल होनेकी खबरने एक बार फिर देशको झकझोर दिया। सप्तमीकी शाम मां दुर्गाके दर्शनकी लालसा लेकर निकले श्रद्धालुओंको क्या पता था कि घर लौटनेके बजाय कई परिवारोंको अपने प्रियजनोंके शव मिलेंगे। जिस उत्सवमें जीवन, शक्ति और विजयका सन्देश गूंजना चाहिए था, वहां मातम पसरा था। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर हमारी आस्थाके स्थलोंपर इंसानी जिन्दगी इतनी सस्ती क्यों हो जाती है।

चोरबागानकी घटनाको केवल अचानक उमड़ी भीड़ या दुर्भाग्यपूर्ण हादसा बताकर जिम्मेदारीसे बचना आसान है लेकिन ऐसा करना त्रासदीके वास्तविक कारणोंसे आंखें मूंदना होगा। बारिशके बीच पंडालमें प्रवेश और निकासके रास्तोंपर भीड़का दबाव बढ़ा और अफरा-तफरीकी स्थिति पैदा हुई। घटनास्थलकी संकरी गलियों, लोगोंकी आवाजाही तथा सुरक्षा प्रबंधोंको लेकर भी सवाल उठे हैं। हालांकि दुर्घटनाके वास्तविक कारणों और जिम्मेदारीका निर्धारण निष्पक्ष जांचसे ही होना चाहिए। फिर भी, यदि भारी भीड़ और खराब मौसमके बावजूद आवाजाहीको सुरक्षित रखनेकी पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी तो यह गम्भीर प्रशासनिक और आयोजन संबंधी विफलताका मामला है। जब किसी आयोजनमें हजारों लोगोंके जुटनेकी संभावना पहलेसे मालूम हो, तब संभावित खतरेका अनुमान लगानेके लिए दुर्घटना होनेकी प्रतीक्षा क्यों की जाती है।

भारतमें धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक आयोजनोंमें भगदड़ कोई नयी समस्या नहीं है। मंदिरों, तीर्थस्थलों, धार्मिक मेलों, जुलूसों और पर्व-समारोहोंमें भीड़का बेकाबू होना बार-बार जानलेवा साबित होता रहा है। वर्ष २००५ में महाराष्ट्रके मांढरदेवी मंदिरमें भगदड़से ३०० से अधिक लोगोंकी मौत हुई थी। २०११ में केरलके सबरीमालामें भगदड़ने सौसे अधिक लोगोंकी जान ले ली थी। २०१३ में मध्य प्रदेशके रतनगढ़ मंदिरमें सौसे अधिक लोगोंकी मौत हुई। २०२२ में जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिरमें भगदड़से १२ श्रद्धालुओंकी जान गयी। २०२४ में हाथरसमें धार्मिक सत्संगके बाद मची भगदड़में १२१ लोगोंकी मौतने पूरे देशको स्तब्ध कर दिया। २०२५ में प्रयागराज महाकुम्भ और नयी दिल्ली रेलवे स्टेशनपर भी भीड़से जुड़ी जानलेवा घटनाओंने सार्वजनिक सुरक्षाकी तैयारियोंपर गम्भीर प्रश्न खड़े किये थे। हालांकि अलग-अलग घटनाओंके कारण और परिस्थितियां भिन्न थी लेकिन इनके बीच एक चिन्ताजनक समानता रही, भीड़के दबावमें इंसानी जीवनकी असुरक्षा।

हर त्रासदीके बाद शोक संदेश जारी होते हैं, मुआवजेकी घोषणाएं होती हैं, जांच समितियां गठित की जाती हैं और इसके बाद व्यवस्था फिर पुराने ढर्रेपर लौट जाती है। यही हमारी सबसे बड़ी विफलता है। यदि पिछली दुर्घटनाओंसे सबक लेकर प्रभावी सुरक्षा तंत्र विकसित किया गया होता तो बार-बार ऐसी मौतोंका सामना नहीं करना पड़ता। जांचका उद्देश्य केवल दोषियोंकी पहचान करना नहीं, उन खामियोंको दूर करना भी होना चाहिए, जिनके कारण एक ही प्रकारकी त्रासदियां बार-बार सामने आती हैं। सवाल यह नहीं कि अगला हादसा कहां होगा, बल्कि यह है कि उसे रोकनेके लिए हमने अबतक क्या किया है। यह समझना जरूरी है कि भगदड़ केवल लोगोंके अचानक दौड़नेसे नहीं होती। जब किसी सीमित स्थानमें भीड़की संख्या उसकी क्षमतासे अधिक हो जाती है, प्रवेश और निकासका प्रवाह बाधित होता है, लोग एक-दूसरेको धक्का देने लगते हैं या अफवाहके कारण एक साथ आगे बढ़ते हैं, तब स्थिति तेजीसे जानलेवा बन सकती है। भीड़के अत्यधिक दबावमें व्यक्तिके लिए सांस लेना और स्वयंको संभालना कठिन हो जाता है। गिरने वाला व्यक्ति दूसरोंके लिए भी गम्भीर खतरा पैदा कर सकता है। ऐसे हालातमें कुछ क्षणोंकी अव्यवस्था भी अनेक जिन्दगियां लील सकती है। इसलिए भीड़ प्रबंधनका अर्थ केवल पुलिसकर्मियोंकी तैनाती, बैरिकेडिंग या लाउडस्पीकरसे घोषणाएं करना नहीं है। इसके लिए भीड़की क्षमताका वैज्ञानिक आकलन, आवाजाहीकी सतत निगरानी, प्रशिक्षित कर्मियों और स्पष्ट आपातकालीन योजनाकी आवश्यकता होती है।

धार्मिक आयोजनोंमें सुरक्षाको अक्सर आस्थाके उत्साह और आयोजनकी भव्यताके पीछे गौण कर दिया जाता है। ऊंचे-ऊंचे पंडाल, आकर्षक सजावट, रोशनी, प्रचार और प्रायोजकोंकी प्रतिस्पर्धापर भरपूर ध्यान दिया जाता है लेकिन प्रवेश द्वार कितने हैं, निकास कितना चौड़ा है, आपातकालीन रास्ते खुले हैं या नहीं, पर्याप्त रोशनी है या नहीं और भीड़ बढ़नेपर क्या किया जायगा, इन बुनियादी सवालोंकी अनदेखी कर दी जाती है। लोकप्रियताके नामपर भीड़को आमंत्रित करना और फिर उसकी सुरक्षाकी जिम्मेदारीसे बचना किसी भी दृष्टिसे स्वीकार्य नहीं हो सकता। आयोजकोंको समझना होगा कि किसी पूजा पंडालकी सफलता श्रद्धालुओंकी संख्यासे नहीं, बल्कि इस बातसे तय होती है कि प्रत्येक श्रद्धालु सुरक्षित घर लौटे। सरकार और प्रशासनकी जिम्मेदारी भी आयोजन स्थलपर पुलिस तैनात कर देनेतक सीमित नहीं हो सकती। अनुमति देनेसे पहले स्थलकी क्षमता, प्रवेश-निकास मार्गों, अग्नि सुरक्षा, संरचनात्मक मजबूती और आपातकालीन निकासीकी व्यवस्थाका वास्तविक निरीक्षण होना चाहिए। कोई भी तकनीक तभी कारगर होगी, जब उसके आधारपर समय रहते निर्णय लेने वाले जिम्मेदार लोग मौजूद हों।

जवाबदेही तय करनेमें किसी प्रकारका पक्षपात नहीं होना चाहिए। यदि आयोजकों, अधिकारियों या अन्य जिम्मेदार व्यक्तियोंकी लापरवाही प्रमाणित होती है तो कानूनके अनुसार कठोर कारवाई होनी चाहिए। केवल कुछ गिरफ्तारियों या इस्तीफोंको न्यायकी पूर्णता नहीं माना जा सकता। साथ ही जांच निष्पक्ष होनी चाहिए और दोषका निर्धारण राजनीतिक बयानबाजीके बजाय साक्ष्योंके आधारपर होना चाहिए। श्रद्धालुओंकी भी अपनी जिम्मेदारी है। धक्का-मुक्कीसे बचना, अफवाहोंपर विश्वास न करना, सुरक्षा निर्देशोंका पालन करना और अत्यधिक भीड़ दिखाई देनेपर प्रवेश करनेकी जिद न करना आवश्यक है। आयोजकोंको भीड़को आकर्षित करनेके लिए सोशल मीडियापर प्रचार करते समय सुरक्षा क्षमताका ध्यान रखना चाहिए। हालांकि नागरिकोंसे सावधानीकी अपेक्षा प्रशासनिक लापरवाहीका विकल्प नहीं हो सकती। सुरक्षाकी प्राथमिक जिम्मेदारी उन लोगोंकी है, जो आयोजनकी योजना बनाते हैं, अनुमति देते हैं और व्यवस्था संचालित करते हैं।

फिलहाल चोरबागानकी त्रासदी हमें चेतावनी दे रही है कि आस्थाका सम्मान केवल पूजा-अर्चना, भव्य पंडालों और धार्मिक नारोंसे नहीं होता। उसका वास्तविक सम्मान मानव जीवनकी रक्षासे होता है। मां दुर्गाकी आराधना शक्ति, विवेक और अन्यायके विरुद्ध संघर्षकी प्रेरणा देती है। यदि उनके दर्शनके लिए उमड़े श्रद्धालु अव्यवस्थाके कारण अपनी जान गंवा दें तो हमें अपनी व्यवस्थाओंका कठोर आत्ममंथन करना ही होगा। अब वक्त शोक जताकर आगे बढ़ जानेका नहीं, बल्कि व्यवस्था बदलनेका है। हर धार्मिक स्थल, हर पूजा पंडाल और हर बड़े सार्वजनिक आयोजनमें सुरक्षाको सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। जबतक लापरवाहीपर जवाबदेही तय नहीं होगी, सुरक्षा नियमोंका कठोरतासे पालन नहीं होगा और पिछली दुर्घटनाओंसे मिले सबक जमीनपर नहीं उतरेंगे, तबतक श्रद्धालुओंकी जानपर मंडराता खतरा समाप्त नहीं होगा। आस्थाके नामपर मौतको नियति मान लेना सबसे बड़ी भूल है। भगवानके दरबारमें इंसान जिन्दगीकी दुआ मांगने जाता है, जान गंवाने नहीं। किसी भी सभ्य समाज और संवेदनशील शासन व्यवस्थाकी असली परीक्षा यही है कि श्रद्धालु विश्वासके साथ घरसे निकलें और सुरक्षित अपने घर लौटें।

रुपया 12 पैसे टूटकर 94.50 प्रति डालर पर

मुंबई। रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में 12 पैसे टूटकर 94.50 प्रति डॉलर पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.47 प्रति डॉलर पर खुला। इसके बाद यह और कमजोर होकर 94.50 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे कम है। रुपया बुधवार को 53 पैसे मजबूत होकर 94.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.56 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 642.51 अंक फिसलकर 73,067.18 अंक पर और निफ्टी 241.35 अंक टूटकर 22,570.90 अंक पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव वायदा कारोबार में 1.58 प्रतिशत बढ़कर 110.54 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को शुद्ध रूप से 1,022.32 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नामः** प्रयागराज रामबाग, झूंसी एवं बनारस–माघ मेला/2027 के लिए टेन्ट, फर्नीचर आदि की हायरिंग। **ई–निविदा सूचना सं0:** एनईआर–बीएसबी–2026–147, **अनुमानित लागत (₹):** 2,00,83,493/–, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹):** 4,01,700/–, **निविदा बन्द होने की तिथिः** 11.11.2026, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 04 माह, **कार्य का नामः** वमइं/तृतीय/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत एसडब्लूआर को एलडब्लूआर में बदलने के लिए रेलों की फ्लैश बट वेल्डिंग, **ई–निविदा सूचना सं0:** एनईआर–बीएसबी 2026–148, **अनुमानित लागत (₹):** 2,12,94,373/–, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹):** 4,25,900/–, **निविदा बन्द होने की तिथिः** 11.11.2026, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 08 माह, • निविदा सूचना संख्या एनईआर–बीएसबी–2026–147 से एनईआर–बीएसबी–2026–148 दिनांक 11.11.2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निदिया सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0)
मुजाधि/डब्लू–385 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना संख्याः SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T41 दि. 21.10.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर / टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं.:– 1, कार्य का नामः–** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत राजापट्टी–मसरख स्टेशन के बीच बंगरा हाल्ट (H–3 कैटेगरी) के निर्माण कार्य में 25 केवी ओएचई विद्युतीकरण कार्य।, **टेंडर रिफरेंश न.:–** SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T41, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:–** ₹ 8097096.63, **घरोहर राशि रुपया में:–** ₹162000/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:–** 00, **निविदा बंद होने की तिथि एव समयः–** 12.11.2026 up to 14:45 Hrs. **कार्य पूरा करने की अवधि:–** 9 माह. • खुली ई–निविदा दिनांक 12.11.2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।. • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in**पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत–233 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

सूचना– मैं **जया सिंह** पत्नी प्रमोद सिंह, पता रामपुर अन्दोई, पोस्ट–जमालपुर, अबूसईदपुर, आजमगढ़, उत्तर प्रदेश 276205 की निवासिनी हूं। मेरा मूल बैनामा (मदर डीड) दिनांक 15–04–2010 जो हीरावती के पक्ष में बही नं. 1, जिल्द नं. 2151, पृष्ठ नं. 223 से 248 और क्रमांक 1135 पर पंजीकृत है, जो दिनांक 12.08.2026 को लालगंज मार्केट के पास खो गया है। मो न. 9415646866.

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रामजी, पुत्रः** स्व. सांवले, **पताः** मकान नं. एन–17ए/370, पत्थर वाला बाग, जेजे कॉलोनी, वजीरपुर, दिल्ली; अन्य पताः ग्राम– जुड़ानपुर, डाकघर– सरसरवां, जिला– मऊ, उ. प्र. ने मुकदमा **case Reg. No. : 766/2018 & FIR No. 382/2017, U/s 509 IPC, थानाः केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रामजी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रामजी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि मुकदमा **case Reg. No. : 766/2018 & FIR No. 382/2017, U/s 509 IPC, थानाः केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रामजी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.02.2027** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री संयम जैन

DP/14914/NW/2026 न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 04 (उत्तर – पश्चिम)
(Court Matter) कमरा नं. 112, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
आजमगढ़ वृत्त, लो.नि.वि., आजमगढ़

पत्रांक:- 3203/एस.ई.टेण्डर-आ.वृ./2026 **दिनांक:-** 14.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, आजमगढ़ वृत्त, लो0नि0वि0, आजमगढ़ द्वारा जनपद आजमगढ़ में निम्नलिखित कार्यों की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए,बी,सी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम–10 के अनुसार निविदा डालने योग्य होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0–4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तो का भली–भॉति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरण–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
स्वीकृति की प्रत्याशा में–									
1	टड़िया दक्षिणी पासी बस्ती से पसिका (हेटवार) सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण का कार्य।	63.50	5.18	2000+ 500+ 90 Total = 2590	06 माह	नि0ख0, लो0नि0वि0 आजमगढ़	आजमगढ़ वृत्त, लो0नि0वि0 आजमगढ़	आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0 आजमगढ़	ए बी सी
2	सिरजुआ सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	52.20	4.61	2000+ 500+ 90 Total = 2590	06 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	ए बी सी
3	रामपुर बढ़ौना व्यवहरा मार्ग से भरौटी सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	53.70	4.69	2000+ 500+ 90 Total = 2590	06 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	ए बी सी
4	पसिका से राजागंज सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	124.60	8.23	2000+ 500+ 90 Total = 2590	06 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	ए बी
5	मठिया से सरैया सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	154.00	9.70	2000+ 500+ 90 Total = 2590	06 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	ए बी
6	सिंहपुर पिलौटापुरवा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	134.00	8.70	2000+ 500+ 90 Total = 2590	06 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	ए बी
7	शाहगढ़ मुबारकपुर मार्ग से बसौधा होते हुए सलारपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	93.00	6.65	2000+ 500+ 90 Total = 2590	06 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	ए बी
8	मठिया से लोहरही होते हुए समेदा तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	117.00	7.85	2000+ 500+ 90 Total = 2590	06 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	ए बी
9	डिंगुरपुर यादव बस्ती सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	85.00	6.25	2000+ 500+ 90 Total = 2590	06 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	ए बी
10	अकबेलपुर जहानागंज (यमुनानगर) से धरवारा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	91.90	6.60	2000+ 500+ 90 Total = 2590	06 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	ए बी
11	मंगरावा रायपुर से इस्लामपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	106.00	7.30	2000+ 500+ 90 Total = 2590	06 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–	ए बी

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in से दिनांक–26.10.2026 अपरान्ह 12:30 बजे से दिनांक–06.11.2026 तक अपरान्ह 12:30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अन्तिम तिथि 06.11.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे तक है तथा तकनीकी निविदा दिनांक–06.11.2026 को अपरान्ह 01.00 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, आजमगढ़ वृत्त, लो0नि0वि0, आजमगढ़ में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैद्यता पूर्ववत् होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शाई जायेगी।
5. शासनादेश सं0–1/2018–3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
6. शासनादेश सं0–86/2026/649/2026/23–7099/106/2025 लो0नि0अनु0–7 दिनांक 23.05.2026 में दिये गये निर्देश निविदा में प्रभावी होंगे।

नोटः– निविदा की समस्त शर्ते http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(आनन्द वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
आजमगढ़

(महाबीर सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
आजमगढ़ वृत्त,लो0नि0वि0
आजमगढ़

उ.प्र.:– 258929
दिनांक:– 21.10.2026
वेबसाईटः– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम
उपखण्ड, चन्दौली
चन्द्रप्रभा प्रखण्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर चन्दौली

ई-निविदा सूचना संख्या:-05/AE-I/2026-27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों (तालिका संख्या– 1) हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से तालिका संख्या–2 मे निहित कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती है, जो अधिशासी अभियन्ता चन्द्रप्रभा प्रखण्ड पं0दी0द0उ0नगर, चन्दौली के कार्यालय में निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी।

तालिका संख्या–1

लाट सं0	कार्य का विवरण	कुल अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	निविदा के साथ जमा की जाने वाली धनराशि	अनुबन्ध गठन के पूर्व जमा की जानी वाली धनराशि (% में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि Days	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
01	झिंगुरी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.800 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.23	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
02	बंगाली पुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.500 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.44	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
03	बरियापुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.600 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.21	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
04	मझुई माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.49	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
05	घोड़सारी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.800 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.23	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
06	भोड़सर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.800 तक के आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.51	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
07	कनेरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.200 तक आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.48	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
08	जनकपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 7.400 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.93	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
09	जनकपुर फीडर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 के मध्य आन्तरिक भाग में सिल्ट सफाई का कार्य।	1.22	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
10	मूसाखॉण्ड माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.500 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.82	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
11	डुन्नू माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.600 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.43	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
12	बयापुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.400 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.24	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
13	सेमरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.37	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
14	एकौना माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.39	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
15	भिटिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.39	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
16	गयापुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.35	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
17	बनरसिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.300 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.39	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
18	कवलपुरवा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य ।	0.49	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
19	इलिया माइनर के किमी0 0.000 के किमी0 2.000 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.39	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
20	रोहाखी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.250 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.24	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
21	बसाढ़ी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.000 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.20	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
22	चकरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.300 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.27	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
23	नईबस्ती माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.300 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.23	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
24	कटवा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.400 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.20	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
25	धनरिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.000 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.32	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
26	रसिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.41	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
27	सैदूपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.500 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	0.30	2%	10%	21	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
28	मसोई माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 7.200 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	1.74	2%	10%	21	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
29	गोविन्दीपुर राजवाहा के किमी0 9.200 से किमी0 14.400 के मध्य आन्तरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य।	2.30	2%	10%	21	150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above

तालिका संख्या 2 महत्वपूर्ण तिथियाँ

S.No.	Particulars	Date	Time
1	Tender Download From Website(https://etender.up.nic.in)	26.10.2026	10:00 AM
2	Bid Submission Start	26.10.2026	10:00 AM
3	Bid Submission End	02.11.2026	11:00 AM
4	Technical Bid opening	05.11.2026	01:30 PM
5	Bid opening place	Office of Executive Engineer Chandrprabha Division PDDU Nagar Chandauli	

1. यह निविदा/बिड सूचना एवं विस्तृत शर्ते उ0प्र0सरकार की https://etender.up.nic.in पर तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 की वेबसाईट http://idup.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी ।
2. निविदा प्रक्रिया ऑन–लाइन प्रारम्भ होने के पश्चात् किसी भी लॉट के सम्बंध में समस्त अग्रिम कार्यवाही केवल ऑन–लाइन ही होगी। प्रत्येक निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निविदा प्रक्रिया शुरु होने के पश्चात् ऑन–लाइन निविदा के सम्बंध में होने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धि–पत्र की जानकारी वेबसाइट https://etender.up.nic.in से प्राप्त करता रहे, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।

उ.प्र.:– 258927 **(ब्रजेश कुमार त्रिपाठी)**
दिनांक:– 21.10.2026 **सहायक अभियन्ता**
वेबसाईटः– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता तृतीय
उपखण्ड, चन्दौली
चन्द्रप्रभा प्रखण्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर चन्दौली

ई-निविदा सूचना संख्या:-07/AE-III/2026-27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों (तालिका संख्या– 1) हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से तालिका संख्या–2 मे निहित कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती है, जो अधिशासी अभियन्ता चन्द्रप्रभा प्रखण्ड पं0दी0द0उ0नगर, चन्दौली के कार्यालय में निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी।

तालिका संख्या–1

लाट सं0	कार्य का विवरण	कुल अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	निविदा के साथ जमा की जाने वाली धनराशि	अनुबन्ध गठन के पूर्व जमा की जानी वाली धनराशि (% में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि Days	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
01	नूरी राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.000 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	2.38	2%	10%	21	150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C & Above
02	ककरैत राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.200 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	2.47	2%	10%	21	150.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	C & Above
03	धनायतपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.000 के मध्य सिल्ट सफाई एवं कि0मी0 3.000 से कि0मी0 5.800 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	1.54	2%	10%	21	75.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
04	दिघवट माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 8.000 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	2.15	2%	10%	21	150.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	C & Above
05	कपसिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.000 के मध्य सिल्ट सफाई एवं कि0मी0 5.000 से कि0मी0 8.400 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	2.26	2%	10%	21	150.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	C & Above
06	परेवा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.400 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	1.43	2%	10%	21	75.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
07	खुरहट माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.000 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग एवं कि0मी0 2.000 से कि0मी0 5.800 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	1.54	2%	10%	21	75.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
08	अदसड़ माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.400 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.87	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
09	नौबतपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.600 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.93	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
10	घोसवा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 6.200 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	1.65	2%	10%	21	75.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
11	भतीजा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.000 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग एवं कि0मी0 1.000 से कि0मी0 4.700 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	1.23	2%	10%	21	75.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
12	बरडीहा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.000 के मध्य सिल्ट सफाई एवं कि0मी0 3.000 से कि0मी0 4.500 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	1.18	2%	10%	21	75.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
13	पिपरदहा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.000 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग एवं कि0मी0 3.000 से कि0मी0 6.400 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	1.70	2%	10%	21	75.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
14	झगरूचक माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.000 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग एवं कि0मी0 2.000 से कि0मी0 5.400 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	1.43	2%	10%	21	75.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
15	तेलहरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.400 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.87	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
16	वहोरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 6.200 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	1.65	2%	10%	21	75.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
17	यायर चक माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.82	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
18	जलालपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.400 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	1.15	2%	10%	21	75.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
19	डुमरी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.000 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग एवं कि0मी0 1.000 से कि0मी0 6.800 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	1.82	2%	10%	21	75.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
20	रामगढ़ माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.260 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.83	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
21	बिसौरी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.800 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.71	2%	10%	21	75.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
22	हिनौती माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.660 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.67	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
23	फुटिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.000 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.76	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
24	कसवढ़ नं0 02 माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.600 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.62	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
25	गोपालपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.55	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
26	खजरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.600 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.43	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
27	सिकठा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.800 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.28	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
28	नूरी नं0 2 माइनरके कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.800 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.47	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
29	फेसुड़ा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.200 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.35	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
30	टेकारी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.800 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.28	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
31	नूरी नं0 3 माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.800 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.28	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
32	सिरकलपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.800 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.66	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
33	जमुड़ा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.55	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
34	तम्बागढ़ माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.000 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.32	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
35	लोधीपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.000 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.32	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
36	सुन्डेहरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.300 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.18	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
37	मल्लकीपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.200 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.35	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
38	बगही माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.300 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.18	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
39	पचदेवरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.100 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.33	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
40	छित्तो माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.000 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.32	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
41	बसंतपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.39	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
42	चारी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.800 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.66	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
43	बेलगहना माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी01.600 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.24	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
44	पंडितपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.800 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.47	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
45	भतखरी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.000 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.51	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
46	अमरा नं0 01 माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.39	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
47	अमरा नं0 02 माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.000 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.32	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
48	अरंगी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.600 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.43	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
49	बकौडी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.000 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.32	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
50	पई माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.000 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.32	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
51	कसवढ़ नं0 1 माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.000 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.51	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
52	दरौली माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.39	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
53	सबलजलालपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 के मध्य आंतरिक भाग में स्कैपिंग का कार्य	0.39	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
54	कुशहा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.39	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above
55	असना माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.000 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य	0.32	2%	10%	21	50.00+18%G.S.T 500 Stationary Charge	D & Above

तालिका संख्या 2 महत्वपूर्ण तिथियाँ

S.No.	Particulars	Date	Time
1	Tender Download From Website(https://etender.up.nic.in)	26.10.2026	10:00 AM
2	Bid Submission Start	26.10.2026	10:00 AM
3	Bid Submission End	02.11.2026	11:00 AM
4	Technical Bid opening	05.11.2026	01:30 PM
5	Bid opening place	Office of Executive Engineer Chandrprabha Division PDDU Nagar Chandauli	

1. यह निविदा/बिड सूचना एवं विस्तृत शर्ते उ0प्र0सरकार की https://etender.up.nic.in पर तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 की वेबसाईट http://idup.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी ।
2. निविदा प्रक्रिया ऑन–लाइन प्रारम्भ होने के पश्चात् किसी भी लॉट के सम्बंध में समस्त अग्रिम कार्यवाही केवल ऑन–लाइन ही होगी। प्रत्येक निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निविदा प्रक्रिया शुरु होने के पश्चात् ऑन–लाइन निविदा के सम्बंध में होने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धि–पत्र की जानकारी वेबसाइट https://etender.up.nic.in से प्राप्त करता रहे, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।

उ.प्र.:– 258829 **(ऋषभ राय)**
दिनांक:– 21.10.2026 **सहायक अभियन्ता**
वेबसाईटः– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

माइनर में बोरे में बंद मिले दो अज्ञात युवकों के शव

चंदौली। थाना क्षेत्र के डेढ़गांवा के पास गुरुवार सुबह माइनर में बोरे में बंद दो अज्ञात युवकों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों युवकों की उम्र करीब 30 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शवों को रात में कहीं दूसरी जगह से ला कर माइनर में फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, सुबह ग्रामीण गांव के बाहर शौच के लिए निकले थे। इसी दौरान उनकी नजर माइनर में पड़े बोरों पर पड़ी। संदेह होने पर ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने ग्रामीणों के सामने बोरों को खुलवाया,जिसमें दो युवकों के शव मिले। इस संबंध में धीना थाना प्रभारी त्रिवेणी लाल सेन ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि दोनों शवों को कहीं अन्य स्थान से लाकर यहां फेंका गया है। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर उनकी पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अचानक माइनर में अज्ञात शवों के मिलने को लेकर गांव विभिन्न चर्चाए शुरू है। अभी तक पुलिस का प्रयास कामयाब नहीं हो पाया है।

एमएलसी चुनाव : कड़ी सुरक्षा के बीच आज वोट डालेंगे मतदाता

चंदौली। एमएलसी स्नातक खंड वाराणसी व शिक्षक को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। शुक्रवार को सुबह आठ बजे जनपद के 10 मतदान केन्द्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। एमएलसी शिक्षक के लिए 3015 तथा स्नातक खण्ड वाराणसी के लिए 27196 मतदाता वोट डालेंगे। इसे लेकर गुरुवार को पोलिंग पार्टियां अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान संबंधित तैयारियों में जुट गयी है। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक के लिए कुल 30211 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। जिला मजिस्ट्रेट चंद्रमोहन गर्ग ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मतदान कार्मियों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने का निर्देश दिया। एमएलसी चुनाव के लिए सभी

एमएलसी शिक्षक के ३०१५,स्नातक के २७१९६ मतदाता करेंगे मतदान

विकास खंडों और नगर पालिका मुगलसराय में 10 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं कुल 30211 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें स्नातक में 27196 वोटर और शिक्षक में 3015 वोटर शामिल हैं। सुबह 8 बजे से सायंकाल 4 बजे तक मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से पूर्ण कराने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से कुल 36 पोलिंग पार्टियां मतपत्रों एवं मतपेटिकाओं और निर्वाचन सामाग्री के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुईं। वहीं 9 पोलिंग पार्टियां रिजर्व में रखी गई हैं। पोलिंग पार्टी में एक पीठासीन अधिकारी और तीन मतदान कार्मिक रहे। उनके साथ पुलिस फोर्स भी रहे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक उपनिरीक्षक, 4 मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी, 4 महिला आरक्षी और एक सेक्शन पीएसी तैनात रहेगी। वहीं 5 जोन, 5 जोनल मजिस्ट्रेट और 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट रहेंगे। साथ ही जोनल और सेक्टर पुलिस अधिकारी भी लगातार भ्रमणशील रहेंगे। मतदान समाप्ति के बाद सभी मतपेटियों को कलेक्ट्रेट स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित लाकर एकत्र किया जाएगा। वहां से वाराणसी के मंडी समिति पहड़िया भेजा जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने कलेक्ट्रेट परिसर में पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखी। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कहा कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराए जाएं। मतपत्रों और मतपेटी की सुरक्षा सुनिश्चित करायी जाए। किसी भी प्रकार के आतिथ्य एवं प्रलोभन या संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई करें। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर पहुंचकर जायजा लेते डीएम। छाया: आज

यात्रियों से जनसंवाद कर लिया गया फीडबैक

मुगलसराय । रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देश पर विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत भारतीय रेल में लगभग 7,000 रेलवे स्टेशनों पर एक साथ 22 अक्टूबर 2026 को व्यापक रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में डीडीयू मंडल में सुनियोजित कार्ययोजना के तहत मंडल के सभी 61 स्टेशनों पर कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित किया गया। इस दौरान यात्रियों से रेल सुविधाओं, यात्री सेवाओं एवं अन्य संबंधित विषयों पर फीडबैक और सुझाव प्राप्त किए गए। प्राप्त सुझावों एवं फीडबैक को संकलित कर उनका नियमानुसार परीक्षण किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा यात्रियों से संवाद किया गया। इस दौरान मुख्य रोलिंग स्टॉक अभियंता/पूर्व मध्य रेल राजेश कुमार वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता नितिन कुमार मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक आलोक कुमार आर्य एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वनाथ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेल यात्रियों को स्वच्छता, रेलवे परिसर की साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, के बीच संवाद तथा रेलवे स्टेशनों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के प्रति जागरूक करना और इस दिशा में यात्रियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। जन संवाद के माध्यम से यात्रियों से रेल सेवाओं को लेकर फीडबैक भी प्राप्त किया गया। जन संवाद के माध्यम से यात्रियों को स्वच्छता संबंधी नियमों का पालन करने तथा अन्य यात्रियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की अपील की गई।



अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा मतदान करने पर होगी कड़ी कारर्वाई

चंदौली। स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंडलायुक्त / रिटर्निंग ऑफिसर एस राजलिंगम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा मतदान करने अथवा मतदान की व्यवस्था में अनियमितता करने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर निर्वाचन संबंधी नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। मतदाताओं की पहचान का विधिवत सत्यापन करने के साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि केवल पात्र एवं अधिकृत मतदाता ही अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तथा आवश्यक प्रशासनिक प्रबंधों को भी प्रभावी बनाए रखा जाए।

श्रीराम कथा में हजारों श्रद्धालुओं ने किया रसपान

धानापुर। कस्बा स्थित विजय दशमी तालाब पर उदयनाथ सिंह फाउंडेशन द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम कथा कथावाचक पूज्य राजन महाराज ने गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस के प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवन में विनम्रता, संस्कार और भक्ति का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जीवन में कोई भी अच्छा कार्य करने से पहले अपने श्रेष्ठजनों को प्रणाम करना चाहिए। प्रणाम करने की आदत अपने स्वभाव में शामिल करनी चाहिए। इससे व्यक्ति के अंत:करण को सुख मिलता है। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने सात कांडों में रामचरितमानस की रचना की। प्रभु श्रीराम को प्रणाम करने से पहले उन्होंने रामचरितमानस को प्रणाम किया। यह उनके ग्रंथ के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिसकी चर्चा में भगवान स्वयं आकर खड़े हो जाएं, वही सच्चा भक्त है। कथा के दौरान राजन जी महाराज ने माता सती के प्रसंग का उल्लेख करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और आस्था के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को जीवन में पद और अधिकार मिलने के बाद अक्सर अभिमान आ जाता है। इसलिए अधिकार प्राप्त होने पर भी विनम्रता बनाए रखना आवश्यक है। जीवन में सच्ची महानता पद या अधिकार से नहीं,बल्कि अच्छे संस्कार, विनम्र व्यवहार और ईश्वर के प्रति समर्पण से प्राप्त होती है। पद और अधिकार मिलने पर अहंकार हो जाता है। जिसका त्याग कर देना चाहिए।

संक्षिप्त

धान के सैनिक कीट से करें बचाव

चंदौली। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विनोद कुमार यादव ने बताया कि सैनिक कीट धान की फसल को बेहद नुकसान करने वाला रात्रिचर कीट है, इस कीट की सूड़ियां भूरे रंग की होती हैं जो दिन के समय किल्लों के मध्य अथवा भूमि की दरारों में छिपी रहती हैं। इस कीट की केवल सूड़ियां ही नुकसान पहुंचाती हैं जबकि पतंगे फूलों से रस चूसते हैं। ये सूड़ियां शाम के समय किल्लों अथवा दरारों से निकलकर पौधों पर चढ़ जाती हैं और पत्तों या बालियों को छोटे छोटे टुकड़ों में काटकर नीचे गिरा देती हैं। इस समय बाली की अवस्था में इससे बहुत नुकशान देखने को मिल रहे हैं।

मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने की बनी रणनीति

धानापुर। समाजवादी पार्टी (सपा) स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत से जुटी है। पार्टी कड़ी मेहनत कर रही है। समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव हरदेव कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं संग बैठक की। इसमें मतदाताओं को घर से ब्लॉक तक पहुंचाने की रणनीति बनी। सपा प्रवक्ता मनोज सिंह काका और अन्य नेता भी शामिल हुए।

इलिया थाने पर तैनात दरोगा की अचानक मौत

इलिया । इलिया थाने पर तैनात उपनिरीक्षक विजय कुमार राय की गुरुवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शहाबगंज ले जाया गयाद्ध जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर वाराणसी में रह रहे उनके परिवार को पुलिस के सरकारी वाहन से शहाबगंज लाया गया। अस्पताल पहुंचीं पत्नी वंदना सिंह और पुत्र विनीत कुमार सिंह का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पत्नी बार- बार रोते-रोते बेहोश हो जा रही थीं। इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर वहां मौजूद पुलिसकर्मी और अन्य लोग भी भावुक हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपनिरीक्षक विजय कुमार राय पुत्र स्वर्गीय विद्यासागर राय, मूल निवासी ग्राम काछीकला, थाना कोपागंज, जनपद मऊ थे। वह वर्तमान में चंदौली जिले के इलिया थाने पर तैनात थे। सुबह वह टहलने के बाद थाने लौटे थे। कुछ देर बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने इसकी जानकारी थाना प्रभारी निरीक्षक हरी नारायण पटेल को दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिसकर्मी उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शहाबगंज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। उपनिरीक्षक की अचानक मौत की खबर से इलिया थाने सहित पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई।

दुल्हीपुर में बिरहा मुकाबला आज

दुल्हीपुर । श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की ओर से नवयुवक स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में 23 अक्टूबर को भव्य बिरहा मुकाबले का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नगाड़ा, चंदौली के प्रसिद्ध बिरहा कलाकार रामजनम जाबांज टोपी और मीनाक्षी राज के बीच शानदार मुकाबला होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष चितरंजन सोनकर ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बिरहा का आनंद उठाने की अपील की है। कार्यक्रम साहूपुरी रोड, दुल्हीपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय) चंदौली में आयोजित होगा।

अनुदेशकों ने एरियर भुगतान, नियमतिकरण की मांग उठायी

सकलडीहा। क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत परिषदीय अनुदेशकों ने बकाया एरियर भुगतान एवं वर्तमान पद पर नियमितीकरण की मांग को लेकर गुरुवार को कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर को उनके सकलडीहा स्थिति आवास पर मिलकर ज्ञापन सौंपकर शासन स्तर पर प्रभावी पहल करने का अनुरोध किया । ज्ञापन के माध्यम से उन्हें अवगत कराया गया कि प्रदेश के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत परिषदीय अनुदेशक विगत लगभग 14 वर्षों से शिक्षा व्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं। सीमित मानदेय एवं विभिन्न आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद अनुदेशक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के 4 फरवरी 2026 के आदेश के अनुपालन के संदर्भ में अनुदेशकों के बकाया एरियर भुगतान तथा सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई गई।

महामाया पालीटेक्निक में रोजगार मेला २८ को

चंदौली। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 28 अक्टूबर को रोजगार मेले का आयोजन महामाया पॉलीटेक्निक ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी धानापुर में प्रस्तावित है। रोजगार मेले में ऑनलाइन तथा आफलाइन दोनों तरह से बेरोजगार अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी को सर्वप्रथम सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन कराना होगा। पंजीयन उपरान्त पोर्टल पर ही उन्हें मेले सम्बन्धित सूचना प्रदर्शित होगी तदोपरान्त इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु आवेदन कर सकते हैं। लगभग 30 से अधिक नियोजकों द्वारा प्रतिभाग कर प्रतिभागी बेरोजगार अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर जॉब ऑफर किया जायेगा। साथ ही अनुरोध है कि मेले में भाग लेने वाले समस्त अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षिक मूल अंकपत्र, प्रमाणपत्र, बायोडाटा व चार पासपोर्ट साइज फोटो सहित प्रात: 10 बजे आयोजन स्थल पर पहुँचना सुनिश्चित करेंगे। इस हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

मतदान केंद्र का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

चकिया। एमएलसी चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर गुरुवार को तहसीलदार देवेंद्र कुमार यादव और खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार राय ने ब्लॉक परिसर में बनाए गए मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया और चुनाव से संबंधित तैयारियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र पर आवश्यक सुविधाओं, व्यवस्थाओं और अन्य जरूरी इंतजामों का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित तैयारियों पर ध्यान दिया। एमएलसी चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

एमएलसी चुनाव की तैयारियों को परखने पहुंचे तहसीलदार

इलिया। स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में तहसीलदार देवेंद्र यादव ने शहाबगंज स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। उन्होंने मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेने के साथ ही पोलिंग पार्टी के लिए की गई तैयारियों का भी बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने मतदान कर्मियों की सुविधा, मतदान केंद्र की व्यवस्था तथा मतदान प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि मतदान के दौरान कर्मचारियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और पूरी प्रक्रिया निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न हो। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय शहाबगंज में स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए दो मतदान बूथ बनाए गए हैं, जबकि शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए एक बूथ निर्धारित किया गया है। इस प्रकार दोनों चुनावों के लिए कुल तीन बूथों पर मतदान कराया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार हैं। ऐसे में मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता और मतदान कर्मियों की सहजता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

एयर-शो देखने उमड़ी भीड़, सुरक्षा व्यवस्था रही चौकस

पड़ाव। डोमरी घाट पर गुरुवार को आयोजित एयर शो के पहले दिन विमानों का रोमांचक प्रदर्शन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। एयर शो को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पड़ाव चौराहे से राजघाट पुल पर सुबह 11 बजे से पैदल आवागमन रोक दिया गया। एयर शो समाप्त होने तक पुल पूरी तरह बंद रहा। दोपहर करीब दो बजे कार्यक्रम खत्म होने के बाद लोगों की आवाजाही फिर शुरू हुई। इस दौरान पड़ाव चौराहे पर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आए। एयर शो का आयोजन 22, 24 और 25 अक्टूबर को निर्धारित है। कार्यक्रम में राफेलए सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, मिराज-2000, जगुआर और स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस सहित भारतीय वायु सेना के विभिन्न विमानों के प्रदर्शन की जानकारी दी गई है। इसके अलावा सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के हवाई करतब भी प्रमुख आकर्षणों में शामिल हैं। परिवहन विमानों और अन्य हेलीकॉप्टरों के प्रदर्शन से भी दर्शकों को वायु सेना की क्षमता देखने का अवसर मिलेगा। पहले दिन डोमरी घाट पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रशासन की मुस्तैदी के बीच एयर शो संपन्न हुआ।



दो करोड़ की अवैध शराब बरामद, दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

चहनियां। अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बुधवार को बलुआ पुल के पास बलुआ थाना पुलिस और स्वाट/सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में एक ट्रक से करीब दो करोड़ रुपये कीमत की 1200 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को कब्जे में ले लिया। सीओ सकलडीहा कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। ट्रक में लकड़ी के बुरादे से भरी प्लास्टिक की बोरियों के नीचे शराब छिपाकर रखी गई थी। तलाशी में ओल्ड हैबिट ब्रांड की कुल 11,408.76 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लताश 34 वर्ष निवासी हिमाचल प्रदेश और वीरेंद्र 35 वर्ष निवासी मोहाली, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे हरियाणा से शराब लेकर बिहार जा रहे थे। शराब को ऊंचे दामों पर बेचने की योजना थी और इसके बदले उन्हें एक लाख रुपये मिलने थे। बरामद शराब में 750 एमएल की 195, 375 एमएल की 296 और 180 एमएल की 809 पेटियां शामिल हैं। पुलिस ने मोबाइल फोनए 3ए700 रुपये नकद और अन्य सामान भी बरामद किया है। कार्रवाई में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनंत कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक अमित सिंह और जमीलुद्दीन खान सहित बलुआ पुलिस टीम शामिल रही।

कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम-खम

कमालपुर। कस्बे में इमामबाड़ा के पास दयाराम यादव प्रधान के नेतृत्व में विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में क्षेत्रीय, जनपदीय और राज्य स्तरीय नामी-गिरामी पहलवानों ने हिस्सा लेकर अपने दमखम और शानदार दांव-पेच का प्रदर्शन किया। पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने के लिए बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी जुटे रहे। पूरे आयोजन के दौरान अखाड़े में उत्साह का माहौल बना रहा। दंगल प्रतियोगिता में 8 हजार की कुश्ती में शिवम मऊ व अविनाश वाराणसी, चंदन दिया धानापुर व सुजीत मऊ, 10 की कुश्ती में चंदन महाराजपुर व रवि सरवा माड़, बघेल नौबपुरा व चंद्रकेश मऊ के बीच बराबरी पर रहा। जबकि सूरज कछवा ने सोनू सिगरा को, अंकुर सरैया ने ओम मऊ को, राकेश आजमगढ़ ने पवन वाराणसी को, जंगबहादुर देवरिया ने महेंद्र जौनपुर को पटकनी दिया। दंगल का मुख्य आकर्षण महराजपुर के शमशेर पहलवान और सदानंद पहलवान के बीच 25 हजार रुपये की इनामी कुश्ती रही। दोनों पहलवानों ने एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए खूब जोर आजमाइश की। मुकाबले में दोनों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन काफी देर तक चले संघर्ष के बाद भी कोई पहलवान निर्णायक बढ़त हासिल नहीं कर सका। अंतत: यह रोमांचक मुकाबला बराबरी पर छूटा। दंगल में कमेटी के अलावा भारी संख्या में लोग इकट्ठा रहे।



शिक्षक, स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारी पूरी

सकलडीहा। शुक्रवार को सकलडीहा तहसील अर्न्तगत तीनों ब्लॉक में स्नातक और शिक्षक एमएलसी का चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टी चुनावी तैयारी में जुट गई है। चुनाव को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये है। स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर अलग अलग बूथ बनाये गये है। सुबह 8 बजे से चार बजे तक मतदान होगा। इसको लेकर कुल 11814 स्नातक और 1295 शिक्षक मतदाता 10 शिक्षक एमएलसी और 24 स्नातक एमएलसी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। सकलडीहा विकास खण्ड में 3713 स्नातक और 409 शिक्षक मतदाता है। चहनियां में 4033 स्नातक और 500 शिक्षक मतदाता है। धानापुर में 4068 स्नातक और 386 शिक्षक मतदाता हैं। मतदान स्थल से 200 मीटर के अंदर में लगाये गये पोस्टर और बैनर को हटाया गया। इसके साथ ही चुनाव को लेकर बैरियर की व्यवस्था किया गया है।

प्रभु श्रीराम, भरत मिलन पर छलके नैन

चहनियां। अघोराचार्य बाबा कीनाराम जन्मस्थली तपोस्थली धाम स्थित रामगढ़ में चल रही रामलीला के बारहवें दिन बुधवार की रात को बाबा कीनाराम मठ परिसर में प्रभु श्री राम की प्रतीक्षा में पलक बिछाये जनसमूह भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम लंकाधिपति रावण का वध करने के बाद पुष्पक विमान से पत्नी सीता अनुज लक्ष्मण संग प्रभु श्री राम अयोध्या में जैसे ही प्रभु श्री राम उतरे तो भरत उनके चरणों पर गिर पड़े । श्री राम ने उसको उठाकर गले लिया । उसने बाद दोनों भाइयों की आंखों में आसूं छलक उठे। जैसे ही चारों भाइयों का मिलन हुआ और जय श्री राम हर-हर महादेव के उद्घोष से पुरा परिक्षेत्र गुज उठा गुरु वशिष्ठ अन्य मुनियों के साथ अपनी ओर आते देखा तो उन्होंने धनुष बाण धरा पर रखकर लक्ष्मण जी के साथ गुरु जी का चरण वंदन किया। गुरु जी ने भी दोनों भाइयों को उठाकर हृदय से लगा लिया और आशीर्वाद देते हुए कुशलक्षेम पूछा तो श्री राम ने कहा कि जिस पर आपकी दया होगी, वह तो सदैव कुशल ही रहेगा। सभी मुनियों और ब्राह्मणों से मिलकर मस्तक नवाने के बाद वे भरत जी की ओर मुड़े तो भरत जी उनके पैरों पर लेट गए और उठाने के बाद भी नहीं उठे। श्री राम ने उन्हें जबरन उठाकर हृदय से लगाया तो सांवले रंग के श्री राम का रोम-रोम पुलकित हो उठा। नए कमल के समान नेत्रों से ऐसी अश्रुधारा बहते ही मौजूद अयोध्या नगर वासी भावुक हो गये। और श्रद्धा भाव से फूलों का बरसात करने लगे। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ. हरिश्चंद्र सिंह, धनंजय सिंह, छत्रवली सिंह के प्रतिनिधि सोनू सिंह, राकेश सिंह, राधेश्याम पांडेय, एडवोकेट समित सिंह, प्रभुनाथ पांडेय, अकरम अली, श्यामलाल सिंह ,नागेंद्र सिंह, शिवदत्त पांडेय, मुकेश साहनी, नन्दु गुप्ता, रविंद्र सिंह, अर्पित पांडेय सहित समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।



अजहा ग्राम पंचायत में लगा बृहद वित्तीय समावेशन शिविर

चंदौली। भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में चलाए जा रहे जनसुरक्षा संतृप्तीकरण अभियान (21 से 31 दिसंबर 2026) के तत्वावधान में क्षेत्र की ग्राम पंचायत अजहा में एक दिवसीय बृहद वित्तीय समावेशन शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन-कल्याणकारी एवं वित्तीय सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, आपकी पूंजी आपका अधिकार किसान क्रेडिट कार्ड तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभों से अवगत कराया और मौके पर ही पात्र लोगों के आवेदन भी दर्ज किए। इस विशेष जागरूकता व नामांकन शिविर में वित्तीय क्षेत्र के कई उच्च अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक से अग्रणी जिला अधिकारी,नाबार्ड से जिला विकास प्रबंधक चंदौली जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बबुरी शाखा के शाखा प्रबंधक तथा आरसेटी के निदेशक विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की इन महत्वाकांक्षी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय सुरक्षा और बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे मात्र नाममात्र के प्रीमियम पर मिलने वाली बीमा व पेंशन योजनाओं से जुड़कर अपना और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करें।

दो साल से मनरेगा के पक्के कार्यों का भुगतान लंबित

चकिया। मनरेगा के तहत कराए गए पक्के कार्यों का भुगतान दो वर्षों से लंबित होने से ग्राम प्रधानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। भुगतान नहीं होने से आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे प्रधानों ने गुरुवार को चकिया विकासखंड मुख्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामलाल यादव के नेतृत्व में प्रधानों ने अपनी मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार राय को ज्ञापन सौंपा। धरने पर बैठे प्रधानों ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत गांवों में पक्के कार्य कराए जाने के बावजूद करीब दो वर्षों से भुगतान नहीं किया गया है। इससे प्रधानों पर आर्थिक दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। निर्माण कार्यों में इस्तेमाल की गई सरिया, सीमेंट, बालू और गिट्टी के दुकानदारों का भुगतान नहीं होने से प्रधानों को लगातार तकादा झेलना पड़ रहा है। स्थिति यह हो गई है कि दुकानदारों की देनदारी चुकाना प्रधानों के लिए मुश्किल हो गया है। प्रधानों ने कहा कि गांवों में विकास कार्य कराने के लिए निर्माण सामग्री उधार लेकर काम पूरा कराया गया, लेकिन समय से भुगतान नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से प्रधानों में नाराजगी है। प्रधानों ने संबंधित अधिकारियों से लंबित भुगतान शीघ्र जारी कराने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो वे जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष रामलाल यादव, आशुतोष जायसवाल, जितेंद्र राय, संजय पासवान, पारसनाथ यादव, नरेंद्र कुमार, सीपी उपाध्याय, संजू पटेल, राकेश गुप्ता पप्पू यादव, सहित तमाम प्रधान मौजूद रहे।



बाइकों की टक्कर में दो की मौत

सिकरारा। मछलीशहर-मड़ियाहूं मार्ग पर अरुआवा पुलिस बूथ के पास बुधवार की देर रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में धरम कुमार सरोज (19) समेत दो युवकों की मौत हो गई। होनहार खिलाड़ी धरम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। क्षेत्र के लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं। सिकरारा थाना क्षेत्र के लाजीपार गांव निवासी धरम सरोज पुत्र साहब लाल सरोज परिजनों के अनुसार, 21 अक्टूबर की रात धरम अपनी नई पल्सर मोटरसाइकिल से अपने साथी सूरज सरोज और अमित कुमार गौतम के साथ भरत मिलाप देखने मछलीशहर की ओर जा रहे थे। बुधवार देर रात करीब 12ः10 बजे अरुआवा पुलिस बूथ के पास विपरीत दिशा से आ रही टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर शिवम उर्फ गोलू (18), निवासी तुलापुर बहादुरान, जनपद भदोही, के साथ अजय चौहान और विशाल गौतम सवार थे। हादसे में धरम सरोज और शिवम उर्फ



गोलू गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। दोनों के शव जिला चिकित्सालय जौनपुर में रखे गए। धरम के पिता साहब लाल सरोज ने सिकरारा थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि दूसरी बाइक का चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। धरम की माता का नाम आशा देवी है। उनकी बहनों में बड़ी बहन रंजन की शादी हो चुकी है, जबकि छोटी बहनों के नाम पूजा और प्रीति हैं। परिवार के होनहार बेटे की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस बेटे से परिवार को भविष्य में बड़ी उम्मीदें थीं, उसके निधन से घर में मातम पसरा हुआ है।

नवदंपति ने एक साथ लगायी फांसी

खेतासराय। स्थानीय थाना क्षेत्र के मनेछा गांव में बुधवार शाम एक नवविवाहित जोड़े ने एक ही फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, सजावट का काम करने वाले 22 वर्षीय उपदेश ने करीब डेढ़ वर्ष पूर्व खुटहन क्षेत्र की पूजा बिंद से प्रेम-विवाह किया था। बुधवार शाम दोनों मूर्ति विसर्जन से लौटे और भोजन तैयार करने के बाद कमरे में चले गए। काफी देर तक बाहर न निकलने पर जब मां सीता देवी ने खिड़की से देखा, तो दोनों टिनशेड की पाइप से दुपट्टे के सहारे लटके मिले। चीख-पुकार सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद से परिवार और पूरे गांव में शोक का माहौल है।

शराब बेचते दो अभियुक्त गिरफ्तार, बिक्री के २३९७० रुपया बरामद

बक्शा। पुलिस ने बंदी के दिन अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। अभियुक्तों के पास से देशी, विदेशी एवं बियर शराब के अलावा बिक्री के रुपयों को कब्जे में लेते हुए विधिक कार्यवाही की है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार की रात्रि गस्त के दौरान रात्रि 8 बजे जरिये मुखबिर सूचना मिली की बन्धवारे शराब की दुकान से लेकर मई सरकारी दुकान तक बंदी के दिन अवैध रूप से महंगे दामों पर शराब बेची जा रही है। हमराहियों के साथ मई शराब की दुकान के पास पहुँचा तो शराब की दुकान के ऊपर बनी छत की दीवार की आड़ का फायदा उठाकर सीढ़ी के रास्ते ऊंचे दामों पर शराब बेची जा रही थी। अचानक हुई पुलिस की घेराबंदी देख मौके पर भगदड़ मच गई। मौके से सेल्समैन मंगरेशर गांव निवासी गुलाबचंद मौर्या एवं मकान मालिक दरियावगंज गांव निवासी मनीष यादव को देशी एवं विदेशी मदिरा के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्तों के पास से बिक्री के 23970 रुपया नगद व 30 शीशी देशी मिर्च मशाला, अंग्रेजी एवं वियर की 54 शीशी बरामद की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके का फायदा उठाकर एक अभियुक्त संजय यादव पेटी लेकर भागने में सफल रहा। गुरुवार सुबह आवश्यक लिखापढ़ी कर चालान न्यायालय भेज दिया गया।

परेशान पिता ने बेटे को संपत्ति से किया बेदखल:- बरसठी। थाना क्षेत्र के पपरावन गांव निवासी राधेश्याम मौर्य ने अपने तीसरे बेटे हरि शरणम् मौर्य को चल-अचल संपत्ति और परिवार से बेदखल करने की घोषणा की है। 21 अक्टूबर 2026 को मुख्यमंत्री को संबोधित प्रार्थना पत्र में पिता ने बेटे के कथित गलत गतिविधियों व अपने आर्थिक तंगी से परेशान होकर परिवार की प्रतिष्ठा बचाने के लिए यह कदम उठाने की बात कही है।

एक नज़र इधर भी

महिला, दो भाइयों समेत तीन गिरफ्तार, दो नाबालिग हिरासत में

खेतासराय। थाना क्षेत्र स्थित रानीमऊ गांव में 20 अक्टूबर को जमीन विवाद के चलते हुई, मोहम्मद अकरम की हत्या के मामले में खेतासराय पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मृतक की पत्नी नरगिस की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गुरुवार सुबह खुटहन के सेठुआपारा गांव में दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने फरहान, उसके भाई रेहान और हुस्नआरा को गिरफ्तार कर लिया, जबकि घटना में शामिल दो बाल अपचारियों को भी अभिरक्षा में लिया गया। मुख्य आरोपी फरहान की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई लाठी भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को विधिक प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय भेज दिया है और नाबालिगों पर किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

विधवा को मिला दो लाख का बीमा क्लेम

नेवढ़िया। आरोह फाउंडेशन के प्रयास से एक जरूरतमंद परिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बड़ी राहत मिली है। जगदीशपुर,



जमालपुर, मड़ियाहूं निवासी स्व. जिलाजीत गौतम की पत्नी के खाते में 2 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा क्लेम राशि आई है। जानकारी के अनुसार पति की दुर्घटना में मौत के बाद परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। उन्हें बीमा योजना की जानकारी नहीं थी। मामला आरोह फाउंडेशन के सीएफएल जलालपुर केंद्र के पास पहुंचा। टीम ने कागजात तैयार कर 21 जुलाई 2026 को बीमा क्लेम की प्रक्रिया पूरी कराई। निरंतर फॉलोअप के बाद 13 अक्टूबर 2026 को लाभार्थी के खाते में 2 लाख रुपये जमा हो गए। फाउंडेशन ने बताया कि 20 रुपये सालाना प्रीमियम वाली यह योजना गरीब परिवारों के लिए संबल है। जानकारी के अभाव में कई पात्र लाभ से वंचित रह जाते हैं। संस्था ने कहा कि भविष्य में भी जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम जारी रहेगा। इस सफलता से गांव में बीमा योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

मधुमक्खियों के काटने से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

मुंगराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के गोधुआ गांव में गुरुवार को मधुमक्खियों के काटने से गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गोधुवा गांव निवासी हरिओम सरोज (32) पुत्र महादेव सरोज गुरुवार को फल की दुकान पर फल लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों ने उन्हें काटना शुरू कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से हरिओम दर्द से चिल्लाने लगे। सूचना पर पहुंचे आस-पास के लोगों ने धुंआ कर मधुमक्खियों को भगाया। मधुमक्खियों के काटने से हरिओम बुरी तरह घायल हो गया था। उसकी हालत बिगड़ती देख परिजन आनन-फानन में उसे एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। हरिओम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में भी घटना को लेकर शोक का माहौल है।

स्टेशन अधीक्षक ने रेल संवाद के जरिये यात्रियों से जानी समस्याएं

बक्शा। रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार यादव ने यात्रियों से रेल जन संवाद कार्यक्रम के तहत स्टेशन पर होने वाली असुविधाओं की जानकारी ली। स्वच्छ रेल स्वच्छ जल के तहत लखनऊ डिवीजन के निर्देश पर रेल यात्रियों को होने वाली परेशानियों की जानकारी ली गयी। स्टेशन परिसर में ही आयोजित कार्यक्रम में गोपालापुर गांव निवासी रेल यात्री गौरव प्रताप सिंह ने स्टेशन से सम्पर्क मार्ग तक सुगम रास्ता न होने एवं चार पहिया वाहन आने जाने की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने वाराणसी से सुल्तानपुर जाने वाली सुबह की पैसेंजर ट्रेन बंद होने से होने वाली असुविधा की जानकारी दी। स्टेशन परिसर में वॉशरूम में पानी न होने एवं कैंटीन की समस्या से अवगत कराया। बख्शा गांव निवासी कुलदीप मौर्या ने स्टेशन परिसर में रात में पर्याप्त लाइट की कमी बताई। उन्होंने स्टेशन परिसर में साफ-सफाई होने के बाद भी शौचालय में पानी न होने की प्रमुख समस्या बताया। स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार ने यात्रियों की समस्याओं को बिंदुवार जानकारी एकत्र कर उच्चाधिकारियो को अवगत कराने की बात कही।

खंड विकास अधिकारी के पिता के निधन पर ब्लाक मुख्यालय में शोकसभा

सुइथाकला। खंड विकास अधिकारी सुइथाकलां जितेन्द्र सिंह के पिता देवीबख्स सिंह (85) का गुरुवार सुबह लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह प्रतापगढ़ जनपद के लालगंज क्षेत्र स्थित अर्जुनपुर गांव के निवासी थे। अस्वस्थ होने के कारण उनका लखनऊ में उपचार चल रहा था। उनके निधन पर गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय स्थित खंड विकास कार्यालय परिसर



में प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चंद्र तिवारी के नेतृत्व में शोकसभा आयोजित की गई। इसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। शोकसभा में एडीओ आईएसबी ब्रह्मानंद यादव, एडीओ एजी शिवम गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी सोनल, जितेन्द्र शाह, विनोद नेहरा, सत्यम दयाल, तकनीकी सहायक रविन्द्र कुमार, रमेश शर्मा, शिवगोविन्द, सुनील यादव, तनवीर हसन, फूलचंद यादव, दीवान सहित ब्लॉक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

लाइट बनाते समय गिरकर लाइनमैन हुआ घायल

जफराबाद। स्थानीय कस्बे के सीढ़ी घाट के पास स्ट्रीट लाइट ठीक करते समय गिरकर एक 40 वर्षीय लाइनमैन घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला मुख्यालय के एक नर्सिंग होम ले जाया गया है। नगर पंचायत में बतौर लाइनमैन का काम करने वाले सेराज अंसारी अपने साथियों एवं विद्युत पोल पर लाइट ठीक करने वाली क्रेन के साथ सीढ़ी घाट पर पहुँचकर वहां खराब एक स्ट्रीट लाइट को ठीक कर रहा था कि अचानक अज्ञात कारणों से क्रेन से नीचे गिर गया। उन्होंने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. सरफराज खान उसे उपचार के लिये लिवा गए। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

धूमधाम से मना सिपाह मानिक चौक का ऐतिहासिक दशहरा, भरत मिलाप

राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया शुभारंभ, भगवान राम और भरत का मिलन देख भावुक हुए श्रद्धालु

जौनपुर। नगर के मानिक चौक सिपाह में श्री रामलीला व भरत मिलाप समिति सिपाह के तत्वावधान में ऐतिहासिक दशहरा और भरत मिलाप का आयोजन धूमधाम से किया गया। धार्मिक उत्साह और भक्ति के माहौल में आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव ने भगवान श्रीराम दरबार के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन आज भी प्रासंगिक है। उनके आदर्श, मर्यादा और जीवन मूल्य समाज को सही दिशा दिखाते हैं। रावण दहन होते ही पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की जय-जयकार कर विजयादशमी के पर्व की खुशियां मनाईं। रावण दहन के बाद भरत मिलाप का मुख्य आयोजन हुआ। मानिक चौक में विराजमान भरत और शत्रुघ्न की झांकी सिपाह चौराहे पर पहुंची, जहां भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी विराजमान थे। भगवान श्रीराम ने जैसे ही अपने अनुज भरत को देखा, उन्हें गले लगा लिया। दोनों भाइयों के मिलन का यह भावुक दृश्य देखकर वहां मौजूद श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। इस दौरान लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भरत मिलाप के पश्चात मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भगवान श्रीराम, माता सीता और पूरे रामदरबार की आरती उतारी तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सिपाह चौराहे से शुरू होकर मंच के सामने से गुजरी और फिर मानिक चौक की ओर रवाना हुई, जहां इसका समापन हुआ। शोभायात्रा में शामिल विभिन्न



धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। सजीव प्रस्तुतियों और मनमोहक सजावट को देखने के लिए लोग काफी देर तक खड़े रहे। देर रात तक चले कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और दर्शकों की भीड़ जुटी रही। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक उल्लास और उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के संयोजक मनीष श्रीवास्तव (बच्चा) और मनीष श्रीवास्तव (रिंकू) ने मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

रेलवे फाटक पर फंसी बस, ट्रेन आती देख यात्रियों ने कूदकर बचायी जान

मुंगराबादशाहपुर। रेलवे स्टेशन के पास बुधवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रेलवे फाटक बंद होने के दौरान सवारियों से भरी बस एवं अन्य वाहन रेलवे फाटक पार करने के चक्कर में रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। ट्रेन को आते देख बस में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई तथा किसी अनहोनी की आशंका से बस से उतर कर अपनी जान बचाई। फिलहाल गेटमैन की सतर्कता से बडी दुर्घटना टल गई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार शाम लगभग साढ़े छह बजे जौनपुर से रायबरेली जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन बादशाहपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। ट्रेन के रवाना होने के लिए गेटमैन रेलवे फाटक बंद करने लगा इसी दौरान प्रयागराज की ओर से आ रही रोडवेज बस और एक ट्रक रेलवे फाटक बन्द होने को नजरंदाज करते हुए अन्दर घुस रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। तभी ट्रेन रवाना होने के लिए हार्न बजाया। वाहनों के रेलवे ट्रैक पर होने के कारण गेटमैन रेलवे फाटक बंद करना छोड़ स्टेशन मास्टर को सूचना दी। रेलवे ट्रैक पर बस फंसा देख बस में बैठे यात्रियों में हड़कंप मच गया तथा ट्रेन के नजदीक आने की आशंका से दहशत में आये यात्रियों ने बस से उतर कर अपनी जान बचाई। गेटमैन की सूचना पर सतर्कता बरतते हुए ट्रेन को स्टेशन पर ही रोक दिया गया। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक राम बली राम ने बताया कि रेलवे फाटक बंद नहीं हो पाने की सूचना मिलते ही ट्रेन को रोक दिया गया था। उन्होंने कहा कि बगैर फाटक बंद हुए ट्रेन को आगे बढ़ाया ही नहीं जाता। यात्री केवल दहशत में बस से उतर गए थे।

कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ जौनपुर में श्रीमद्भागवत कथा का धार्मिक उत्सव

जौनपुर। गहना कोठी परिवार की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व गुरुवार को नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा, आस्था और भक्ति से सराबोर कलश यात्रा ने नगर के वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा सद्भावना पुल स्थित नौ दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर ओलंदगंज, शाही पुल, कोतवाली चौराहा और अटाला मस्जिद के सामने से होते हुए राजा की हवेली के निकट स्थित विवाह मैरेज हॉल पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने धार्मिक उत्साह के साथ स्वागत किया। गहना कोठी परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ 23 अक्टूबर से होगा और 29 अक्टूबर तक कथा की अमृतधारा प्रवाहित होगी। सात दिनों तक श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति, धर्म, अध्यात्म एवं सदाचार से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों का श्रवण करेंगे। आयोजन के अंतिम दिन कथा समापन के बाद प्रसाद वितरण एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



आयोजन की जानकारी देते हुए विनीत कुमार सेठ ने बताया कि गहना कोठी परिवार द्वारा यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सद्भाव की भावना से किया जा रहा है। परिवार की ओर से सभी धर्मों के प्रति सम्मान और आपसी सौहार्द का संदेश देते हुए नगरवासियों एवं धर्मप्रेमियों से कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। सात दिनों तक चलने वाला यह धार्मिक आयोजन जौनपुरवासियों को श्रीकृष्ण भक्ति, अध्यात्म और संस्कारों से जोड़ने का माध्यम बनेगा।

पीयू के वाइसचांसलर ने मतदाताओं से की मतदान की अपील

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने आगामी राज्य विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन को लेकर मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को राज्य विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए मतदान आयोजित होना है। इस निर्वाचन में स्नातक एवं शिक्षक स्नातक के वैध (बोनाफाइड) मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाना है। कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने सभी पात्र मतदाताओं से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को सशक्त एवं मजबूत बनाएं।

जब जब धरती पर पापाचार, अत्याचार बढ़ा तब तक भगवान अवतरित हुए-शांतनु जी महाराज

रामकथा के दूसरे दिन श्रीराम जन्मोत्सव ने भक्तों को किया भावविभोर

जौनपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह की अगुवाई में सेवा भारती के



नेतृत्व में नगर के बीआरपी इंटर कॉलेज परिसर में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन आचार्य शांतनु जी महाराज ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव सहित कई धार्मिक प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान शिव-पार्वती संवाद, भक्त के प्रति भगवान के प्रेम, निर्गुण-सगुण स्वरूप और धरती पर अधर्म बढ़ने पर भगवान के अवतार लेने के प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, विश्वास और भक्ति का संदेश दिया। श्रीराम जन्मोत्सव के प्रसंग ने कथा स्थल को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालु जयकारों के साथ भक्ति में लीन हो गए। आचार्य शांतनु जी महाराज ने भगवान शिव और माता पार्वती के संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती जगत के माता-पिता हैं। भगवान शंकर कैलाश में वटवृक्ष की शीतल छाया में विराजमान थे। यह वटवृक्ष विश्वास का प्रतीक है। विश्वास ही मनुष्य को उसके जीवन में फल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की सुंदरता केवल उनके स्वरूप में ही नहीं, बल्कि उनकी सहजता, शांति और सरलता में भी दिखाई देती है। उन्होंने माता पार्वती के प्रसंग के माध्यम से समझाया कि किसी भी विषय को समझने के लिए विश्वास और धैर्य आवश्यक हैं। माता पार्वती ने भगवान शिव से प्रश्न किया कि भगवान श्रीराम ब्रह्म हैं या कोई अन्य। भगवान शिव ने बताया कि राजा दशरथ के पुत्र श्रीराम ही परम ब्रह्म हैं। भगवान श्रीराम की कथा गंगा के समान पवित्र है, जो मनुष्य को आध्यात्मिक शांति प्रदान करने के साथ पूर्वजों के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त करती है। आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि निर्गुण और सगुण में कोई अंतर नहीं है। भक्त जिस भाव से भगवान को पुकारता है, भगवान उसी भाव और स्वरूप में उसे दर्शन देते हैं। भगवान अपने भक्तों के प्रेम के भूखे होते हैं और सच्ची भक्ति के सामने स्वयं को भी भक्त के प्रेम के अधीन कर देते हैं। व्यवहार में भी दिखाई देता है। सहज और सरल स्वभाव जीवन को सुखमय बनाता है। उन्होंने भगवान शिव के स्वरूप का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान शंकर सहज, शांत और सुंदर हैं। मनुष्य को भी अपने जीवन में इन्हीं गुणों को अपनाना चाहिए। क्रोध, अहंकार और संशय से दूर रहकर प्रेम, विश्वास और सद्भाव के साथ जीवन जीना ही सच्ची आध्यात्मिकता है। श्रीराम जन्मोत्सव के प्रसंग के वर्णन के दौरान कथा स्थल पर श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बन गया। भगवान श्रीराम के प्राकट्य का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। परिसर में भगवान श्रीराम के जयकारे गूंजने लगे और भक्तों ने भक्ति भाव के साथ जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। श्रद्धालुओं के चेहरों पर उत्साह और उल्लास दिखाई दिया। पूरा वातावरण राममय हो गया और भक्तों ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

खेत जोतने के विवाद में मारपीट, तीन पर मुकदमा

जंघई। क्षेत्र के रामपुर खुर्द गांव में खेत जोतने को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पंकज कुमार की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 18 अक्टूबर की सुबह करीब 8 बजे खेत जोतने के दौरान विवाद हुआ।

आरोप है कि लवगोपाल यादव, नीलम और विपिन कुमार ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इसमें शिकायतकर्ता को चोटें आईं। शोर सुनकर स्वजन बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपितों ने दोबारा खेत जोतने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

आशीष मिश्र बने केराकत उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष

नितेश कसौधन महामंत्री और विनोद जायसवाल कोषाध्यक्ष मनोनीत

केराकत। जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रभान सिंह 'इंदु' ने केराकत नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का पुनर्गठन करते हुए प्रख्यात व्यवसायी आशीष मिश्र को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। वहीं नितेश कसौधन को महामंत्री तथा विनोद जायसवाल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के पुनर्गठन के बाद जिला अध्यक्ष इंद्रभान सिंह 'इंदु' ने नवनियुक्त नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष आशीष मिश्र को एक सप्ताह के भीतर नगर कार्यसमिति का गठन कर उसकी



सूची प्रेषित करने का निर्देश दिया है। आशीष मिश्र के नगर अध्यक्ष मनोनीत होने पर स्थानीय व्यापारियों में हर्ष का माहौल है।

व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि नए नेतृत्व में संगठन व्यापारियों की समस्याओं को उठाने और उनके हितों के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेगा।

नवनियुक्त नगर अध्यक्ष आशीष मिश्र ने कहा कि व्यापरियों के मान सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा की जायेगी तथा उनके हितों को सर्वोपर मानते हुए कार्य करते रहूंगा।

पीयू : विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म ३० तक भरे जाएंगे

३१ अक्तूबर तक शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर व संबद्ध महाविद्यालयों में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर सत्र 2026-27 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि संस्थागत व कैरी फॉरवर्ड छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन विषयों के चयन एवं सत्यापन की तिथि 26 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं परीक्षा फॉर्म भरने व सत्यापन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तथा ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 तय की गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि स्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर तथा परास्नातक सातवें व नौवें सेमेस्टर संस्थागत, साथ ही स्नातक प्रथम व परास्नातक सातवें सेमेस्टर कैरी फॉरवर्ड के फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जाएंगे। इसके अतिरिक्त स्नातक पंचम सेमेस्टर संस्थागत व कैरी तथा छूटे हुए सेमेस्टर के फॉर्म पूर्व की भांति विश्वविद्यालय पोर्टल से भरे जाने हैं। परिणाम संबंधी प्रकरणों के निस्तारण हेतु support@vbspu.ac.in पर ईमेल भेजा जा सकता है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों व प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराएं, जिससे मुख्य परीक्षाएं समय पर आयोजित कराई जा सकें।

भाइयों का हुआ मिलन, भरत मिलाप मेला संपन्न

मछलीशहर। नगर का ऐतिहासिक भरत मिलाप का मेला धूम धाम से मनाया गया। भाइयो के मिलन का दृश्य देख लोग भाव विभोर हो गए और जय श्रीराम का उद्घोष करने लगे। भाइयो के मिलन के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, जगत जननी माता सीता सहित चारों भाइयो की आरती उतारी गई। नगर में आदर्श रामलीला समिति द्वारा सन 1913 से रामलीला का मंचन किया जाता है। दशमी के दिन रावण का पुतला दहन करने के बाद एकादशी को नगर में भव्य ऐतिहासिक भरत मिलाप का आयोजन किया जाता है। नगर के बीचों बीच सराय मोहल्ले में बने मंच पर चारों भाइयों का मिलन संपन्न हुआ। भरत मिलाप के दौरान पूरे नगर को दुल्हन की भांति सजाया गया था। वही नगर में निकलने वाली आकर्षक चौकियों पर कलाकार अपनी अभिनय प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया। नगर के सराय, मंगल बाजार, जंघई तिराहा, चूँगी चौराहा, सुजानगंज चौराहा, बरईपार चौराहा, रोडवेज पर स्टेज बनाकर भरत मिलाप के कलाकारों को पुरस्कार व सम्मान किया गया। जहां पर चारो भाइयों के मिलने के बाद एक दूसरे को गले लगाते देख भक्त भाव विभोर हो गए और लोगो के आखो से आंसू झलक उठे। पहले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम एंव जगत जननी माता सीता संग चारो भाइयो की आरती उतारी गई। मेले में महासमिति के अध्यक्ष शिशिर कुमार गुप्ता, राकेश जायसवाल, राजेश अग्रहरि, अनि सेठ, राजेश अग्रहरि, डॉ. आर बी चौहान, राजेश उमर वैश्य संतोष कुमार जायसवाल, प्रमीत गुप्ता संतोष गुप्ता, राज कुमार पटवा, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से रक्षेत्राधिकारी परमानंद कुशवाहा और प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह मेले में मुस्तैद रहे।

पुरातन छात्र की स्मृति में सभागार निर्माण के लिए भूमि-पूजन

मछलीशहर। होरिलराव इंटर कॉलेज कुंवरपुर में पूर्व छात्र स्व. राजमणि त्रिगुनायत (पूर्व आईएएस) की स्मृति में सभागार निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। महापुर बामी निवासी स्व. त्रिगुनायत के भाई शेषमणि त्रिगुनायत, पूर्व प्रधान ने प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षकों व कर्मचारियों की मौजूदगी में पूजन किया। प्रबंधक आर.पी. सिंह और प्रधानाचार्य रवींद्रनाथ शर्मा ने परिजनों का आभार जताया और सहयोग का आश्वासन दिया। सभागार बनने की खबर से शिक्षकों और छात्रों में खुशी है।

श्री सनातन धर्म संस्कृत पाठशाला, जलालपुर, जौनपुर चुनाव कार्यक्रम

दिनांक- 26 अक्टूबर 2026, दिन-सोमवार।
स्थान- श्री गीता साहित्य कुटीर, कुटीर चक्के, जौनपुर।
चुनाव अधिकारी- श्री श्रीभूषण मिश्र
नामांकन- प्रात 9:00 बजे से प्रात: 10:30 बजे तक।
नामांकन पत्र की जाँच-प्रात: 10:30 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक।
नाम वापसी- पूर्वाह्न 11:30 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक।
निर्वाचन मतदान-मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक।
तदुपरान्त मतगणना एवं चुनाव परिणाम की घोषणा।
तत्पश्चात चुनाव परिणाम अनुमोदन हेतु महासभा/साधारण सभा की बैठक।

कृष्ण प्रताप दुबे
मंत्री/प्रबंधक

डॉ. अजयेन्द्र कुमार दुबे
सभापति/अध्यक्ष

एमएलसी चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना, डीएम ने परखी तैयारियां

आज होगा मतदान, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज महुवरिया से पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने रवानगी स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और मतदान कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान कार्मिक समय से अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएं। पोलिंग पार्टियों को मतपत्र, मतपेटी, आवश्यक प्रपत्र और अन्य निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराई गई। उनके साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट और सुरक्षा कर्मियों की भी तैनाती की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में खंड स्नातक निर्वाचन के लिए 30 मतदेय स्थल और 18 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें से 14 मतदेय स्थल/मतदान केंद्र शिक्षक निर्वाचन के लिए बनाए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों को सेक्टर के रूप में व्यवस्थित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। इसके अलावा जोनल मजिस्ट्रेट और विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात रहेंगे, जो अपनी रिपोर्ट प्रेक्षक को भेजेंगे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी पोलिंग पार्टियों को 23 अक्टूबर को निर्धारित समय पर मतदान शुरू कराने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने बताया कि मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके उपलब्ध न होने पर आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, सरकारी या सेवा पहचान पत्र, सांसद-विधायक-पार्षद का सरकारी पहचान पत्र, शैक्षिक संस्थान का सेवा पहचान पत्र, विश्वविद्यालय की मूल डिग्री या डिप्लोमा, दिव्यांगता प्रमाण पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड में से किसी एक वैकल्पिक दस्तावेज से पहचान स्थापित की जा सकती है।

एमएलसी मतदान के लिए बनाये गये तीन बूथ

छानबे। ब्लॉक के सभागार में एमएलसी मतदान के लिए तीन बूथ बनाए गए हैं। ब्लॉक सभागार में दो बूथ 128 व129 स्नातक के लिए तथा बूथ संख्या 101 सहायक विकास अधिकारी पंचायत कार्यालय में बनाया गया है। मतदान को देखते प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत बृजेश कुमार सिंह व लेखाकार राजेंद्र प्रसाद मतदाताओं को बैठने छाया पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था के साथ ही साफ सफ़ाई कराने में जुटे रहे।



मतदान की तैयारी करते कर्मचारी। छाया:आज

हलिया विकास खण्ड में तीनों बूथों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां

आज सुबह आठ बजे से शुरु होगा मतदान, अराजक तत्वों पर रहेगी पुलिस की नजर

हलिया। उत्तर प्रदेश स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर हलिया विकास खंड में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरूवार को ब्लाक क्षेत्र के तीनों मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियां आवश्यक मतदान सामग्री के साथ पहुंच गईं। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शुक्रवार सुबह आठ बजे से मतदान शुरू होगा। हलिया ब्लाक क्षेत्र में मतदान के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं। इनमें ब्लाक मुख्यालय हलिया, प्राथमिक विद्यालय नदना और प्राथमिक विद्यालय बैधा शामिल हैं। तीनों केंद्रों पर मतदान संबंधी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन सतर्क है। थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तीनों मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पोलिंग पार्टियां पहुंचते ही एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बूथों पर व्यवस्थित किया।प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके अलावा अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस प्रशासन शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

पण्डालों में लगी प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

नरायनपुर। पुलिस चौकी नरायनपुर क्षेत्र के बैकुंठपुर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर पूजा पंडालों में छः जगहों पर स्थापित प्रतिमाएं बुधवार को देर रात शासन द्वारा निर्धारित तालाब में प्रवाहित कर दिया गया। समितियों द्वारा भजन कीर्तन, हलवा प्रसाद, फल वितरण व विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।चार दिन चलें धार्मिक मेलें में लाखों महिला पुरुष दर्शनार्थियों ने उपस्थिति दर्ज करायी। प्रतिमा विसर्जन को लेकर पूजा समितियों ने रोड लाइट, डीजे, ढोल नगाड़ा के साथ आतिशबाजी, अबीर गुलाल उड़ाते, नृत्य व जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। नवज्योति दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी सनातनी ड्रेस में आकर्षक लग रहे थे। इसके पूर्व पं. संसार पाठक ने विधि विधान के साथ आरती के बाद प्रतिमा विसर्जित कराया। उसी प्रकार सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के पुरोहित पं.रामलखन उपाध्याय ने पूरे विधान के साथ अपने समिति के प्रतिमा का विसर्जन कराया। इस दौरान गोबिंद शंकर ओझा, मनीष अग्रहरि, कमलेश यादव, प्रभाल सिंह, शशांक सिंह, सुमित जायसवाल, अजय जायसवाल, राघवेन्द्र पांडेय, कुशल जायसवाल, संतोष चौरसिया, अशोक केशरी, आशीष जायसवाल आदि मौजूद रहे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का दौरा रद

मीरजापुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मिर्जापुर जनपद दौरा रद्द हो गया है। उनके प्रस्तावित दौरे को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां और चर्चाएं चल रही थीं। दौरा रद्द होने की सूचना के बाद कार्यक्रम को लेकर बनी हलचल पर विराम लग गया। हालांकि, दौरा रद्द किए जाने के पीछे की वजह के संबंध में फिलहाल विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। साथ ही, प्रस्तावित कार्यक्रम की अगली तारीख को लेकर भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। रक्षा मंत्री के दौरे को लेकर जनपद में राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर लोगों की निगाहें टिकी हुई थीं। अब दौरा रद्द होने के बाद उनके अगले संभावित कार्यक्रम को लेकर स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार किया जा रहा है।

ऐतिहासिक भरत मिलाप सकुशल समापन

भव्य झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र, भगवान जगन्नाथ का रथ रहा विशेष

कछवां। आदर्श नगर पंचायत कछवां में कछवां व्यापार मंडल की ओर से आयोजित ऐतिहासिक भरत मिलाप बृहस्पतिवार को सकुशल एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ। परंपरा के अनुसार नौ दिन तक पर्दे पर रामलीला का मंचन कराने के बाद दशहरा के दूसरे दिन भरत मिलाप का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष के आयोजन में करीब दो दर्जन भव्य और आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जिनमें भगवान जगन्नाथ जी का सुसज्जित रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। व्यापार मंडल द्वारा बूढ़ेनाथ चौराहे पर बने कंट्रोल रूम से मेले का शुभारंभ किया गया। आकर्षक झांकियां बूढ़ेनाथ चौराहे से शुरू होकर क्रिश्चियन तिराहा, थाना तिराहा, साईं मंदिर, मुख्य बाजार, इंडियन बैंक तिराहा होते हुए पुनः बूढ़ेनाथ चौराहे पर आकर समाप्त हुईं। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर झांकियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन अजय उपाध्याय, व्यापार मंडल संरक्षक लक्ष्मीकांत गुप्ता, अध्यक्ष आनंद गुप्ता, मेला प्रभारी अमरनाथ सिंह, अभिषेक गुप्ता, प्रमोद रस्तोगी, राधेश्याम गुप्ता, अनित सिंह, श्री प्रकाश गुप्ता, विकास गुप्ता, मनीष गुप्ता,अजय सेठ, रामकुमार उमर आदि मौजूद रहे।

वन भूमि की जोताई कर रहे ट्रैक्टर को किया सीज

ड्रमंडगंज। वनरेंज के बबुरा रघुनाथ सिंह वन क्षेत्र के मूर्तिहवा जंगल में खेती के लिए वन भूमि की जोताई कर रहे ट्रैक्टर को गुरुवार सुबह वनविभाग की टीम ने पकड़ लिया। वहीं, वनविभाग की टीम को देखकर ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। वनविभाग की टीम कल्टीवेटर लगे ट्रैक्टर को पकड़कर वनरेंज कार्यालय पर ले जाकर खड़ा कर दिया। क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह वन क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह वन क्षेत्र के कंपार्टमेंट नंबर नौ में खेती करने के लिए ट्रैक्टर से जोताई करने की सूचना मिलने पर रेंजर के निर्देश पर वनदारोगा अभिषेक सिंह, सर्वेश्वर पटेल, वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी, वाचर रामसजीवन वर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। वनविभाग की टीम को जंगल में आता देख ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को छोड़कर मौके से भाग निकला। रेंजर रविशंकर शर्मा ने बताया कि बबुरा रघुनाथ सिंह वन क्षेत्र में वन भूमि की जोताई कर रहे ट्रैक्टर को वनविभाग की द्वारा पकड़ा गया जिसे सीज कर कार्रवाई की गई है।



सीज ट्रैक्टर। छाया:आज

कुश्ती में पहलवानों ने दिखाया दमखम

चुनार। भरत मिलाप के अवसर पर बुधवार को भरपुर स्थित राजा भर्तृहरि के किला के नीचे आयोजित ऐतिहासिक कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दमखम दिखाया। करीब तीन दर्जन मुकाबलों में देश-प्रदेश के नामी पहलवानों ने दांव-पेच से दर्शकों को रोमांचित किया। दोपहर से शुरू हुआ दंगल देर शाम तक चला, सबसे बड़ी 51 हजारी कुश्ती पंजाब के युवराज और वाराणसी डीएलडब्ल्यू के लालजी पहलवान के बीच हुई। करीब दस मिनट तक चले मुकाबले में दोनों ने एक-दूसरे को पछाड़ने का प्रयास किया, लेकिन कोई जीत हासिल नहीं कर सका। मुकाबला बराबरी पर छूटा। वहीं, 30 हजारी कुश्ती में दिल्ली के शमशेर और वाराणसी के तुषार, 15 हजारी में भोपाल आर्मी के मुकाबला में सजोई की राजनंदिनी ने शशि पटेल को चित किया, जबकि दीक्षा और नरोत्तमपुर के प्रिंस की कुश्ती बराबरी पर रही। नटनियाबीर के दीपक ने अहरौरा के बलदाऊ, डीएलडब्ल्यू के सदानंद ने कछवा के महेश और ककरइया के नीतीश ने बीएचयू के पहलवान को हराया। मुख्य अतिथि विधायक अनुराग सिंह और विशिष्ट अतिथि नपा अध्यक्ष मंसूर अहमद रहे। संचालन अंतरराष्ट्रीय कोच रामसेवक सिंह, श्यामधर चतुर्वेदी और कवि झगड़ू भैया ने किया। इस अवसर पर कोतवाल विजय शंकर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सरदार रणबीर सिंह भाजपा नगर अध्यक्ष मंगरू साहनी, बचाऊ लाल सेठ, दिनेश पटेल, अखिलेश सिंह, लक्ष्मण प्रजापति, अंतरराष्ट्रीय पहलवान रवींद्र उर्फ भैरो यादव, समि सहित खेलप्रेमी मौजूद रहे।

दिल्ली, भोपाल, उत्तराखंड के पहलवानों ने लिया भाग

अंकित और वाराणसी के लक्कड़ तथा 11 हजारी में उत्तराखंड के जावेद गनी और बनियारपुर के विकास के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। आठ हजारी कुश्ती में अहरक के धीरज ने ककरइया के मोनू और छह हजारी में रुदौली के संदीप ने दिल्ली के सागर को हराया। चार हजारी



पहलवानों के साथ विधायक। छाया:आज

सड़क पेंटिंग में धांधली का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

पटेहरा। विकास खंड के बनकी गांव को जाने वाली सड़क के रिनिवल पेंटिंग में घटिया सामग्री के साथ कम मैटेरियल ठिकेदार द्वारा डाले जाने का आरोप लगाया है। बनकी गांव की सड़क तीन किलोमीटर ऊबड़ खाबड़ हो गई थी। जगह-जगह गड्ढे में सड़क बदल गई थी, जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा ठिकेदार लगा कर पेंटिंग कराया जा रहा है, जिसमें कम मैटेरियल डाल कर घटिया सामग्री से सड़क चमकाई जा रही है, जो कुछ ही समय बाद फिर खराब हो जायेगी। ग्रामीणों को भय है कि जल्दी सड़क खराब होगी तो आवागमन में समस्या खड़ी होगी। इस संबंध में सहायक अभियंता एके लाल ने बताया कि सड़क की जांच कराई गई है। ठेकेदार की लापरवाही मिली थी, जिसे दूसरी बार पेंटिंग के लिए बोला गया है। इस समय अवर अभियंता चुनाव ड्यूटी में है, जिससे ठिकेदार लापरवाही किया था। पुनः पेंटिंग करा कर मैटेरियल पूरा कराया गया है।

खेती किसानी ने पकड़ा जोर

खेतों की जुताई कर सरसों मटर की बुवाई में जुटे किसान

हलिया। क्षेत्र में फसलों की बुवाई को लेकर किसानों की सक्रियता बढ़ गई है। किसान खेतों की जुताई कर बुवाई के लिए तैयार करने में जुटे हुए हैं। वहीं, खेत तैयार होने के साथ ही सरसों और मटर की बुवाई का काम भी शुरू हो गया है। ग्रामीण इलाकों में इन दिनों खेती किसानी को लेकर चहल पहल बढ़ गई है। किसान ट्रैक्टर से खेतों की जुताई कर मिट्टी को बुवाई के अनुकूल बना रहे हैं। खेतों की तैयारी पूरी होने के बाद किसान सरसों और मटर की बुवाई कर रहे हैं। सुबह होते ही खेतों में किसान अपने जरूरी कृषि कार्यों को समय से पूरा करने में लगे हैं। किसान अपनी जमीन और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार फसलों की बुवाई की तैयारी कर रहे हैं। सरसों और मटर की खेती से किसानों को बेहतर उत्पादन और आमदनी की उम्मीद रहती है। क्षेत्र के किसान दीपक कुमार, प्रेमशंकर, मूलशंकर शशि, परेश कुमार सहित आदि का कहना है कि खेतों की जुताई और बुवाई का काम समय से पूरा किया जा रहा है, जिससे फसलों की बढ़वार अच्छी हो सके खेती के इस मौसम में खेतों की उचित तैयारी, मिट्टी में पर्याप्त नमी और फसलों की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाता है, फिलहाल क्षेत्र के किसान आगामी फसल की तैयारी में जुटे हुए हैं। अब किसानों को मौसम के अनुकूल रहने और फसलों की अच्छी पैदावार होने की उम्मीद है।

२४ अक्तूबर से शुरू होगी शिव महापुराण कथा

पड़री। विकास खंड पहाड़ी के पड़री स्थित रामलीला मैदान में शिवधाम मंदिर समिति के तत्वावधान में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का शुभारंभ 24 अक्टूबर से होगा, जो 30 अक्टूबर तक चलेगी। प्रयागराज से पधार रहे परम श्रद्धेय आचार्य विनोद माधव जी महाराज श्रद्धालुओं को शिव महापुराण कथा का रसपान कराएंगे। समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम का समय प्रतिदिन सायं पांच बजे से रात नौ बजे तक निर्धारित किया गया है। सात दिवसीय कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा, उनकी लीलाओं तथा शिव भक्ति के महत्व का वर्णन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। शिवधाम मंदिर समिति की ओर से क्षेत्र के धर्मप्रेमियों से कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

संक्षेप

पूर्व ब्लाक प्रमुख बुद्धिमान दत्त त्रिपाठी के निधन पर शोकसभा

हलिया। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं हलिया के पूर्व ब्लाक प्रमुख पंडित बुद्धिमान दत्त त्रिपाठी के निधन पर लालगंज तहसील में अधिवक्ता परिवार की ओर से शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की शोकसभा में अधिवक्ताओं ने पंडित बुद्धिमान दत्त त्रिपाठी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। उनके देहावसान से अधिवक्ता समाज एवं क्षेत्र में शोक का माहौल है। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर पंडित कैलाशपति त्रिपाठी, विजय नारायण मिश्र, प्रभुनाथ दुबे, श्रीकांत तिवारी, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, जयप्रकाश दुबे, मनोज कुमार दुबे, कमलेश मिश्रा, कमलेश गौतम, धनेश्वर गौतम, मिथिलेश पांडेय, सत्येंद्र त्रिपाठी, निहाल खान, रमेश चौधरी, रामू कोल, धर्मराज कोल, शरद मौर्य, कुबेर मौर्य सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।



स्वयं सेवकों ने शस्त्र पूजन कर किया पथ संचलन

ड्रमंडगंज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में ड्रमंडगंज में गुरुवार शाम को शस्त्र पूजन के बाद स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। इस दौरान स्वयं सेवकों का स्थानीय निवासियों ने आरती उतारी और पुष्प वर्षा कर जगह जगह स्वागत किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे आरएसएस के खंड कार्यवाह तारकेश्वर केशरी मुख्य वक्ता जिला गौ सेवा प्रमुख प्रणव जी ने स्वयंसेवकों संग ध्वज प्रणाम कर राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।इस दौरान स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन किया।पथ संचलन में सह संघचालक शिवेंद्र सिंह, कौशलेंद्र गुप्ता,सुरेश केशरी,धीरज केशरी, अंजनी सोनी,मनोज केशरी, शत्रुघ्न केशरी, अनिल केशरी,अरूण सिंह, ओंकार केशरी, रामजी केशरी आदि स्वयं सेवकों ने भाग लिया। सुरक्षा के मद्देनजर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार एसआइ ओमप्रकाश पांडेय पुलिसकर्मियों संग मौजूद रहे।

नृत्य प्रतियोगिता में अनीशा चौधरी बनी विजेता

नरायनपुर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर बुधवार को सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड नरायनपुर द्वारा विशाल डांस कम्पटीशन नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दूर दराज जनपदों के पचासों प्रतिभागियों ने अपने नृत्य कला का प्रदर्शन किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम अनीशा चौधरी प्रयागराज, द्वितीय एके खतरनांक वाराणसी, तृतीय बादल वाराणसी व चतुर्थ स्थान परी वाराणसी को दिया गया। इस दौरान कमलेश यादव, शशांक सिंह, प्रभाल सिंह, दिलीप जायसवाल, संतोष चौरसिया, कवि शंकर गुप्ता, रवि शंकर गुप्ता, अमित गुप्ता, आशीष जायसवाल, दिनेश यादव, शिव जायसवाल आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

घर में निकला रसेल वाइपर

छानबे। विंध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर बाजार में बृहस्पतिवार को एक घर में करीब चार फीट लंबा रसेल वाइपर सांप निकलने से हड़कंप मच गया। यह सांप दोपहर करीब एक बजे सप्पू मोदनवाल के घर में दिखाई दिया। सांप को देखते ही परिवार के लोग घबरा गए। मकान मालिक ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग लालगंज को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग के राम कुमार और वाचर बरसातू मौके पर पहुंचे। दोनों ने कड़ी मशक्कत के बाद सांप को पकड़ लिया। वन दरोगा अवधेश कुमार यादव ने बताया कि सांप को सुरक्षित पकड़कर विजयपुर पहाड़ी के जंगल में छोड़ दिया गया है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली।

श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान जी की हुई भव्य आरती

चुनार। श्री राघवेंद्र रामलीला नाइट समिति के तत्वाधान में चल रहे हैं 21 दिवसीय रामलीला के अंतर्गत चारो भाइयों के मिलन से पूर्व टेकौर मुहल्ले में सौरभ पुजारी के निवास पर श्रीराम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान जी के दर्शन पूजन और आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इसके उपरांत पुष्पक विमान टैकौर स्थित बूढेनाथ मंदिर के पास पहुंचता है और फिर वहां से मंच की ओर रवाना होता है। दर्शन पूजन में सत्यनारायण पुजारी, सतुंजय पांडेय, माधवी गुप्ता, सुषमा गुप्ता, अनिल कुमार सिंह, विभा पुजारी, श्वेता मिश्रा, प्रेमलता सिंह आदि मौजूद रहे।

राज्याभिषेक के साथ ऐतिहासिक रामलीला का समापन

चील्ह। न्याय पंचायत बल्लीपरवा के ग्राम पंचायत कोल्हुआ में 12 दिनों से चल रही ऐतिहासिक रामलीला का समापन बुधवार रात्रि 12 बजे राम राज्याभिषेक के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह ऐतिहासिक रामलीला सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के नए रामलीला मैदान में चील्ह थाना क्षेत्र में आयोजित की गई थी, जहाँ हजारों की संख्या में माताएं-बहनें और ग्रामीण मौजूद रहे। इस ऐतिहासिक रामलीला में भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक के संपूर्ण चरित्र का भावपूर्ण मंचन किया गया। समापन के दिन मुख्य आकर्षण भगवान राम का अयोध्या आगमन, भरत चरित्र और राम राज्याभिषेक रहा। भगवान राम के राज सिंहासन पर बैठते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी ने इस दिव्य झांकी का भरपूर आनंद लिया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। इस रामलीला के मुख्य संस्थापक एवं व्यवस्थापक इंद्र कुमार चौबे और सुशील कुमार उपाध्याय रहे, जो पिछले 36 वर्षों से इस परंपरा को निभाते आ रहे हैं। इंद्र कुमार चौबे ने बताया कि रामलीला कोल्हुआ की पहचान है और 36 वर्षों से प्राचीन परंपरा के अनुसार मनाई जा रही है। भगवान राम ने मर्यादा में रहकर हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। यह सिर्फ रामलीला नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों का संगम है। अध्यक्ष उमेश दुबे ने सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर विकास चौबे एडवोकेट हाईकोर्ट, वीरेंद्र यादव, विजय शंकर यादव, शिवम दुबे सहित हजारों ग्रामीण और गणमान्य लोग मौजूद रहे।



कलाकारों को सम्मानित करते कमेटी के सदस्यगण। छाया:आज

बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है दशहरा-डा. जगदीश

मीरजापुर। सोनवर्षा खुर्द में विजयदशमी के अवसर पर जय मां दुर्गा पूजा समिति की ओर से देवी जागरण गीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन एवं भाजपा के पूर्व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ. जगदीश सिंह पटेल और विशिष्ट अतिथि भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह ने मां दुर्गा के पंडाल में पूजा-अर्चना की। डॉ. पटेल ने कहा कि दशहरा अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से सांस्कृतिक विरासत और सनातन परंपराएं मजबूत होती हैं। उन्होंने आयोजन समिति और कलाकारों को बधाई दी। सिद्धनाथ सिंह ने नशे से दूर रहकर समाज को प्रगति की ओर ले जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मयंक पटेल वाराणसी और गोल्डीराज भभुआ, बिहार ने देवी जागरण की प्रस्तुति दी। संचालन ऋषभ पटेल ने किया। इस दौरान ग्राम प्रधान रामललित सिंह सहित समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बाइक की टक्कर से युवक घायल

अहरौरा। वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर बाइक की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक बब्लू पुत्र छोटे लाल 32 वर्ष निवासी पट्टी कला अहरौरा को 112 नंबर पुलिस ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। बब्लू अपने घर से अहरौरा बाजार जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर वह अचानक बाइक की चपेट में आ गए। बाइक की टक्कर लगने से उन्हें गंभीर चोटें आईं और वह घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। चोटों की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

चारों भाइयों के मिलन पर छलकीं आंखें

भरत मिलाप की भावपूर्ण लीला के साथ रामलीला संपन्न

अहरौरा। चौक बाजार में चल रही रामलीला में भरत मिलाप की भावपूर्ण लीला के साथ आयोजन संपन्न हुआ। चौदह वर्ष का वनवास पूरा कर प्रभु श्रीराम के अयोध्या लौटने और राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न के मिलन का दृश्य मंचित हुआ तो श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। चारों भाइयों के गले मिलते ही जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। लंका विजय के बाद प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के अयोध्या लौटने का समाचार मिलते ही भरत और शत्रुघ्न उनकी अगवानी के लिए निकल पड़े। प्रभु श्रीराम को सामने देखकर भरत भावविभोर होकर उनके चरणों में गिर पड़े। श्रीराम ने उन्हें उठाकर हृदय से लगा लिया। उधर लक्ष्मण और शत्रुघ्न का मिलन हुआ तो दर्शक भी भावुक हो उठे। रामलीला समिति के अध्यक्ष कुमार आनंद ने कहा कि भरत मिलाप केवल दो भाइयों के मिलने का प्रसंग नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण और पारिवारिक प्रेम का संदेश है। व्यास शिरीष चंद बृजेश अश्वनी रोशन विपिन विकास सक्षम अभिषेक धीरज कन्हैया अनय अनमोल रौनक सहित रामलीला समिति के पदाधिकारियों, कलाकारों व कार्यकर्ताओं ने आयोजन में सहयोग किया।



भरत मिलाप का मनोरम दृश्य। छाया:आज

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

सूर्योदय : ०५.५९
सूर्यास्त : ०५.२४
तापमान
अधि. : ३१.०
न्यून. : १९.०

उमरा करने सऊदी गये 4000 भारतीय फंसे

नयी दिल्ली (एजेंसी)। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव की वजह से लगभग 4,000 भारतीय उमरा यात्री मक्का और मदीना में फंसे हुए हैं. इस क्षेत्र में जारी एयरस्ट्राइक के बाद एयरलाइंस का परिचालन बाधित हो गया, जिस वजह से ये स्थिति पैदा हुई है. इसे लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से अपील की है कि वह एयरलाइंस को बड़े विमान चलाने की अनुमति दे, ताकि फंसे हुए तीर्थयात्री जल्द से जल्द स्वदेश लौट सकें. उन्होंने स्पेशल फ्लाइट के इंतजाम करने की भी मांग की. हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, इंडिगो, अकासा एयर और एयर इंडिया की उड़ानें रद्द होने की वजह से भारत के लगभग 4,000 तीर्थयात्री मक्का और मदीना में फंसे हुए हैं. डीजीसीए इन एयरलाइंस को बड़े विमान चलाने की अनुमति दे ताकि तीर्थयात्री देश लौट सकें. अगर बड़े विमानों की इजाजत नहीं दी जा सकती, तो कम से कम सरकार इन यात्रियों को सुरक्षित वापस लाने के लिए स्पेशल फ्लाइट्स का इंतजाम करे. ओवैसी ने कहा, %पिछले दो-तीन हफ्तों से ये तीर्थयात्री मदीना, जेद्दा और मक्का में फंसे हैं. ट्रैवल एजेंट इन यात्रियों को अपने हाल पर छोड़कर चले गए हैं, जिससे वे बहुत मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं. फिलहाल छ्तष्ठ इन तीनों एयरलाइंस को जेद्दा की उड़ान भरने की मंजूरी नहीं दे रहा है. छ्तष्ठ तुरंत इन एयरलाइंस को,321 जैसे बड़े विमानों से उड़ान भरने की इजाजत दे, ताकि फंसे हुए भारतीयों को वापस लाया जा सके. ये यात्री गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से हैं, इसलिए वे सऊदी एयरलाइंस का महंगा टिकट खरीदने में सक्षम नहीं हैं. उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू से गुहार लगाई है कि अगर डीजीसी उड़ानों की अनुमति नहीं देता है।

ब्रह्मोस से बढ़ेगी भारत की सैन्य ताकत

नयी दिल्ली (आससे.)।-ब्रह्मोस अब सिर्फ एक मिसाइल नहीं है। यह आत्मविश्वास से भरे और आत्मनिर्भर नए भारत की ताकत, सटीक निशाना लगाने की क्षमता और गर्व का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पहली बार असली जंग में इस हथियार प्रणाली का इस्तेमाल किया। इसने कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें पाकिस्तान के नूर खान जैसे प्रमुख एयरबेस भी शामिल थे। इसके जरिये भारतीय सशस्त्र बलों ने इस हथियार प्रणाली की ताकत दिखाई। ब्रह्मोस प्रणाली भारत के रक्षा निर्यात की भी एक प्रमुख आधारशिला है। भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 38,400 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसमें सालाना 62.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ. जयतीर्थ जोशी ने ब्रह्मोस की सफलता पर बात की। उन्होंने कहा कि निर्यात के क्षेत्र में ब्रह्मोस की सफलता की कहानी 2025 में युद्ध में इस्तेमाल होने से पहले ही शुरू हो गई थी। वर्ष 2022 में कंपनी को पहला ऐतिहासिक निर्यात ऑर्डर मिला था। कई मिलियन डॉलर के इस सौदे ने वैश्विक स्तर पर भारत की रक्षा निर्यात से जुड़ी महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाया। आज ब्रह्मोस भारत की सैन्य निर्यात रणनीति में सबसे आगे है। यह एक प्रमुख उत्पाद है। सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने धीरे-धीरे अपने निर्यात का दायरा बढ़ाया है। मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी बेहतरीन क्षमताएं साबित करने और युद्ध में परखी हुई प्रणाली बनने के बाद इसका निर्यात दायरा खास तौर पर बढ़ा है। डॉ. जयतीर्थ जोशी ने कहा कि फिलीपींस के साथ पहले निर्यात सौदे के बाद इस साल दक्षिण-पूर्व एशिया के दो और देशों के साथ समझौते किए गए हैं। आज ब्रह्मोस अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत स्थिति में है। कंपनी भविष्य में अपने निर्यात की पहुंच को और बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ती मांग को पूरा करने और जरूरत पड़ने पर उत्पादन क्षमता तेजी से बढ़ाने के लिए ब्रह्मोस अपनी आपूर्ति श्रृंखला को और मजबूत कर रही है।

इंडिया गठबंधन की बैठक टली, 1 नवंबर की रैली पर होनी थी चर्चा

नयी दिल्ली (आससे.)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों और एक नवंबर को दिल्ली में प्रस्तावित रैली की रणनीति तय करने के लिए इंडिया गठबंधन की गुरुवार शाम होने वाली वर्चुअल बैठक फिलहाल स्थगित कर दी गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में प्रस्तावित इस बैठक में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची में कथित हेराफेरी के आरोपों पर चर्चा होनी थी। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग और आगामी विरोध प्रदर्शनों की रूपरेखा तय की जानी थी। विपक्षी दल नवंबर की शुरुआत में आंदोलन तेज करने और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की संभावनाओं पर भी विचार कर रहे हैं। हालांकि, बैठक स्थगित होने के कारणों और अगली बैठक की तारीख के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं दी गई है।

शेष

बारामुल्ला...

पास दरपुरा नर्सरी इलाके से पकड़ा। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान, इनके पास से तुर्की में बनी एक कैनिक पिस्तौल, 10 राउंड गोलियों वाली एक मैगजीन और दो आईईडी बरामद किए गए। ये दोनों व्यक्ति सोपोर के चिंकीपुरा इलाके के रहने वाले हैं। अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती जांच से पता चलता है कि वे ओवरग्राउंड वर्कर के रूप में काम कर रहे थे और संभवत: आतंकवादियों के लिए हथियार और विस्फोटक लाने-ले जाने में शामिल थे। फिलहाल उनकी पहचान जाहिर नहीं की गई है।

भारत-पोलैंड...

के रूप में यह उनकी दूसरी भारत यात्रा है। इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने टस्क से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। टस्क ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी दी। टस्क अपनी यात्रा के दौरान बेंगलुरु भी जाएंगे, जहां वे सूचना प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष क्षेत्र सहित विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार एवं निवेश, रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, संस्कृति और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाना है। पोलैंड मध्य और पूर्वी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक एवं निवेश साझेदार है।

यूपी : जनगणना...

को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि जनगणना के दूसरे चरण में 16 से 30 नवंबर तक स्वगणना होगी। इसके बाद एक दिसंबर से चार जनवरी तक प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति से करीब 40 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें परिवार, मकान और रहने की स्थिति के साथ आधार नंबर, बैंक खाते की संख्या, मोबाइल नंबर, वोटर आईडी, भारतीय पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी जानकारी शामिल होगी। किसी भी दस्तावेज की प्रति जमा नहीं करनी होगी। नागरिकों का डाटा गोपनीय रखा जाएगा। जनगणना में कोई छूट न जाए, इसके लिए चार जनवरी को विशेष अभियान चलेगा। शाम पांच से रात दस बजे तक फुटपाथ, फ्लाईओवर के नीचे, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर सोने वालों की गणना की जाएगी। झुग्गी-बस्ती में झोपड़ी बनाकर रहने वाले परिवार भी इसमें शामिल होंगे। प्रदेश में अभियान के लिए 5.62 लाख से अधिक कार्मिक लगाए जाएंगे।

सीजेपी...

कुमार के खिलाफ नारेबाजी करने का आरोप है। वे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। सौरव दास और आशुतोष रंका को एक सप्ताह की न्यायिक हिरासत के बाद बुधवार को तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। अदालत ने दोनों को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के जमानती बांड जमा करने तथा शांति बनाए रखने का लिखित आश्वासन देने पर रिहा करने का निर्देश दिया था। अजिंक्य शिंदे को पहले ही जमानत बांड पर रिहा किया जा चुका है।

मतदाता सूची...

मयंक गोस्वामी और अमरिया के एसडीएम हेमंत चौधरी को गंभीर लापरवाही का दोषी माना गया। ये दोनों विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के पद पर तैनात थे। आयोग ने बुधवार को दोनों उप जिलाधिकारियों को उनके पदों से हटा दिया था। उन्हें जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वीआरसी के कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल कुमार की सेवाएं भी समाप्त कर दी गई हैं।आयोग की सख्ती के बाद यह बड़ी कार्रवाई की गई है। दोनों एसडीएम के खिलाफ अब विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगा। बता दें कि सपा ने सोमवार को इस मामले में ज्ञापन दिया था। बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने भी इस मुद्दे को उठाया। इस मामले में दोनों दलों के नेताओं ने मोर्चा खोल रखा है। एसआईआर के बाद मतदाता सूची में गड़बड़ियों का मामला तूल पकड़ने लगा है। सदर विधानसभा सीट पर वोटों में हेरफेर के आरोप लगाते हुए सपा और कांग्रेस ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार ने 13 हजार से अधिक वोटों में गड़बड़ी और कुल 16 हजार से अधिक वोटों में हेरफेर का आरोप लगाया है। उन्होंने इसके पीछे सत्ता पक्ष के एक मौजूदा विधायक के इशारे पर अधिकारियों के सिंडिकेट के काम करने का दावा किया। मामले में तत्कालीन डीएम की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा। वहीं, समाजवादी पार्टी ने भी प्रेसवार्ता कर मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया। सपा जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूल बाबू ने सदर विधानसभा सीट की मतदाता सूची में कथित हेरफेर के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। सपा नेताओं का आरोप है कि सत्ता पक्ष के दबाव में अधिकारियों ने काम किया।

रेलवे ट्रैक...

जिले के गोसाईगंज क्षेत्र के कटरा निवासी झिनका के मुताबिक उनकी मां निर्मला, भाभी सोना के साथ अंबेडकरनगर जिले के अहिरौली क्षेत्र के अटवाई मुरीदपुर में घोंघा बीनने गई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों महिलाएं अहिरौली के अटवाई क्रॉसिंग से करीब 500 मीटर की दूरी पर रेलवे ट्रैक को पार कर दूसरी ओर जा रही थीं, तभी अकबरपुर-कटेहरी स्टेशन होते हुए लखनऊ की ओर जा रही वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आ गईं। इससे दोनों के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही मौत हो गई।

पृष्ठ चार का शेष

आजम खां...

करने वालों की पोल खुल गयी है। पीलीभीत का मामला सामने है। मतदाता सूची में गड़बड़ी और धांधली करने वाले जगह-जगह पकड़े जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने सौ विधानसभाओं की सूची दी है। उसमें लाखों वोट फर्जी है। हमें उम्मीद है कि चुनाव आयोग वोटरलिस्ट ठीक करने के लिए कोई ठोस फैसला लेगा। अगर आधार से जोड़ सकते हैं तो उस दिशा में काम करना चाहिए।

भ्रष्टाचार...

आगे बढ़कर यह साबित करना होगा कि भ्रष्टाचार के मामलों में वास्तव में निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई होती है या फिर दोषियों को बचाने के लिए केवल जांच की औपचारिकता निभाई जाती है। उन्होने कहा कि गांवों के विकास, सड़कों, नालियों, आवासों और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित धन जनता की मेहनत की कमाई है। यदि विकास कार्यों में कमीशनखोरी होती है, तो उसका सीधा नुकसान गरीबों, किसानों, मजदूरों और ग्रामीण जनता को उठाना पड़ता है। जनता विकास चाहती है, कमीशन का कथित खेल नहीं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी को इस मामले में तत्काल स्पष्ट जवाब देना चाहिए, केवल जांच कराने की घोषणा पर्याप्त नहीं है। सरकार यह सुनिश्चित करे कि वायरल वीडियो की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच हो, वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि की जाए और कथित कमीशन के पूरे नेटवर्क की पड़ताल की जाए। यदि आरोप प्रमाणित होते हैं, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध बिना किसी राजनीतिक या प्रशासनिक दबाव के कठोर कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई की जाये।

रेहान...

थी। तो फिर असल में गलती क्या थी? खेरा ने आगे दावा किया कि जिन तस्वीरों को हटाए जाने से बचा लिया गया, उनमें तिरंगे की एक तस्वीर भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को न केवल विचारों से, बल्कि विरोध-प्रदर्शनों से भी डर लगता है और अब तो इन प्रदर्शनों से जुड़ी तस्वीरें और खुद राष्ट्रीय ध्वज भी उनके लिए चिंता का विषय बन गए हैं।

आंध्र...

जंक्शन के पास रविकिम्पाडु सेंटर में सुबह करीब 5.40 बजे हुआ। भक्त सड़क किनारे चाय पी रहे थे, तभी एक स्कू ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक, सभी भक्त विजयनगरम जिले के डेंकाडा गांव के रहने वाले थे। वे विजयवाड़ा के कनक दुर्गा मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। रास्ते में उनकी बस रुकी तो वे चाय पीने के लिए नीचे उतरे। इसी दौरान विशाखापट्टनम की ओर से राजमहेंद्रवरम जा रही स्कू ने उन्हें टक्कर मार दी। घायलों में एक पार्सल वैन का ड्राइवर और एक ट्रैवल बस का क्लीनर शामिल है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक, स्कू चला रहा व्यक्ति भी भवानी माला पहने हुए था और विजयवाड़ा की ओर जा रहा था।

यूपी विधानसभा...

अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, इन चुनावों में कुल 14,81,310 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए 2,697 मतदान स्थल बनाए गए हैं। चुनाव मैदान में कुल 152 प्रत्याशी हैं।पांच खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ, आगरा, मेरठ, वाराणसी और बरेली-मुरादाबाद शामिल हैं। वहीं, छह खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ,आगरा, मेरठ, वाराणसी, बरेली-मुरादाबाद और गोरखपुर-फैजाबाद हैं। मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने 11 प्रेक्षक तैनात किए हैं। इसके अतिरिक्त 1041 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 456 जोनल मजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं। मतदान स्थलों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती के साथ वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। चुनाव प्रक्रिया के संचालन के लिए 1108 भारी वाहन, 1737 हल्के वाहन और 12,309 मतदान कार्मिक लगाए गए हैं।

उत्तर मध्य रेलवे
सं. RS/Mech/Better OBHS/PRYJ/26 दिनांक : 19.10.2026
स्पेशल लिमिटेड ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कोचिंग), प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय के पत्र संख्या EOI Notice No. Reform/OBHS/2026/02 दिनांक 20.07.2026 एवं तथा उसी संख्या के पत्र दिनांक 06.08.2026 द्वारा जारी शुद्धिपत्र के अंतर्गत अनुमोदित ठेकेदारों की सूची में सम्मिलित फर्मों से, निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्रों में स्पेशल लिमिटेड ई-निविदा, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक IREPS वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है:-
स्पेशल लिमिटेड ई-निविदा सूचना संख्या : NCR-M-OBHS-EOI-26-02 दिनांक 19.10.2026
कार्य का नाम : प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे की चिन्हित ट्रेनों में दो वर्ष (730 दिन) की अवधि हेतु अनुमोदित सूची में सम्मिलित फर्मों के माध्यम से उक्त ऑन-बोर्ड सेवाएँ (OBHS एवं लिनेन वितरण) उपलब्ध कराना।

निविदा प्रणाली : एकल पैकेट प्रणाली	निविदा मूल्य : ₹ 45,62,52,930.91
बयाना राशि (EMD) : ₹ 24,31,300.00	निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य
कार्य की अवधि : 02 वर्ष	IREPS वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि : 19.10.2026

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 10.11.2026 को 15:00 बजे तक
उपरोक्त स्पेशल लिमिटेड ई-निविदा की निविदा पुस्तिका सहित पूरी जानकारी IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2396/26 (PH)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



एक स्टेशन एक उत्पाद योजना का विशिष्ट आयोजन
भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के बजट में एक स्टेशन एक उत्पाद योजना की घोषणा की गई थी। इस योजना में भारतीय रेलवे के समस्त स्टेशन पर Vocal for Local Vision के तहतस्थानीय उत्पाद को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नीति सं0 12 of 2022 दिनांक 20.05.2022, 15 of 2022 दिनांक 10.08.2022, 18 of 2022 दिनांक 20.09.2022, 09 of 2023 दिनांक 24.05.2023 एवं 29.09.2023 के अंतर्गत स्थानीय व्यक्तियों, स्वयं सेवी संस्था, स्वयं सेवी समूह, एनजीओ आदि को स्टाल एवं ट्रॉली उपलब्ध कराना है। उत्तर मध्य रेलवे भी इस योजना के तहत निम्न स्टेशनों पर स्टॉल/कीओस्क के माध्यम से विक्रय/सहप्रचार केंद्र की सुविधा उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित है।
स्टेशनों की सूची
मण्डल के सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, विंध्याचल, चुनार, मानिकपुर, प्रयागराज-छिवकी, प्रयागराज, सूबेदारगंज, फ़तेहपुर, कानपुर सेंट्रल, पनकीधाम, कानपुर अनवरगंज, फफूंद, मैनपुरी, हाथरस, अलीगढ़, भोगांव, अछल्दा, झींझक, रूरा, भरथना, दादरी, डॉवर, इटावा, खुर्जा, शिकोहाबाद, फिरोज़ाबाद, टूंडला रेलवे स्टेशनों पर ओएसओपी की स्थापना हेतु आवेदन की मांग मण्डल कार्यालय द्वारा की जा रही है।
नोटः- (1) उपर्युक्त स्टेशनों में से जिन स्टेशनों के आवेदन पूर्व में आमंत्रित आवेदनों में अभी भी लंबित हैं, उनके आवेदनों के निस्तारण के पश्चात ही इस विज्ञापन के अंतर्गत प्राप्त नवीनतम आवेदनों पर समिति द्वारा क्रम/प्राथमिकता के अनुसार विचार किया जाएगा तथा प्राप्त आवेदनों को शेष आवेदनों के साथ व्यवस्थित किया जाएगा। रेल प्रशासन किसी भी स्टेशन के लिए आवश्यकतानुसार बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। (2) इसके अतिरिक्त यह भी स्पष्ट किया जाना है कि जिन नामित स्टेशनों के लिए आवेदन प्राप्त नहीं होते हैं, उन स्टेशनों पर उपलब्ध स्टॉलों एवं ट्रॉलियों को अपने विवेकानुसार मंडल के अन्य स्टेशनों पर स्थानांतरित/स्थापित करने तथा उक्त स्टॉलों एवं ट्रॉलियों का संचालन करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है।
योजना की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं:-
1. इस योजना के अंतर्गत रेलवे प्रशासन नामित स्टेशनों पर स्वतः स्टॉल/ट्राली बनवाकर उपलब्ध कराएगी।
2. पंजीकरण शुल्क एवं स्टाल/कीओस्क की अवधि न्यूनतम 15 दिन (पंजीकरण शुल्क ₹ 1000/500) व अधिकतम 03 माह (पंजीकरण शुल्क ₹ 6000/3000) है।
3. अधिकतम 02 सेल्स मैन (प्लेटफार्म वेंडर सहित) प्रत्येक स्टाल प्रत्येक शिफ्ट में कार्य हेतु अधिकृत होंगे।
4. विद्युत प्रभार उपभोग के आधार पर लिया जाएगा जैसा की नीति सं0 09 ऑफ़ 2023 दि0 24.05.2023 में निर्देशित है।
5. यदि कोई देय हो प्रभावी टैक्स की देनदारी आवंटी की होगी, इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा।
6. इस स्टाल पर स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, हैंडलूम, स्थानीय कृषि उत्पाद, स्थानीय कारीगरी, संशाधित एवं अर्ध संशाधित खाद्य पदार्थ, परंपरागत परिधान, लकड़ी अथवा मिट्टी से बनी वस्तुए, खिलौने व ऐसी वस्तुए जो हमारे स्टेशन स्टाल पर विक्रय न किये जाते हो आदि का विक्रय किया जा सकता है।
इच्छुक व्यक्ति/संस्थाएं स्वयं सेवी संस्था, स्वयं सेवी समूह, एनजीओ अपना आवेदन अहर्क दस्तावेज/प्रमाण पत्र के साथ स्टेशन अधीक्षक सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, विंध्याचल, चुनार, मानिकपुर, प्रयागराज-छिवकी, प्रयागराज, सूबेदारगंज, फ़तेहपुर, कानपुर सेंट्रल, पनकीधाम, कानपुर अनवरगंज, फफूंद, मैनपुरी, फ़िरोज़ाबाद, हाथरस, अलीगढ़, भोगांव, अछल्दा, झींझक, रूरा, भरथना, दादरी, डॉवर, इटावा, खुर्जा, शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन उत्तर मध्य रेलवे के कार्यालय में दिनांक 01.11.2026 तक अवश्य प्रस्तुत करें/जमा करें। किसी प्रकार की सहायता/जानकारी (Guidance) के लिए खण्ड के वाणिज्य निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं जिनकी सूची निम्नवत हैः-

क्र. सं.	स्टेशन	इस योजना से संबंधित किसी भी जानकारी हेतु निम्नलिखित खण्ड वाणिज्य निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं	दूरभाष नं.
1	अलीगढ़ एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री संजय शुक्ला	9794837282
2	इटावा एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री रोहित	9794837323
3	मिर्ज़ापुर एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री राजेश कुमार	9794837292
4	टूंडला एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री मनोज कुमार	9794837321
5	फतेहपुर एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री कपिल देव मीना	7978974526
6	खुर्जा एवं दादरी एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री हनुमान मीना	9794837324
7	चुनार एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री एस0के0 अकेला	9794837290
8	प्रयागराज छिवकी एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री सतीश कुमार कुशवाहा	9794838965
9	कानपुर एरिया-2 एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री ललित गुप्ता	9616331233
10	कानपुर सेंट्रल एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री विनय अभी	9076610466
11	प्रयागराज एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री राम प्रसाद मीना	9794837291
12	सुबेदारगंज एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री ओम प्रकाश	7525001447

इस योजना से संबंधित अन्य कोई जानकारी हेतु श्री ए0 सी0 पाण्डेय, वाणिज्य निरीक्षक-I/एनएफआर (मो.नं. 7525001449) या श्री पंकज कुमार रजक, वाणिज्य निरीक्षक-II/एनएफआर, (मो.नं. 7525001455), मंडल कार्यालय, प्रयागराज एवं ई मेल- cmialddiv@gmail.com से संपर्क कर सकते हैं।
नोटः OSOP में प्रतिभागियों का चयन इस बात को ध्यान में रखते हुए किया जा सकता है कि इस योजना का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक पहुँचाना है। इस योजना में निम्नलिखित को प्राथमिकता दी जाएगीः-
• विकास आयुक्त, हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगर/बुनकर, आई डी कार्ड धारक।
• भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (TRIFED)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (NHDC)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) आदि में नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
• पीएमईजीपी (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
• समाज में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग।
• 'दिव्यांगजन' आवेदक को भी OSOP में प्रथमिकता दी जाएगी।
• जिन स्टेशनों पर फल और जूस के स्टॉल चल रहे हैं, वहां मौसमी फलों के लिए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
नोटः- खाद्य पदार्थ (उत्पाद) की स्थिति में आवेदक के पास में बैध फूड लाइसेंस (FSSAI) होना अनिवार्य है।
उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान 2406/26(A)
North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

सार्वजनिक सूचना
ICICI Bank
शाखा कार्यालय:-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी 4,टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चौथी मंजिल,सेक्टर 5,सॉल्ट लेक सिटी, कोलकाता,पश्चिम बंगाल 700091
CINनंबर: L65190GJ1994PLC021012.www.icicibank.com
नीचे दिए गए, उधारकर्ताओं ने आईसीआईसीआई बैंक से ली गई लोन सुविधा के तहत मूलधन और ब्याज का भुगतान करने में चूक की है। इन लोन को नॉन- परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। उन्हें सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके आखिरी ज्ञात पते पर एक नोटिस भेजा गया था। हालांकि, यह नोटिस उन तक नहीं पहुंच गाया, इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के जरिए सूचित किया जा रहा है।

क्र.सं.	कर्जदारों/सह-कर्जदारों/गारंटीदाता का नाम/(ऋण खाता संख्या) एवं पता	सिक्योर्ड सम्पत्ति/प्रवर्तित की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण	प्रेस नोटिस की तिथि/नोटिस की तिथि को बकाया धनराशि	एनपीए दिनांक
1.	क्रिल ट्रेडिंग / दिनेश कुमार यादव सह आवेदक/संगीता यादव, अर्जुन प्रसाद सिंह यादव कांति देवी, गारंटर/अर्जुन प्रसाद सिंह यादव, कांति देवी बंधककर्ता/प्रतिनिधि मालिक दिनेश कुमार यादव चंद्ररूप, हाउस नंबर 2, विष्णु पथ, घोरमारा दुर्गा और काली मंदिर के पास असम गुवाहाटी- 781028/735005000241/ 735005000256	आराजी नंबर 2396, मौजा अंधऊ, परगना और जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश और प्रो. 2) आराजी नंबर 2396, मौजा अंधऊ, परगना और जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश और प्रो.- 3) आराजी नंबर 2396, मौजा अंधऊ, परगना और जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश के स्वामित्व वाले ब्यार्जुन प्रसाद सिंह यादव और कांति देवी का क्षेत्रफल पी1 (6 बिस्वा) /पी2 (254 वर्ग मीटर)/ पी3 - (147.05 वर्ग मीटर) प्रो.-1)	31 अगस्त, 2026 रु. 1,22,51,184.50/-	02/05/ 2026
2.	क्रिल एजेंसियां/संगीता यादव, अर्जुन प्रसाद सिंह यादव, कांति देवी, दिनेश कुमार यादव गारंटर/अर्जुन प्रसाद सिंह यादव कांति देवी, बंधककर्ता/प्रतिनिधि संगीता यादव, पति सोनमती सिंह, मिशन कंपाउंड, टोकलाई चाह बगीचा गांव, गरमुर मौजा, पी.ओ. राजाबारी, पी.एस. चिनमारा, असम, जोरहाट 785014/ 245505000711	प्रो. 1) आराजी नंबर 2396, मौजा अंधऊ, परगना और जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश और प्रो.-2) आराजी नंबर 2396, मौजा अंधऊ, परगना और जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश और प्रो. 3) आराजी नंबर 2396, मौजा अंधऊ, परगना और जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश स्वामित्व ब्यार्जुन प्रसाद सिंह यादव और कांति देवी का क्षेत्रफल पी1 (6 बिस्वा) /पी2 (254 वर्ग मीटर)/पी3-(147.05 वर्ग मीटर)	02 सितंबर, 2026 रु. 25,34,639.21/	02/05/ 2026

नोटिस की सबस्टिट्यूटेड सर्विस (वैकल्पिक तामील) के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं। ऊपर बताए गए उधारकर्ता/गारंटर (जैसा भी मामला हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के पब्लिश होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया पेमेंट कर दें। ऐसा न करने पर, सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।
दिनांक :- 23 अक्टूबर, 2026
स्थान :- वाराणसी
भवदीय, अधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए।

उत्तर मध्य रेलवे
ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 30/2026 दिनांक : 16.10.2026
ई-प्रापण निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मंडल सामग्री प्रबंधक, उ0म0रे0, प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते है।

क्रमांक	निविदा संख्या	विवरण	मात्रा	ई.म.डी.रू	निविदा खुलने की तिथि
1	19267644	रेल सतह घर्षण मापी।	05 नग.	1,19,770/-	16.11.2026
2	19267288	500 टन व्हील प्रेस मशीन।	01 नग.	4,61,720/-	17.11.2026
3	19267510A	26 व्यक्तियों (G-3) वाली यात्री लिफ्ट।	02 नग.	1,98,420/-	12.11.2026

नोट - 1. उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T.Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। 4. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट https://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 2394/26 (C)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे
निविदा सूचना सं. - 74-डब्लू-सीएसपी-25-26-07 दिनांक: 21.10.2026
खुली ई-निविदा सूचना
उप मुख्य इंजीनियर/कंक्रीट स्लीपर प्लान्ट, उमरे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिए ई-निविदा खुलने की निर्धारित तिथि के 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है -

निविदा नं० :	कार्यों का विवरण
74-W-CSP-25-26-07	सीएसपी/एसएफजी/पीआरवाईजे में स्ट्रेस बेंच, मोल्ड, सॉफ्टनर प्लांट, रोलर बेड आदि की आपूर्ति और स्थापना।

अनुमानित मूल्य (रू.)	बयाने की रकम (रू.)	कार्य समापन की अवधि	निविदा खुलने की तिथि	समकक्ष कार्य
84.26 लाख	1.685 लाख	06 महीना	16.11.2026	स्ट्रक्चरल स्टील फैब्रिकेशन का कोई भी काम

नोटः 1. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया जायेगा एवं खुलने की तिथि को 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। 2. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रुप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरो को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें पेज पर प्रविष्ट एवं डिजिटली हस्ताक्षरित विचारणीय होगा। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फर्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदा कर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। निविदाकर्ता को IREPS Module पर Annexure-V ऑनलाइन प्रस्तुत करना आवश्यक है। 5. विस्तृत जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किये गये निविदा प्रपत्रों के देखें। 6. बायाने की राशि केवल नेट बैंकिंग अथवा गेटवे ई-भुगतान के रुप में ही स्वीकार की जायेगी। 7. किसी भी प्रकार की तकनीकि समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से संपर्क किया जा सकता है। 8. ऑनलाइन निविदा खुलने की तिथि को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है, तथा उसी दिन 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। 9. माल और/ सेवाओं के आपूर्तिकर्ता समय-समय पर लागू जी.एस.टी अधिनियम और नियमों के अधीन होंगे। 10. रेलवे के पास, किसी भी टेण्डर को बिना कोई कारण बताए संशोधित/स्थगित/ निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। 11. निविदाकर्ता को निविदा खुलने से पहले (सम्मिलित) अपलोड किए जाने वाले एनआईटी/निविदा दस्तावेज के शुद्धिपत्र/परिशिष्ट के लिए वेबसाइट पर नजर रखनी चाहिए, क्योंकि इसके लिए कोई अलग सूचना नहीं दी जाएगी। 2411/26 (D)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, वाराणसी से- ओम प्रकाश शर्मा द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त, स्थानीय कार्यकारी सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः बैंक रोड, प्रयागराजः 3,लीडर रोड, कानपुरः बांसमण्डी, झांसीः झोंकन बाग, लखनऊः 1,जापलिंग रोड, आगराः महात्मा गांधी रोड, बरेलीः रोड नं. 3 परसाखेड़ा, पटनाः फ्रेजर रोड, रांचीः नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, जमशेदपुरः न्यू काली माटी रोड-साकची।
वर्ष-107 पू.सं. 899678131022458
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

उत्तर मध्य रेलवे
निविदा संख्या-वि0-ग0श0यू0/कार्य/ठेका/83/2026
प्रथम शुद्धि पत्र
प्रशासनिक कारणों से, 17.10.2026 को समाचार पत्रों में प्रकाशित टेंडर नोटिस संख्या GSU/Elect/PRYJ/E-Tender Notice/ 2026/73 दिनांक 01.10.2026 की संबंधित तारीखों में बदलाव किए गए हैं। टेंडर अब नीचे दी गई संशोधित तारीख पर खोला जाएगा: कार्य का विवरण : प्रयागराज मण्डल में इलेक्ट्रिक ट्रिप शेड PRYJ में एडवांस ट्रिप मेंटेनेंस सेंटर का प्रावधान के कारण 25 के0वी0 ओ0एच0ई0 में संशोधन का कार्य। विवरण : निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : पहले : 23.10.2026 & 14:00 बजे, संशोधित : 09.11.2026 & 14:00 बजे, निविदा खुलने की तिथि तथा समय : पहले : 23.10.2026 & 15:00 बजे, संशोधित : 09.11.2026 & 15:00 बजे। नोट : अन्य सभी विवरण, नियम और शर्तें निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज में उल्लिखित शर्तों के समान ही रहेंगी। 2377/26 (AS)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY
Established by Govt. of NCT of Delhi vide Act 6 2009
(Formerly Delhi College of Engineering)
Shahbad Daulatpur, Bawana Road, Delhi- 110042
F.DTU/Rectt./Assistant Prof./2026/F-1018/5603 Dated: 22/10/2026
Advertisement Notice No. 04/2026
RECRUITMENT FOR THE POSTS OF ASSISTANT PROFESSOR INCLUDING BACKLOG VACANCIES WITH SPECIAL DRIVE FOR PwBD CATEGORY
Opening Date & Time for Submission of Online Applications: - 23rd October, 2026 from 11:00 AM onwards
Closing Date & Time for Submission of Online Applications: - 07th December, 2026 till 05:00 PM
Delhi Technological University is a teaching-cum-research University committed to foster excellence in education, research, technology incubation, product innovation, outreach and extension activities in Engineering, Management, and Applied Sciences. The University invites applications from the talented individuals to fill up the posts of Assistant Professor on direct mode of recruitment. The details of the vacancy position are as given below:

S. No.	Discipline	UR	SC	ST	OBC	EWS	Total Vacant posts	PwBD*
A	B	C	D	E	F	G	H	I
1.	Applied Chemistry	0	1	0	3	0	4	0
2.	Chemical Engineering	1	0	1	2	0	4	0
3.	Applied Mathematics	4	1	0	3	3	11	1
4.	Mathematics & Computing	1	0	0	1	0	2	0
5.	Applied Physics	7	2	2	3	1	15	1
6.	Engineering Physics	1	2	0	6	2	11	1
7.	Automobile Engineering	6	1	1	2	2	12	1
8.	Civil Engineering	7	2	2	6	3	20	2
9.	Management (DSM)	0	3	2	3	2	10	1
10.	Electronics & Communication Engineering	1	1	0	1	1	4	0
11.	Electrical Engineering	2	1	1	2	2	8	0
12.	Environmental Science & Engineering	3	1	0	2	0	6	1
13.	Humanities (Economics)	1	1	1	2	0	5	0
14.	Humanities (English)	1	0	1	1	0	3	0
15.	Production Engineering	9	3	1	5	2	20	2
16.	Mechanical Engineering	2	4	1	9	2	18	2
17.	Information Technology	1	1	1	6	0	9	1
18.	Software Engineering	2	0	0	1	0	3	0
19.	Computer Science & Engineering	7	1	6	16	6	36	3
20.	Economics (USME)	0	0	0	1	0	1	0
21.	Design	2	0	0	1	0	3	0
22.	Biotechnology	1	1	0	2	2	6	1
23.	Geospatial Science#	0	0	1	0	1	2	0
24.	Geospatial Technology#	3	1	0	2	0	6	0
	Total	62	27	21	80	29	219	17

* For applicable Benchmark Disability for these posts, reference be made to the detailed advertisement available at the university website i.e. www.dtu.ac.in.
# The regularisation of incumbents against these posts shall be after the application for creation, approval and sanction of these posts, as at present these posts have been borrowed from the sanctioned posts of other disciplines.
The above-mentioned vacancies are provisional and can be varied as per the requirement of the University.
For the detailed advertisement candidates are required to visit the university website i.e. www.dtu.ac.in. The interested candidates are required to fill up the application form through ONLINE mode only available at University website www.dtu.ac.in. Candidates are required to retain a copy of printout of the application form. All further communications related to recruitment will be displayed on the university website from time to time. In this regard, no personal communication will be entertained. Registrar

बस की चपेट में आने से व्यापारी की मौत

मरदह, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के मरदह-जलालाबाद मार्ग पर कबीरपुर गांव के पास बीती देर रात्रि में मरदह से साइकिल से घर जा रहे सुर्ती विक्रेता हरेन्द्र प्रजापति उर्फ सिपाही निवासी बगही भोजापुर को पीछे से आ रही तीव्र गति बस ने टक्कर मार दी। हादसे में गम्भीर रूप से घायल हरेन्द्र प्रजापति को मऊ स्थित जिला अस्पताल ले जाया गया । वहाँ उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। घटना के बाद टक्कर मारने वाली बस का चालक बस सहित मौके से फरार हो गया । हरेन्द्र प्रजापति नित्य की भांति मरदह स्थित अपनी सुर्ती की दुकान बन्द करके साइकिल से घर जा रहे उस दौरान वह हादसे के शिकार हो गए। हादसे के बाद उनकी पत्नी लालमुनी सहित महिलाओं के रोने बिलखने से गांव में मातम छाया हुआ है। हरेन्द्र प्रजापति के एक पुत्री है दो पुत्र है पुत्री की शादी हो चुकी है दोनो पुत्र घर से बाहर जाकर नौकरी करते है ।लम्बे समय से सुर्ती बेचकर परिवार काजीविकोपार्जन करते थे। मरदह थानाध्यक्ष अनिल सिह ने बताया टक्कर मारने के आरोपी बस चालक को हिरासत में लेने के साथ ही बस को पुलिस ने कब्जे में लिया है।

रेलवे क्रासिंग के पास मिला अधेड़ का शव, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

गाजीपुर। आलमपट्टी सब्जी मंडी के पास रेलवे क्रॉसिंग के निकट गुरुवार तड़के करीब तीन बजे अशोक कुमार पांडेय (60) का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रेलवे कर्मचारियों की सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव के चेहरे और कान के पास चोट के निशान मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।परिजनों के मुताबिक अशोक कुमार पांडेय बुधवार शाम करीब पांच बजे घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। इससे परिवार के लोग चिंतित थे। गुरुवार सुबह उनकी बेटी शिवानी पांडेय को रेलवे क्रॉसिंग के पास शव मिलने की सूचना मिली। इसके बाद शिवानी अपने पति अनिल त्रिपाठी के साथ मौके पर पहुंचीं। परिजनों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर मौत की असली वजह सामने लाने की मांग की है।



मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। छाया:आज

सांप के काटने से युवक की मौत

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के फिरोजपुर कलां गांव में सोते समय सांप के काटने से 36 वर्षीय युवक अक्षय कुमार की मौत होगाजीपुर के मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के फिरोजपुर कलां गांव में सोते समय सांप के काटने से 36 वर्षीय युवक अक्षय कुमार की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बृहस्पतिवार रात करीब 4 बजे की है। अक्षय कुमार खाना खाने के बाद चारपाई पर सो रहे थे, तभी मध्य रात्रि में चारपाई के पाए के सहारे चढ़े एक सांप ने उन्हें डस लिया। सांप के काटने के बाद परिजनों ने तुरंत उन्हें गाजीपुर के अस्पताल पहुंचाया। वहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया, वाराणसी ले जाते समय रास्ते में ही की मौत हो गई।



चारों भाइयों का मिलन का दृश्य। छाया:आज

चारों भाइयों का मिलन देख छलकी आंखें

आधी रात के बाद संपन्न हुआ भरत मिलाप

गाजीपुर। अति प्राचीन श्रीरामलीला कमेटी हरिशंकरी के तत्वावधान में बुधवार की देर रात पारंपरिक भरत मिलाप का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभु श्रीराम और उनके भाइयों के मिलन का भावपूर्ण दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के तहत शाम छह बजे हरिशंकरी स्थित श्रीराम सिंहासन से भरत जी की शोभायात्रा निकाली गई। रथ पर भरत, शत्रुघ्न और गुरु वशिष्ठ सवार थे। नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई शोभायात्रा महाजन टोली, झुन्नू लाल चौराहा, आमघाट, राजकीय महिला महाविद्यालय, ददरी घाट चौक और महुआबाग चौराहे से होते हुए देर रात सकलेनाबाद पहुंची। यहां रात करीब एक बजे भरत मिलाप का आयोजन संपन्न हुआ। प्रभु श्रीराम के आगमन और भाइयों के मिलन के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। मुहम्मदाबाद प्रतिनिधि के अनुसार- लगभग 80 वर्षों से चली आ रही भरत मिलाप की ऐतिहासिक परंपरा इस वर्ष भी श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। रामलीला समिति एवं आदर्श नव दुर्गा पूजा समिति, कठऊत बाजार के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में भगवान श्रीराम और भरत के प्रेम, त्याग, समर्पण एवं भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी रणविजय सिंह, क्षेत्राधिकारी सुधाकर पाण्डेय तथा थाना प्रभारी पवन कुमार उपाध्याय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विसर्जन के दौरान मिला मोबाइल को लौटाया

जखनिया, गाजीपुर । भुड़कुड़ा कोतवाली के परसपुर गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दर्जनों युवक डीजे की धुन पर नाच-गा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही श्रवण कुमार का करीब 25 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन कहीं रास्ते मे ही गिर गया। वह मोबाइल दर्शक रामशरण के हाथ लगा। उन्होंने ईमानदारी का परिचय देते हुए मोबाइल विसर्जन कमेटी के अध्यक्ष के माध्यम से श्रवण कुमार को वापस करवा दिया। मोबाइल वापस मिलने पर श्रवण कुमार ने राहत की सांस ली।

चुनाव की सारी तैयारियां पूरी

आज होगा चुनाव

भांवरकोल (गाजीपुर)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए वाराणसी खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक के द्विवर्षिक चुनाव के लिए ब्लॉक मुख्यालय परिसर में मतदान की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यहां स्नातक मतदाताओं के लिए दो बूथ तथा शिक्षक मतदाताओं के लिए एक बूथ बनाया गया है। बूथ संख्या 131 पर कुल 1214 स्नातक मतदाता तथा बूथ संख्या 131 (अ) पर कुल 1100 स्नातक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसी मतदान केंद्र पर शिक्षक मतदाताओं के लिए बनाए गए बूथ संख्या 51 पर कुल 187 शिक्षक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। ब्लॉक मुख्यालय स्थित तीनों मतदेय स्थलों (बूथों)पर संबंधित पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। नायब तहसीलदार नीतीश कुमार शाही एवं नायब तहसीलदार अजीत कुमार सिंह मतदान केंद्र पर पहुंचकर खंड विकास अधिकारी प्रेमचंद के साथ परिसर का भ्रमण कर व्यवस्था को दिखा।

मतदाता सूची में मामूली त्रुटि पर नहीं रोका जायेगा मतदान

गाजीपुर। विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 के मतदान में मतदाता सूची में नाम, विवरण या अन्य प्रविष्टियों में मामूली लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी त्रुटियों के कारण किसी भी पात्र मतदाता को उसके मताधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा। मतदाता की पहचान सुनिश्चित होने पर उसे मतदान करने की अनुमति दी जाएगी। यह निर्देश जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान के दौरान यदि किसी मतदाता के विवरण में मतदाता सूची में लिपिकीय या मुद्रण संबंधी अशुद्धियां मिलती हैं, तो पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी उसकी पहचान सुनिश्चित करेंगे। अनुमन्य दस्तावेजों या मतदाता सूची में दर्ज अन्य विवरणों के आधार पर यदि अधिकारी संतुष्ट हो जाते हैं कि संबंधित व्यक्ति वही मतदाता है, जिसका नाम सूची में दर्ज है, तो मामूली त्रुटियों को नजरअंदाज करते हुए उसे मतदान का अवसर दिया जाएगा।

बीएसएफ जवान का शव आते ही गांव में कोहराम

बरही, गाज़ीपुर। कासिमाबाद थाना अंतर्गत ग्राम सभा खजूर गांव के 53 वर्षीय बीएसएफ के जवान प्रेम कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय हरिनारायण सिंह का हार्ट अटैक से असम गुवाहाटी में इलाज के दौरान शहीद हो गए। उनके पैतृक निवास पर गुवाहाटी से दिल्ली वाया बाबतपुर उनके शव को लाया गया, वहां से बीएसएफ के जवानों द्वारा वाराणसी से रिसीव करके उनके पैतृक गांव खजूर गांव लाया गया। अपने पीछे पत्नी बबीता सिंह बड़े बेटे प्रिंस कुमार सिंह पीयूष सिंह और बेटी प्रीति सिंह जिनका 30 नवंबर को शादी पड़ी थी। शोक संवेदना में प्रमुख रूप से श्री राजेश सिंह जी श्री शशिकांत सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम नारायण यादव, प्रधान अशोक सिंह, बृजवासी सिंह शमशेर सिंह, राजेश गुप्ता, शिवलाल चौहान सहित वरिष्ठ नेता, पत्रकार, समाजसेवी, सैनिक शौर्य संगठन के पदाधिकारी लोग उपस्थित रहे।

हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल है उतरांव की रामलीला

उतरांव (गाजीपुर)। गाजीपुर जनपद के उतरांव ग्रामसभा में प्रसिद्ध रामलीला का शुभारंभ नारद मोह प्रसंग के साथ हुआ। करीब दस दिनों तक चलने वाली इस रामलीला को देखने के लिए दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचते हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत हिंदू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारा है, जहां दोनों समुदायों के लोग न केवल रामलीला में अभिनय करते हैं, बल्कि आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग भी देते हैं। इस रामलीला में मुस्लिम समुदाय के अहसान अंसारी रावण की भूमिका निभाते हैं। धार्मिक आस्था से जुड़े इस आयोजन में उनकी भागीदारी सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश करती है। गांव के लोगों के सामूहिक सहयोग से आयोजित होने वाली यह रामलीला क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखती है।उतरांव की यह रामलीला धार्मिक परंपरा के निर्वहन के साथ-साथ सामाजिक समरसता का संदेश भी दे रही है। यहां मंच पर निभाए जाने वाले पात्रों से आगे बढ़कर गांव के लोग आपसी सहयोग और सद्भाव की ऐसी मिसाल पेश करते हैं, जो समाज को एकता के सूत्र में बांधने की प्रेरणा देती है।

सालाना उर्स आज

जमानिया, गाजीपुर। स्थानीय क्षेत्र के पटखौलिया स्थित कब्रिस्तान में हजरत मुस्तकीम शाह बाबा का सालाना उर्स शुक्रवार को पूरी अकीदत और एहतराम के साथ आयोजित किया जाएगा। उर्स के मौके पर अकीदतमंद बाबा की मजार पर चादरपोशी कर अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगेंगे। यह जानकारी डॉ. जाने आलम खान ने दी है।

अस्पताल गेट पर टूटा बिजली का खम्भा

नंदगंज (गाजीपुर)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नंदगंज के गेट के पास सोमवार को भुसी लदे ट्रक की टक्कर से बिजली का खंभा टूट गया। संयोगवश हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। टूटे खंभे के केबल के सहारे लटकने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। हैरानी की बात है कि प्रत्यक्षदर्शियों ने ट्रक का नंबर फोटो सहित विद्युत विभाग के कर्मचारियों को उसी दिन उपलब्ध करा दिया था। इसके बावजूद नंदगंज विद्युत उपकेंद्र के जेई राघवेन्द्र सिंह ने गुरुवार तक अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर नहीं दी है। ऐसे में सवाल उठता है कि ट्रक का नंबर और फोटो उपलब्ध होने के बाद भी विभागीय कार्रवाई क्यों नहीं हुई? अस्पताल के मुख्य गेट पर लटकते खंभे को सुरक्षित कराने और जिम्मेदार चालक के खिलाफ कार्रवाई करने में विभाग की यह उदासीनता उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र ने बताया कि विद्युत विभाग की तरफ से कोई प्रार्थना पत्र आज तक नहीं दिया गया है।

गुलाबी ठंड की हो रही दस्तक

ताजपुर डेहमा, गाजीपुर। गुलाबी ठंड के दस्तक देते ही स्वेटर और शाल का बाजार सज गया है। यही कारण है कि ग्रामीण सहित अन्य क्षेत्रों में दुकान पर सजे शाल, स्वेटर की बिक्री शुरू हो गई है। विभिन्न रंगों और डिजाइनों में उपलब्ध इन उनी कपड़ों की खरीदारी के लिऐ महिलाएं जोर शोर से दुकानों पर भीड़ लग रही है। दशहरा के बाद से ही मौसम के मिजाज में बदलाव दिखाई दे रहा है।शाम होते ही तापमान में कमी के वजह से लोगों को सर्दी का एहसास होने लगा है। सर्दी का मौसम आते ही लोगों को गरम कपड़ों बिशेष कर स्वेटरों की जरूरत महसूस होने लगी है। यही कारण है कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में उनी कपड़ों का बाजार सज गया है।



शहीद पर माल्यार्पण करते समाजसेवी। छाया:आज

राष्ट्रीय बाक्सिंग में शिल्पा ने जीता कांस्य पदक, जिले का बढ़ाया मान

गाजीपुर। शाह फ़ैज़ पब्लिक स्कूल, गाजीपुर की छात्रा शिल्पा यादव ने सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026 में कांस्य पदक जीतकर जिले और विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। हरियाणा के कैथल स्थित आरकेडी पब्लिक स्कूल में 15 से 20 अक्टूबर तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यालय के चार खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शिल्पा यादव के अलावा नेवेद्या आनंद, अर्पिता कुमारी और अंजली यादव ने भी भाग लिया। इन चारों खिलाड़ियों ने प्रतापगढ़ में 15 से 18 अगस्त 2026 तक आयोजित सीबीएसई क्लस्टर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई थी। राष्ट्रीय स्तर पर शिल्पा ने कांस्य पदक अपने नाम कर अपनी मेहनत और प्रतिभा का परिचय दिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक डॉ. नदीम अधमी ने खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने आशा जताई कि सभी खिलाड़ी भविष्य में भी अपनी प्रतिभा के दम पर नई उपलब्धियां हासिल करेंगे।



छात्रा को मेडल पहना कर सम्मानित करते निदेशक। छाया:आज

बुलट सिंह बने राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के प्रदेश प्रभारी

गाज़ीपुर। बिरनो गांव निवासी अजीत सिंह बुलट को राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ में प्रदेश प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के संगठन विस्तार कार्यक्रम के तहत उनका मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बाल त्यागी की सहमति से किया गया। संगठन की ओर से जारी मनोनयन पत्र के अनुसार अजीत सिंह बुलट का चयन राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर, स्वतंत्र प्रभारी श्रीमंत विक्रमादित्य सिंह जूदेव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रिन्स जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ इकबाल त्यागी तथा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा की सहमति से किया गया है। नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी को संगठन हित के साथ समाज सेवा, गौसेवा और गौरक्षा से जुड़े कार्यों को गति देने की जिम्मेदारी दी गई है। उनका कार्यकाल मनोनयन की तिथि से एक वर्ष निर्धारित किया गया है। संगठन के अनुसार कार्य संतोषजनक पाए जाने पर कार्यकाल को आगे भी बढ़ाया जा सकता है।उनके मनोनयन से समर्थकों एवं संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं में उत्साह है।



सभासदों का १५ वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना

जमानिया, गाजीपुर। स्थानीय नगर पालिका परिषद में विभिन्न जनसमस्याओं और कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सभासदों का अनिश्चितकालीन धरना गुरूवार को 15 वें दिन भी जारी रहा। सभासद आउटसोर्सिंग कर्मियों की पदवार सूची जारी करने, नए गृहकर की कथित जबरन वसूली पर रोक लगाने, सभासदों के प्रस्तावों की अनदेखी बंद करने और नगर में ठप पड़ी साफ-सफाई व पथ-प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग को लेकर नगर पालिका परिसर में डटे हुए हैं। धरने पर बैठे सभासदों ने नगर पालिका चेयरमैन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पालिका में मनमाने ढंग से कार्य कराया जा रहा है और जनता के पैसों का दुरुपयोग हो रहा है। धरने में प्रमुख रूप से सभासद प्रमोद यादव, राकेश प्रजापति, अंजनी गुप्ता, सचिन वर्मा, मोहन गुप्ता, आशीम खां, रजनीकांत उपाध्याय, उमराव यादव, शिवबचन यादव और अरशद सहित कई अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

छात्रा ने सिपाही पर लगाया यौन शोषण का आरोप

गाजीपुर में 10वीं की छात्रा ने एक सिपाही पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। छात्रा ने कहा- सिपाही ने मुझे शादी का झांसा देकर जाल में फंसाया। होटल ले जाकर बिना कपड़ों के मेरी फोटो खींच ली। मुझे ब्लैकमेल करने लगा। दूसरों के साथ शारिरिक संबंध करने के लिए भेजा। अब परिवार भी मेरे साथ नहीं। मैं मरना चाहती हूं। छात्रा ने वीडियो बनाकर एसपी से सिपाही के खिलाफ शिकायत की है। एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि जांच कराई जा रही है। गहमर थाने में तैनात सिपाही मोहित यादव ने कहा- मुझे फंसाने की कोशिश की जा रही। वह प्रतापगढ़ जिले का रहने वाला है। 17 साल की छात्रा ने आरोप लगाया 6 महीने पहले मैं अपनी बुआ के साथ लखनऊ घूमने गई थी। मैं हावड़ा अमृतसर-एक्सप्रेस से वापस आ रही थी। तभी बगल की सीट पर बैठे मोहित यादव से बातचीत शुरू हो गई। बातों-बातों में उसने बताया कि मैं एक सिपाही हूं। गहमर थाने में तैनात हूं। मेरा नंबर ले लो। जब कभी जरूरत हो तो बताना। धीरे-धीरे मेरी मोहित के बीच गहरी दोस्ती हो गई। वो प्यार-मोहब्बत की बातें करके शादी का झांसा देने लगा। मुझे होटल ले जाने लगा। उसने बातों-बातों में मेरी बिना कपड़ों की फोटो और वीडियो बना ली। मैं उसकी बातों में आकर पागल सी हो गई थी। मैं उसकी सारी बातें मानने लगी थी। मुझे उसकी असलियत तब पता चला जब उसने कहा कि हमारी शादी में खर्च लगेगा। क्योंकि मां-बाप हमारी शादी के लिए राजी नहीं होंगे। कुछ कमा लिया जाए। मैंने पूछा कि क्या करना होगा तो उसने बताया कि जहां-जहां मैं तुम्हें भेजूं वहां-वहां जाकर उन लोगों को फंसाओ। जब वह तुम्हारे साथ सेक्स करने को तैयार हों तो तुम मिस कॉल मार देना। मैं और मेरे साथी आकर दबोच लेंगे। मैं उसकी बातों में आ गई और उसने अपने साथ-साथ कई लोगों से मेरा यौन शोषण करवाया। ये बातें मैंने अपनी बुआ को डर-डर के बताईं कि सिपाही मोहित और उसके साथी मिलीभगत करके मुझे ब्लैक मेल कर रहे हैं। गंदी-गंदी वीडियो को यूट्यूब, फेसबुक पर डालने की धमकी दे रहे हैं। मुझे लोगों के पास भेजकर सेक्स रैकेट में फंसा रहे हैं। अब मैं क्या करूं? मुझे बस अब मरने का मन कर रहा है। परिवार के लोग बदनामी के डर से मामले को खत्म करना चाहते हैं। परिवार भी मेरा साथ नहीं दे रहा। लेकिन मैं अपने बयान से पीछे नहीं हटूंगी। मुझे न्याय चाहिए। सिपाही और छात्रा के बीच की व्हॉटसएप चैट भी सामने आई है। सिपाही ने छात्रा को मैसेज कर लिखा- मैं शादी करने को तैयार हूं। तुम शिकायत वापस ले लो। मुझसे आकर मिलो। छात्रा ने वीडियो बनाकर कहा कि 5 अक्टूबर को एसपी से मिलकर शिकायत दी थी। कोई कार्रवाई न होने पर वह जमानिया के सीओ के पास पहुंची, जहां उसका बयान दर्ज किया गया। बयान दर्ज कराने के बाद लौटते समय गहमर थाने में तैनात सिपाही एक अन्य सिपाही के साथ मिला। उसने छात्रा, उसके पिता और बुआ को जान से मारने की धमकी दी और बयान बदलने का दबाव बनाया। जबरन एक कागज पर साइन करा लिए। छात्रा ने कहा- माता-पिता को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी

युवक का शव परिजनों को सौंपा

जमानिया। कोतवाली क्षेत्र के राजपुर गांव में कुएं में गिरकर जान गंवाने वाले 36 वर्षीय संतोष कुमार की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पूरी तरह स्पष्ट हो गया है। बुधवार शाम चिकित्सक द्वारा किए गए पोस्टमार्टम में युवक की मौत कुएं के पानी में डूबने (एंटी मॉर्टम ड्राउनिंग) से होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद देर रात गंगा घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटनाक्रम के अनुसार, मंगलवार की देर रात संतोष कुमार अपनी पत्नी रेखा के साथ गांव में आयोजित रामलीला देखकर घर लौटा था। कुछ देर बाद वह शौच के लिए घर से बाहर निकला। घर से कुछ ही दूरी पर स्थित कुएं के पास अचानक उसका पैर फिसल गया या संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सीधे गहरे कुएं में जा गिरा।

५४ केंद्रों पर ३३७७० मतदाता ३४ प्रत्याशियों के भाग्य का करेंगे फैसला

स्नातक-शिक्षक चुनाव आज, सदर तहसील से रवाना हुई पोलिंग पार्टियां



बलिया। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को तहसील सदर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया। जिले में 23 अक्टूबर को होने वाले इस निर्वाचन के लिए कुल 54 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। निर्वाचन संबंधी आंकड़ों के अनुसार, जिले में स्नातक निर्वाचन के लिए 34 बूथ और शिक्षक निर्वाचन के लिए 20 बूथ बनाए गए हैं। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 33,770 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें स्नातक निर्वाचन के 28,859 और शिक्षक निर्वाचन के 4,911 मतदाता शामिल हैं। इस चुनाव में स्नातक निर्वाचन के लिए 24 प्रत्याशी मैदान में हैं, जबकि शिक्षक निर्वाचन में 10 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस प्रकार दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 34 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। प्रशासन की ओर से निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। पोलिंग पार्टियों को निर्धारित बूथों पर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए रवाना किया गया। निर्वाचन के दौरान मतदान व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और कानून-व्यवस्था कायम रखने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला प्रशासन का लक्ष्य निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है, ताकि सभी मतदाता बिना किसी बाधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस अवसर पर सीडीओ आलोक कुमार, एडीएम अनिल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा, डीडीओ आनंद प्रकाश, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

२० पोलिंग सेंटर और ५४ बूथों पर होगी कड़ी निगरानी

बलिया। 23 अक्टूबर दिन शुक्रवार को होने वाली स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चुनाव ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ईराज राजा ने निर्देश दिया कि सभी पुलिसकर्मी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय से पहुंचें और पूरी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मतदान केंद्रों पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच सुनिश्चित की जाए। मतदाताओं के पहचान पत्र की जांच करने के बाद ही नियमानुसार प्रवेश दिया जाए। उन्होंने मतदान केंद्रों के अंदर प्रतिबंधित सामग्री ले जाने पर रोक लगाने तथा मतपेटिकाओं की सतत निगरानी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मतपेटिकाओं में स्याही, पानी या किसी अन्य सामग्री को डालने जैसी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए।

सरयू के कटान से गांवों के अस्तित्व पर संकट

मुख्यमंत्री से बड़ी परियोजना शुरू करने की गुहार

बैरिया (बलिया)। सरयू नदी के भीषण कटान से सुरेमनपुर दियरांचल के आधा दर्जन गांवों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है।पिछले एक दशक से कटान की मार झेल रहे करीब 50 हजार की आबादी वाले क्षेत्र के ग्रामीणों ने अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई है।उपजिलाधिकारी के माध्यम से भेजे गए पत्र में ग्रामीणों ने कटान की गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर बड़ी कटानरोधी परियोजना शुरू कराने तथा वशिष्ठनगर, गोपालनगर,गोपालनगर टांडी,शिवाल मठिया और मानगढ़ सहित अन्य गांवों को बचाने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि सरयू नदी के कटान से लगातार उपजाऊ कृषि भूमि नदी में विलीन हो रही है। अधिसिझुआ, चांददियर, चाईछपरा, मधुबनी, गंगापुर, सुरेमनपुर, दुर्जनपुर, हनुमानगंज, नारायणगढ़, झरकटहां, नवकागांव और देवपुर मठिया सहित कई गांवों की कृषि भूमि कटान की चपेट में है।खेती की जमीन गंवाने के कारण अनेक किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार कृषि भूमि छिनने से कई किसान मजदूरी करने को मजबूर हो गए हैं। ग्रामीणों ने पत्र में दावा किया है कि पिछले दस वर्षों के दौरान सरयू नदी में करीब 500 मकान समा चुके हैं, जबकि लगभग 10 हजार एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि नदी की धारा में विलीन हो चुकी है।उनका कहना है कि कटान की यही रफ्तार जारी रही तो आने वाले समय में कई गांवों का अस्तित्व मिटने का खतरा बढ़ जाएगा और बड़ी आबादी को विस्थापन का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर कटान की समस्या के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। साथ ही बाढ़ विभाग की ओर से कराए जाने वाले कटानरोधी कार्यों में भ्रष्टाचार और अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।उनका कहना है कि इतने वर्षों से गंभीर समस्या बने रहने के बावजूद गांवों को सुरक्षित रखने के लिए व्यापक और स्थायी समाधान नहीं किया जा सका है।गोपालनगर ग्राम पंचायत की प्रशासक किरण देवी,मानगढ़ के प्रशासक राजकुमार यादव और शिवाल के प्रशासक परमात्मा गोंड के अलावा विजय कुमार यादव,सुनील यादव तथा चंद्रशेखर यादव ने मुख्यमंत्री से इस समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने की मांग की है।ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री सरयू नदी के कटान से प्रभावित गांवों की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए बड़ी कटानरोधी परियोजना को मंजूरी दिलाने और प्रभावित आबादी व कृषि भूमि की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश देंगे।

डीडीओ कोड जारी, तीन माह बाद भी शासन से नहीं मिली धनराशि

बैरिया (बलिया)। संयुक्त राजकीय चिकित्सालय सोनबरसा को शासन की ओर से डीडीओ (आहरण एवं वितरण अधिकारी) कोड जारी किए जाने के बावजूद अब तक धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके चलते अस्पताल में कई जरूरी कार्य अटके हुए हैं और कुछ सेवाओं को शुरू करने में बाधा आ रही है। इसका खामियाजा मरीजों के साथ ही चिकित्साधिकारियों और चिकित्सा कर्मियों को भी भुगतना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि करीब तीन माह पूर्व शासन ने अस्पताल के सुचारु संचालन के लिए डीडीओ कोड जारी किया था। इससे अस्पताल के संचालन संबंधी खर्चों के लिए धनराशि मिलने की उम्मीद जगी थी, लेकिन अब तक संबंधित मद में एक भी रुपया नहीं आया है।नतीजतन जांच कक्ष में एसी लगाने, कई जांच मशीनों को स्थापित करने और वार्डों में जरूरी सुविधाओं का विस्तार करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य अधूरे पड़े हैं। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक धनराशि उपलब्ध कराने के लिए कई बार वित्त नियंत्रक को पत्र भेजकर अनुरोध किया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक धनराशि जारी नहीं होने से अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की योजना आगे नहीं बढ़ पा रही है। इस संबंध में संयुक्त राजकीय चिकित्सालय सोनबरसा के अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने बताया कि डीडीओ कोड जारी हुए करीब तीन माह हो चुके हैं, लेकिन संबंधित मद में अभी तक कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुई है।

युवक को धमकाने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

नगरा (बलिया)। युवक को मारने-धमकाने के मामले में नगरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार प्रार्थी ओमकार कुशवाहा नगरा दुर्गा पूजा समिति का सदस्य हैं। 21 अक्टूबर की रात जब प्रतिमा विसर्जन के दौरान जुलूस गुजर रहा था, तभी काली गली स्थित बगल में रहने वाला एक व्यक्ति अपने घर के बाहर चबूतरे पर निकल जुलूस में शामिल ओमकार को धक्का देते हुए गाली-गलौज करने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए विसर्जन को लेकर अपशब्द कहे और धार्मिक उन्माद फैलाने की नियत से धमकाया। थानाध्यक्ष संजय मिश्र ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच जारी है। हालांकि पुलिस की सूझबूझ से बाजार में शांति है और मूर्ति विसर्जन भी सम्पन्न हो गया। विवाद की जानकारी होते ही नगरा में उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी रसड़ा पहुंच गए।

फेफना खेल महोत्सव के विजेता पुरस्कृत



नरहीं (बलिया)। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित 'जननायक चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव' के क्लस्टर एक की प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण बृहस्पतिवार को सेवा संघ इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर किया गया। बिहार भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष रंजन राय ने बतौर मुख्य अतिथि विजेताओं को पुरस्कृत किया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि ख्यातिलब्ध भोजपुरी गायक गोपाल राय ने भी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में आयोजक पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने अतिथि द्वय का स्वागत अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इसके पूर्व सेवा संघ इंटर कॉलेज सोहांव के खेल मैदान पर आयोजित क्लस्टर एक की प्रतियोगिता के जूनियर बालक क्रिकेट फाइनल में सेवा संघ इंटर कॉलेज, सोहांव ने एसएसआईसी की टीम को रोमांचक फाइनल में दो विकेट से मात देकर खिताब पर कब्जा जमाया। जूनियर बालक कबड्डी के फाइनल में स्वामी सहजानंद ने बसंतपुर को 18-15 से एवं जूनियर बालिका कबड्डी के फाइनल में राधिका इंटरनेशनल स्कूल ने सेवा संघ इंटर कॉलेज को 9-6 से पराजित किया। वहीं सब जूनियर बालक कबड्डी के फाइनल में राधिका इंटरनेशनल स्कूल ने एंबीशन स्कूल को 15-12 से पराजित किया। सभी खेल प्रतियोगिता की विजेता टीमों ने नरही खेल मैदान पर आयोजित ग्रैंड फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। निर्णायक की भूमिका पवन कुमार राय, विनय राय, अनूप राय, संजय पांडे, अक्षय पाठक, अविनाश राय, चंद्रमणि राय, संजय पांडे, अवनीश राय, अजय विक्रम सिंह, चंद्रमणि राय, कवीन्द्र यादव, मंजूर अली, सर्वेश राय आदि रहे।

गाली-गलौज का विरोध करने पर मारपीट, दो घायल

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के उकछी गांव में शराब के नशे में गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन लोगों ने मिलकर एक युवक की पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे दूसरे ग्रामीण को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पीड़ित ने पकड़ी थाने में तहरीर दे दी है। जानकारी के अनुसार, उकछी गांव निवासी कमलेश राजभर पुत्र स्व. छबीला राजभर 18 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे रास्ते से अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि गांव में शंभू गुप्ता के दरवाजे के पास शंभू गुप्ता, शेषनाथ यादव और दशरथ वर्मा बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान शेषनाथ यादव ने कमलेश को आवाज देकर बुलाया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर कमलेश को पीट दिया। इसी बीच वहां से गुजर रहे गांव के ही हीरामन वर्मा पुत्र स्व. श्रीराम वर्मा ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। आरोप है कि शंभू गुप्ता और हीरामन वर्मा के बीच पहले से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी दौरान शंभू गुप्ता ने कथित तौर पर अपने साथियों को उकसाया, जिसके बाद हीरामन वर्मा से भी मारपीट की गई। घटना के बाद कमलेश राजभर ने पकड़ी थाने में प्रार्थना पत्र देकर शंभू गुप्ता, शेषनाथ यादव और दशरथ वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने तथा घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराने की मांग की है। पकड़ी थाना प्रभारी रंजीत विश्वकर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रार्थना की दर्ज कर ली गई है मामले की जांच की जा रही है।

स्वयंसेवकों ने निकाला भव्य पथ संचलन, अनुशासन, एकता का दिया संदेश

शताब्दी वर्ष पर चार स्थानों से एक साथ शुरू हुआ संचलन





बलिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस एवं विजयादशमी उत्सव के अवसर पर गुरुवार को बलिया नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 3000 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में घोष की धुन पर कदमताल करते हुए अनुशासन, एकता, संगठन और राष्ट्रसमर्पण का संदेश दिया। पथ संचलन अपराह्न तीन बजे नगर के चार स्थानों टाउन हॉल परिसर, पशु चिकित्सालय, दयानंद विद्या मंदिर (आर्य समाज रोड) और बिचला घाट स्थित श्री हनुमान मंदिर से एक साथ शुरू हुआ। विभिन्न मार्गों से होते हुए चारों संचलन वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचे। वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह एवं बौद्धिक कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग संघचालक राम प्रताप, सह जिला संघचालक डॉ. विनोद सिंह, मुख्य अतिथि प्रख्यात शिक्षाविद एवं अखिल भारतीय प्रचार टोली के सदस्य मुकुल कानितकर तथा कार्यक्रम अध्यक्ष अनुज सरावगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि मुकुल कानिटकर ने संघ एवं शाखा की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गंगा में डुबकी लगाए बिना उसके पवित्रत्व की अनुभूति नहीं हो सकती। गंगा को समझने के लिए उसमें उतरना पड़ता है। उसी प्रकार संघ को केवल पुस्तकें पढ़कर नहीं, बल्कि शाखा में आकर उसके संस्कारों और वातावरण को आत्मसात करके समझा जा सकता है। संघ को जानना है तो शाखा रूपी गंगा में डुबकी लगानी ही पड़ेगी। संचालन अरुण मणि ने किया। उमापति, रितेश, भोला, परमेश्वरन श्री, ओम प्रकाश राय, सुरजीत, विनय, आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सायकिल यात्रा का बलिया में स्वागत

नरहीं (बलिया)। पर्यावरण संरक्षण को लेकर नेपाल के जनकपुर से चला राष्ट्रीय सायकिल यात्रा बिहार होते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा भरौली पहुंचने पर समाजसेवियों ने गाजे बाजे एवं फूल माला के साथ स्वागत किया। पद्मश्री पद्मभूषण से सम्मानित डॉ. अनिल प्रकाश जोशी का जत्था दो अक्टूबर को नेपाल के जनकपुर से चला था जो बिहार के विभिन्न जिलों के भ्रमण करते हुए गुरूवार को सुबह भरौली गोलम्बर पर जत्था पहुंचा। जहां क्षेत्र के समाजसेवी लोगों ने स्वागत किया। डॉ अनिल प्रकाश जोशी ने बताया कि इस समय पर्यावरण संरक्षण गंभीर समस्या बनता जा रहा है इसको बचाने के लिए आम जन मानस को आगे आना पड़ेगा। विजय बागी, कुणाल राय, संजय पटेल,अंगद सिंह,झुन्ना राय, अभिषेक उपाध्याय, रूद्रा सिंह, सूर्यांश सिंह, अनुराग सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

छेड़खानी के विरोध पर बहन-भाई को मनचलों ने पीटा


सुखपुरा (बलिया)। थाना क्षेत्र के एक गांव में कक्षा 10 की छात्रा के साथ छेड़खानी व मारपीट की घटना प्रकाश में आई है। छात्र के पिता के तहरीर पर पुलिस ने आरोपित दो युवकों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कर लिया है। पीड़िता के पिता द्वारा दिए गए तहरीर में कहा गया है कि मेरी पुत्री अपने भाई के साथ कस्बे के विद्यालय में साइकिल से पढ़ने जाती है। गांव के कुछ मनचले प्रतिदिन गांव के मुख्य मार्ग पर खड़े होकर आते-जाते छात्राओं से छेड़छाड़ करते उनपर छींटाकशी करते रहते हैं। 17 अक्टूबर को जब मेरी पुत्री विद्यालय से साइकिल से अपने घर लौट रही थी तो रास्ते में गांव के दो लड़के उसकी साइकिल पकड़ लिए,उसका हाथ पकड़ कर उससे छेड़छाड़ करने लगे, अश्लील बातें करने लगे। इस बीच मेरा पुत्र विद्यालय से साइकिल से घर आ रहा था। रास्ते में उसने अपनी बहन से बदसलुकी कर रहे दो लड़कों को देखा इसके बाद उसने इन दोनों लड़कों का विरोध करना शुरू किया ही था कि दोनों लड़कों ने छात्रा के साथ उसे भी पकड़ कर उसकी बहन के साथ उसे भी मारने पीटने लगे। दोनों के शोर मचाने पर जब पड़ोस के लोग इन्हें बचाने पहुंचे तो दोनों लड़के इन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। तहरीर में छात्रा के पिता ने अपनी पुत्री और पुत्र के सुरक्षा के साथ दोनों युवकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है ताकि मेरे बच्चे निर्भय होकर पढ़ने हेतु विद्यालय आ-जा सकें।

शतचंडी महायज्ञ की तैयारियां पूरी, २६ को कलशयात्रा

बैरिया (बलिया)। क्षेत्र के बाबा धाम शुभनथही में आयोजित होने वाले श्री शतचंडी महायज्ञ की सभी तैयारियां यज्ञ समिति द्वारा पूरी कर ली गई है। 26 अक्टूबर को कलश यात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ का शुभारम्भ होगा। जिसके संरक्षक नारद बाबा व यज्ञ के अध्यक्ष स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती करपात्री धाम काशी होंगे। उक्त जानकारी देते हुए बाबा धाम के व्यवस्थापक संत ध्रुव जी महाराज ने बताया कि यज्ञ में विनय ब्रह्मचारी जी का संरक्षण रहेगा। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से यज्ञ में भाग लेकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है। इस यज्ञ का समापन 1 नवंबर को भव्य भंडारे के साथ होगा।यज्ञ को सफल बनाने तथा यज्ञ को सुरक्षा प्रदान कराने के लिए गुरुवार को ध्रव जी महाराज ने बैरिया थाने पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेन्द्र प्रसाद सिंह को यज्ञ का निमन्त्रण दिया और यज्ञ की सुरक्षा की मांग की। प्रभारी निरीक्षक ने आश्वस्त किया की यज्ञ को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए भरपूर प्रयास किया जायेगा।सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जायेगा।

राष्ट्रीय स्तर पर इंस्पायर मानक में सहभागिता कर आदित्य ने बढ़ाया मान, डीएम ने किया सम्मानित

बलिया। आरके मिशन स्कूल, सागरपाली के प्रतिभाशाली छात्र आदित्य पाण्डेय ने इंस्पायर मानक के राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता कर विद्यालय एवं जनपद का



नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर के इस मंच से लौटने पर आदित्य को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने अपने आवास पर आमंत्रित कर शॉल एवं मिठाई भेंट की और आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आदित्य ने 'सम्राट' नामक स्मार्ट यातायात प्रबंधन मॉडल तैयार किया है, जिसका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए हुआ। इस उपलब्धि के पीछे आदित्य की लगभग दो वर्षों की मेहनत, नवाचार के प्रति रुचि और शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। जिलाधिकारी ने आदित्य के मॉडल में रुचि दिखाई तथा पुलिस अधीक्षक के साथ बैठकर इस पर चर्चा करने और इसकी संभावनाओं को आगे बढ़ाने की बात कही। इससे आदित्य को अपने नवाचार को और विकसित करने की प्रेरणा मिली है। उम्मीद है कि भविष्य में यह मॉडल सरकारी स्तर पर उपयोगी साबित होगा। विद्यालय लौटने पर विद्यालय के प्रबंधक हर्ष श्रीवास्तव ने भी आदित्य को सम्मानित किया और इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

किसानों का प्रदर्शन अब २४ को

बलिया। 23 अक्टूबर को होने वाले संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यक्रम को राज्य कमेटी के निर्देशानुसार 24 अक्टूबर को दिन के 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट परिसर में होगा। यह सूचना संयुक्त किसान मोर्चा के जिला कन्वीनर परमात्मा नंद राय ने प्रेस को विज्ञप्ति के माध्यम से दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति को संबोधित एक मांग पत्र जिलाधिकारी को दिया जाएगा जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पद से इस्तीफा लेने, उनके ऊपर गैरकानूनी तरीके से नागरिकों के नाम मतदाता सूची से काटने के आरोप में मुकदमे दर्ज करना तथा करोड़ों मतदाताओं के नागरिक अधिकारों को समाप्त करने वाली निर्वाचक नामावली में सबके नाम जोड़े जाएं आदि मांगें है।

रेलवे स्टेशन पर जनसंवाद, तीन माह में अधूरे कार्य पूरे करने का आश्वासन

सह महाप्रबंधक ने किया स्टेशन का निरीक्षण, यात्रियों से मांगे सुझाव



बलिया। रेलवे की यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को बलिया रेलवे स्टेशन पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सह महाप्रबंधक डीके शुक्ला ने स्टेशन अधीक्षक संजय सिंह और इंजीनियर दीपक यादव के साथ स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही चल रहे विकास कार्यों की प्रगति देखी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सह महाप्रबंधक ने नए ओवरब्रिज पर चलकर उसकी स्थिति देखी। इसके अलावा प्लेटफार्म संख्या चार, महुआ मोड़ की ओर स्थित कोचिंग संबंधी सुविधाओं और स्टेशन परिसर में चल रहे अन्य विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफार्म संख्या एक से चार तक आने-जाने की व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यात्रियों और स्थानीय लोगों से रेलवे सुविधाओं में सुधार के लिए सुझाव मांगे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना रेलवे की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से रेलवे स्टेशनों पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें अधिकारी यात्रियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव जान रहे हैं।

रानीगंज बाजार-कोटवा मार्ग पर जलभराव, लोग परेशान



बैरिया (बलिया)। क्षेत्र के व्यस्ततम बाजार रानीगंज- कोटवा मार्ग पर जल जमाव के कारण रोज सैकड़ो लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निकाय उक्त समस्या से उत्पन्न परेशानी को पूरी तरह से अनदेखी कर दिया है। जिससे परेशान लोग आक्रोशित है। रानीगंज बाजार से कोटवा होते हुए सुदिष्ट बाबा के मंदिर, सुदिष्ट बाबा डिग्री कॉलेज, व सुदिष्ठ बाबा इंटर कॉलेज, चौबे टोला, भीखा छपरा इब्राहिमाबाद मार्ग से रानीगंज बाजार को जोड़ने के लिए 7 वर्ष पूर्व उक्त सड़क का निर्माण कराया गया था, किंतु सड़क के दोनों पटरियो पर अवस्थित मकानो के नाली से निकलने वाले पानी व बरसात के पानी की जल निकासी की कोई व्यवस्था सड़क बनाने वाली कार्यदाई संस्था ने नहीं की। तब से यह सड़क जल भराव के कारण हमेशा गंदगी और गंदे पानी से डूबी रहती है। फल स्वरुप बाजार आने वाले सैकड़ो लोगों के अलावा इंटर कॉलेज और महोविद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं,सुदिष्ट बाबा के मंदिर पर पूजा करने जाने वालों श्रद्धालुओं को भारी असुविधा क्षेलनी पड़ रही है। ग्राम पंचायत जल निकासी के प्रति गंभीर नहीं दिख रहा है। जिला पंचायत के अवर अभियंता अक्षय लाल यादव ने बताया कि उक्त सड़क के पुनर्निर्माण व जल निकासी के लिए पक्का नाली के निर्माण के लिए 54 लाख का प्राक्कलन बनाया गया है। टेंडर की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। मार्च के पहले उक्त सड़क व नाली का निर्माण कर दिया जाएगा।

कांग्रेस की बैठक में संघटन की मजबूती पर चर्चा

बांसडीह (बलिया)। बांसडीह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत न्याय पंचायत सेरिया के ग्रामसभा सुहवल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और पार्टी की गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में आगामी 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। बैठक में सिद्धनाथ तिवारी, अभिजीत तिवारी सत्यम, विजेंदर पांडेय मुखिया, विनोद सिंह, रामजी चौबे, प्रेम चन्द्र मौर्या, रामलाल धुसिया, राजाराम, वेद प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

मूर्ति विसर्जन के दौरान विवाद, युवक को चाकू मारने का आरोप

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र के हल्दीरामपुर बरतर गांव से बुधवार को काली मां की प्रतिमा विसर्जन के लिए निकले जुलूस के दौरान पनिसरा के पास हुए विवाद में एक युवक के घायल होने के मामले में घायल के बयान और पुलिस के बयान में अंतर सामने आया है। बताया जा रहा है कि जुलूस के दौरान डीजे पर नाच रहे गांव निवासी चंद्रकांत राजभर (25) के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ। घटना के बाद घायल चंद्रकांत को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान दिए गए वीडियो बयान में उसने कहा कि 'मुझे चाकू मारा गया है।' घायल ने यह भी कहा कि वह हमला करने वाले व्यक्ति को पहचान नहीं पा रहा है। वहीं, मामले को लेकर सीओ रसड़ा रजनीश कुमार की ओर से वीडियो कांफ्रेंस के दौरान दिए गए बयान में बताया गया कि युवक डीजे पर नाचते समय गिर गया था। पुलिस के इस बयान और घायल युवक के चाकू मारने के दावे में अंतर होने से घटना को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। घायल की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अब सवाल यह है कि युवक को चोट कैसे लगी और घटना के दौरान वास्तव में क्या हुआ। घायल के बयान और पुलिस के प्रारंभिक बयान में सामने आए अंतर को देखते हुए मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी हो गई है। उभांव पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है और जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

एक नजर इधर भी

बाइक की चपेट में आकर युवक की मौत

रसड़ा (बलिया)। क्षेत्र के नागपुर गांव के ईट-भट्ठे के समीप मंगलवार को दोपहर बाइक की चपेट में आकर साईकिल सवार अनिल राजभर 28 की मौत हो गई। मोतिरा निवासी अनिल राजभर 28 वर्ष पुत्र संजय राजभर नित्य की भांति साईकिल से रसड़ा आ रहे थे तभी तेज रफ्तार बाइक अनिल को धक्का मारते हुए भाग निकली। गंभीर रूप से घायल अनिल राजभर को रसड़ा अस्पताल लाया गया जहांचिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। मऊ में इलाज के दौरान अनिल ने दम तोड़ दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

राहुल तिवारी बने भाजयुमो की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य

बलिया। बलिया नगर विधानसभा क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता खड़क तिवारी के पुत्र राहुल तिवारी पराशर को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को बलिया के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। राहुल तिवारी पराशर ने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति से की। इस दौरान वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े और दिल्ली विश्वविद्यालय इकाई में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन किया। छात्र राजनीति के दौरान प्राप्त अनुभवों ने उन्हें संगठनात्मक कार्यों और युवा नेतृत्व की बारीकियों को समझने का अवसर दिया।

नई मस्जिद से इनवर्टर, बैटरी चोरी

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के पूर गांव स्थित नई मस्जिद से सोमवार की सुबह चोरों ने इनवर्टर और बैटरी चोरी कर ली। घटना की जानकारी होने पर मस्जिद के इमाम जमील अंसारी उर्फ गुड्डू ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह करीब आठ बजे मस्जिद से इनवर्टर और बैटरी गायब मिले। इमाम जमील अंसारी उर्फ गुड्डू ने इसकी शिकायत पकड़ी पुलिस से की।

साधन सहकारी समितियों पर खाद नदारद

रतसड़ (बलिया)। रबी फसलों की बुवाई का दौर लगभग शुरू हो गया है, लेकिन रतसड़ क्षेत्र की साधन सहकारी समितियों पर खाद उपलब्ध नहीं होने से किसान परेशान हैं। चना और मटर मसूर सरसों आदि की बुवाई के लिए खाद की जरूरत के बीच किसानों को समितियों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। खाद नहीं मिलने के कारण किसान मजबूरी में बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदने को विवश हैं। रतसड़ क्षेत्र के किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय साधन सहकारी समिति सहित नूरपुर, अमडरिया और पिपरा कला में कुल चार समितियां हैं। किसानों का कहना है कि इन समितियों पर डीएपी और यूरिया उपलब्ध नहीं है। ऐसे में रबी फसलों की बुवाई के महत्वपूर्ण समय में किसानों के सामने खाद का संकट खड़ा हो गया है। किसानों के मुताबिक, समितियों पर यूरिया की कीमत करीब 280 रुपये प्रति बोरी है, जबकि बाजार में इसके लिए 500 रुपये तक चुकाने पड़ रहे हैं। इसी तरह समितियों पर डीएपी की कीमत करीब 1,350 रुपये प्रति बोरी है, लेकिन बाजार में किसानों को इसे 1,600 से 1,700 रुपये तक में खरीदना पड़ रहा है। इससे खेती की लागत बढ़ रही है और किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। किसान नेता अखिलेश सिंह, और बृजेश कुमार राय ने संबंधित अधिकारियों से रतसड़ क्षेत्र की सभी साधन सहकारी समितियों पर तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रबी फसलों की बुवाई के समय खाद की किल्लत से किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

धीरके धैर्यसे भारतकी रोमांचक जीत

सैमसनका अर्द्धशतक, अय्यरकी कप्तानी पारीसे न्यूजीलैण्डको पहले टी-२० में चार विकेटसे हरा बड़ा लक्ष्य हासिल किया



विस्फोटक पारीके दौरान शाट खेलते संजू सैमसन।

क्राइस्टचर्च (आससे)। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के विस्फोटक अर्द्धशतक (६७) और उनकी अभिषेक शर्मा (२९) के साथ पहले विकेट के लिए पावर प्लेमें की गयी ९३ रन की साझेदारी के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर (४२) ने अक्षर पटेल (२४) के साथ पांचवें विकेटके लिए २४ गेंद में ४३ रन तथा नमन धीर (४२) के साथ छठे विकेटके लिए २२ गेंद में ४३ रन की दो महत्वपूर्ण साझेदारी करके जीत की नींव रखी जबकि हरफनमौला नमन धीर (अजेय ४२) ने शानदार पारी खेलकर भारतको न्यूजीलैण्ड के खिलाफ पांच मैचों की टी-२० श्रृंखला के पहले मुकाबले में गुरुवार को चार विकेटसे रोमांचक जीत दिलाते हुए श्रृंखला में १-० से आगे कर दिया। न्यूजीलैण्ड ने मध्यक्रम के धाकड़ बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स के आक्रामक अर्द्धशतक (अजेय ८२ रन, ४० गेंद, आठ चौके, तीन छक्का) और उनकी बेवोन जैकब्स (३१ रन, १६ गेंद, तीन छक्का) के साथ चौथे विकेटके लिए ३२ गेंद में ७३ रन की साझेदारी के सहारे २० ओवर में चार विकेट पर २२५ रनका विशाल स्कोर बनाया। जवाब में भारत ने दो गेंद शेष रहते छह विकेट खोकर २३० रन बना लिए और लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत दर्ज की। २२६ रन के लक्ष्य के सामने भारत ने तेज तर्रार शुरुआत करते हुए ५.५ ओवर में एक विकेट पर ९३ रन बना डाले। इसी स्कोर पर अभिषेक शर्मा १२ गेंद में दो चौके, तीन छक्के लगाकर मिचेल ब्रेसवेल की गेंद पर एडम मिल्ने को कैच दे बैठे। इसके बाद प्लेयर आफ द मैच संजू सैमसन का धैर्य भी टूट गया और वे कप्तान मिचेल सेंटनर की स्पिन में फंसकर बोल्ड हो गये। सैमसन ने आउट होनेसे पहले ३३ गेंद में आठ चौके, और चार छक्के लगाये। यह विकेट नौवें ओवर में ११५ के स्कोर पर गिरा। इसके बाद ऊपर भेजे गये तिलक वर्मा (छह) ११ गेंद खेलकर ब्रेसवेल का दूसरा शिकार हो गये। सेंटनर ने ईशान किशन (एक) को फिन एलेनके हाथों कैच करा भारत की मुश्किल बढ़ा दी। ११वें



ओवरमें भारत ने १२२ के स्कोर पर चार विकेट गंवा दिये। मगर दूसरे छोर पर कप्तानी पारी खेलने वाले श्रेयस अय्यर ने अक्षर पटेल और नमन धीर के साथ दो महत्वपूर्ण साझेदारी करके भारत को मैच में वापस ला दिया। भारत को जब जीतके लिए १६ रन की जरुरत थी अय्यर १९वें ओवर की पहली गेंद पर एडम मिल्नेकी गेंदपर सेंटनर को कैच दे बैठे। वह २८ गेंद में एक चौका और दो छक्का लगाकर आउट हो गये लेकिन शानदार फार्म में चल रहे नमन धीर ने नीतिश रेड्डी (दो) के साथ नौ गेंद में २० रन जोड़कर भारत का स्कोर १९.४ ओवर में छह विकेट पर २३० रन करते हुए रोमांचक जीत दिला दी। नमन धीर १५ गेंद में पांच चौके और दो छक्के लगाकर ४२ रन बनाकर अजेय लौटे। नमन धीर ने हेनरी की चौथी गेंद पर विकेटके पीछेसे विजयी छक्का लगाया। ब्रेसवेल ने ३७ तथा सेंटनर ने ३९ रन देकर दो-दो विकेट लिए। इससे पहले नियमित तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिये जाने के कारण भारतीय आक्रमण में धार की कमी दिखाई दी। टास हारकर उतरी न्यूजीलैण्ड के लिए फिन एलन (४५) और टिम सीफर्ट (२४) ने पहले विकेटके लिए पांच ओवर में ४९ रन जोड़ दिये लेकिन सीफर्ट मयंक यादव ने संजू के हाथों कैच करा यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद अक्षर पटेल ने फिन एलेन को तिलक वर्मा के हाथों आउट करा दिया। डेरेल मिचेल २८ रन बनाकर अर्शदीप का शिकार हो गये। १२.१ ओवर में न्यूजीलैण्ड ने १२२ रन पर अपने तीन विकेट गंवा दिये थे। मगर यहां से ग्लेन फिलिप्स और बेवोन जैकब्स ने चौथे विकेट के लिए आक्रामक साझेदारी करके न्यूजीलैण्ड का स्कोर २० ओवर में चार विकेट पर २२५ रन तक पहुंचा दिया। बेवोन १८वें ओवर की तीसरी गेंद पर रनआउट हुए। अक्षर सबसे महंगे साबित हुए। उन्होंने अपने चार ओवरों में ५१ रन लुटाये जबकि अर्शदीप एवं मयंक यादव ने क्रमश: ४५ और ४० रन देकर एक-एक विकेट लिए जबकि चार साल बाद वापसी करनेवाले भुवनेश्वर कुमार ने भी ४९ रन लुटाये। न्यूजीलैण्ड ने आखिरी पांच ओवरों में ६७ रन बटोरकर भारतीय गेंदबाजी की कमजोरी को उजागर कर दिया।

पावरप्ले में ही हमने पासा पलटा-सैमसन

क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। भारतके सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने गुरुवार को कहा कि तीन बार की विश्व चैम्पियन टीम ने पावरप्ले में ही मैच को विरोधी टीम की पहुंच से दूर करने पर जोर दिया है और मौका मिलने पर वह ऐसा करने की कोशिश करती है। सैमसन ने शीर्ष क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी की जिससे भारत ने २२६ रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले में ही ९३ रन जोड़ दिये। भारत ने १९.४ ओवर में छह विकेट पर २३० रन बनाकर टी-२० अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना सबसे बड़ा सफल लक्ष्य हासिल करने का रेकार्ड बनाया। यह पूछे जाने पर कि अगर लक्ष्य छोटा होता तो क्या भारत की बल्लेबाजी की रणनीति अलग होती, सैमसन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हम कुछ अलग तरीके से खेलते लेकिन मेरा मानना है कि खेल के अलग-अलग चरण होते हैं।

भारतने लगातार दूसरे दिन जीते पांच स्वर्ण

एशियाई पैरा अथलेटिक्स : पुरुषोंकी ऊंची कूदमें क्लीन स्वीप, अंजनाबेन, बुंबाडियाने भी दिलाया सोना

नागोया (एजेन्सियां)। भारत ने एशियाई पैरा खेलों में ट्रैक और फील्ड पर लगातार दूसरे दिन पांच स्वर्ण पदक जीते जब शैलेष कुमार की अगुवाई में पुरुषों की ऊंची कूद टी६३ स्पर्धा में 'क्लीन स्वीप' किया तो ४०० मीटर टी४७ स्पर्धा में महिला और पुरुष वर्ग में अंजनाबेन बुंबाडिया और दिलीप गावित, महिलाओं की चक्का फेंक एफ५४ में सुवर्णा राज और पुरुषों की लंबीकूद में सोलाइराज धर्मराज ने पहला स्थान हासिल किया। भारत ने गुरुवार को पैरा एथलेटिक्स में पांच स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किये। बुंबाडिया ने महिलाओं की ४०० मीटर टी४७ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि जयंती बेहेडा को रजत पदक मिला। बुंबाडिया ने ५९.९७ सेकंड का समय निकाला और चार खिलाड़ियों में एक मिनट से कम का समय निकालने वाली अकेली प्रतियोगी रही। बेहेडा ने एक मिनट ००.६५ सेकंड का समय लिया। थाईलैंड की सासिरावान इंताचोत ने



एक मिनट ०२.५८ सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुषों की ऊंची कूद टी६३ स्पर्धा में शैलेष ने खेलों के नये रेकार्ड के साथ १. ८९ मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। पूर्व पैरालम्पिक कांस्य पदक विजेता वरुण भाटी ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए १.८४ मीटर के साथ रजत जबकि राहुल ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके १.८१ मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। भारत ने हांगझोउ में हुए पिछले खेलों में भी इस स्पर्धा के तीनों पदक जीते थे। पुरुषों के ४०० मीटर टी४७ फाइनल में गावित ने ४८.२७ सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। भाविककुमार भारवाड ने ४९.३१ सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया था लेकिन लेन तोड़ने के कारण उन्हें अयोग्य करार दिया गया। गावित ने इससे पहले बुधवार को पुरुषों की १०० मीटर टी४७ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने हांगझोउ खेलों में ४९.४८ सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता था। अथलेटिक्स में भारत को दिन का आखिरी पदक धर्मराज ने दिलाया जिन्होंने पुरुषों की लंबी कूद टी४४/टी ६२/टी ६४ में ७.१५ मीटर के एशियाई रेकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

भाविना-शुभम की जोड़ी को कांस्य

नागोया (एजेन्सियां)। भारत की भाविना पटेल और शुभम वाधवा ने एशियाई पैरा खेलों में मिश्रित युगल एक्सडी७ टेबल टेनिस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के जांग यिओंगजिन और ली मिगयु से ६-११, ११-८, ५-११, ८-११ से हार गयी। क्वार्टर फाइनल में जापान के कीमी बेशो और मासानोरी उनो को हराने के बाद उनका पदक पक्का हो गया था। भाविना और शुभम ने जापानी जोड़ी को ११-९, ११-३, ११-६ से हराया था। अन्य मैचों में दत्ताप्रसाद चौगुले और सविता को मिश्रित युगल एक्सडी१७ क्वार्टर फाइल में फिलीपींस के विलफ्रेड रेडुला और मेंगिंसे ले के हाथों ११-९, ११-९, २-११, ६-११, ५-११ से पराजय का सामना करना पड़ा ।

भुजाहीन शीतलके तीर से फिर निकला गोल्ड

स्वातिने रचा इतिहास

नागोया (एजेन्सियां)। भारत की भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी ने एशियाई पैरा खेलों में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा और मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि स्वाति चौधरी ने डब्ल्यू१ स्पर्धा में रजत पदक जीता और इस श्रेणी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गयी। शीतल ने तनावपूर्ण क्षणों में धैर्य बनाये रखते हुए महिला व्यक्तिगत फाइनल में सिंगापुर की अलीम नूर शाहिदा को हराया। तोमन कुमार के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के कुछ ही घंटों बाद ही १९ वर्षीय विश्व चैम्पियन शीतल ने अलीम को १४२-१३९ से हराकर मौजूदा खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक और कुल मिलाकर तीसरा पदक जीता। इससे पहले उन्होंने महिला कंपाउंड टीम में पायल नाग के साथ रजत पदक जीता था। हांगझोउ खेलों में भी उन्होंने दो स्वर्ण और एक रजत अपने नाम किये थे। स्वाति महिलाओं के डब्ल्यू१ फाइनल में चीन की सेन मेंगकान के खिलाफ ४-२ की बढ़त बनाने के बाद ४-६ से हार गयी। इस वर्ग में हालांकि भारत का यह पहला पदक है। दिन की आखिरी स्पर्धा में तोमन कुमार पुरुषों के व्यक्तिगत कांस्य प्लेआफ में चीन के झांग यिचेंग से १३९-१४८ से हार गये। भारत के तीरंदाजी में चार पदक हो गये हैं जबकि रिकर्व एलिमिनेशन दौर शुक्रवार को खेला जायेगा। भारत ने २०२३ में हांगझोउ में दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते थे। भारत की महिला और पुरुष टीमें फाइनल में पहुंच चुकी है जबकि मिश्रित टीम सेमीफाइनल से अभियान का आगाज करेगी। शीतल ने व्यक्तिगत मुकाबले में जबर्दस्त धैर्य का प्रदर्शन किया। अलीम ने अच्छी शुरुआत की और पहले दो सेट के बाद चार अंकों की बढ़त बना ली लेकिन जम्मू कश्मीर की रहने वाली भारतीय खिलाड़ी ने शानदार वापसी करके अगले दो सेट में लगातार १०-१० अंक हासिल किये। उन्होंने इस बीच तीन एक्स (निशाने के केंद्र के सबसे करीब लगने वाले तीर) भी लगाये। इस तरह से उन्होंने अंतिम सेट से पहले दो अंकों की बढ़त बना ली। शीतल ने अंतिम सेट में नौ-नौ अंक के साथ कुल २७ अंक हासिल किये जबकि अलीम केवल २६ अंक ही बना सकी।



प्रमोद और नितेश सोना और चांदीके लिए आपसमें भिड़ेंगे

एशियाई पैरा बैडमिण्टन

नागोया (एजेन्सियां)। प्रमोद भगत ने कोरिया के ली सियुंघू को तीन गेम तक चले मैराथन सेमीफाइनल में हराकर एशियाई पैरा खेलों की एसएल३ पुरुष एकल बैडमिंटन स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना हमवतन नितेश भगत से होगा जिससे भारत ने स्वर्ण और रजत पदक पक्के कर लिए। छह बार के विश्व चैम्पियन और टोक्यो पैरालम्पिक के स्वर्ण पदक विजेता ३८ वर्ष के भगत ने जबर्दस्त फिटनेस का प्रदर्शन करते हुए दो घंटे नौ मिनट तक चले मुकाबले में ली को १६-२१, २१-१८, २१-१७ से हराया। इससे पहले पेरिस पैरालम्पिक चैम्पियन नितेश ने पुरुष एकल एसएल३ और मिश्रित युगल एसएल३, एसयू५ के फाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं नवीन शिवकुमार ने पुरुष एकल एसएल४ के फाइनल में जगह बनायी। नितेश ने इंडोनेशिया के एम इमरान को २१-१९, २१-१६ से हराया। भारतीयों ने अलग अलग वर्गों में पांच कांस्य पदक भी जीते। इससे पहले थुलासिमथी मुरुगेसन और नितेश की जोड़ी ने मिश्रित युगल एसएल३-एसयू५ जबकि नवीन शिवकुमार ने पुरुष एकल एसएल४ स्पर्धा फाइनल में प्रवेश किया। थुलासिमथी और नितेश ने इचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में खेले गये रोमांचक सेमीफाइनल में चीन के ली मिंगपान और शियाओ जुक्सियन को २१-१९, १४-२१, २१-१७ से पराजित किया। यह मैच ४२ मिनट तक चला।

थुलासिमथी ने मैच के बाद कहा कि हम बहुत खुश हैं। अब हमें अपना पूरा ध्यान फाइनल पर केंद्रित करना होगा। नितेश ने कहा कि हम इनमें से अधिकतर खिलाड़ियों के खिलाफ पहले कई बार खेल चुके हैं और उनके मजबूत पक्ष को जानते हैं। इसलिए हमें यह पता था कि हमें प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कैसे खेलना है। बीच में हमारा ध्यान थोड़ा भटक गया और हमने कुछ गलतियां कर दीं, लेकिन अच्छी बात यह थी कि तीसरे सेट की शुरुआत में हमने अपनी लय वापस पा ली। अब उनका सामना फाइनल में लियानी और हिकमत से होगा। नवीन ने पुरुष एकल एसएल४ सेमीफाइनल में हमवतन अभिजीत सखूजा को २१-१३, २१-१५ से हराया। उन्होंने मैच के बाद कहा कि मैं पहली बार इन खेलों में भाग ले रहा हूं और फाइनल में पहुंचकर गर्व महसूस कर रहा हूं। आमतौर पर मेरी शुरुआत अच्छी नहीं रहती है लेकिन इस बार मैंने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया जिसका मुझे फायदा मिला। इस प्रकार सखूजा ने कांस्य पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। मिश्रित युगल स्पर्धा में फाइनल दो भारतीय जोड़ियों के बीच हो सकता था लेकिन मनीषा रामदास और प्रमोद भगत इंडोनेशिया की लीनी रात्रि ओक्टिला और हिकमत रामदानी से २१-१६, १३-२१, १७-२१ से हार गये और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। मनीषा ने कहा कि हमें बुरा लग रहा है क्योंकि यह बहुत करीबी मैच था और हमारे पास जीतने का मौका था। हमने अच्छा प्रदर्शन किया और जीत के बेहद करीब थे। उम्मीद है कि हम अपने एकल मैचों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। प्रमोद ने कहा कि हमने पहले सेट जीता लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। वे दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं और हमारा आत्मविश्वास भी कुछ कम हो गया था। पुरुष एकल में टोक्यो पैरालम्पिक के रजत पदक विजेता सुहास ललिनाकेरे यथिराज एसएल४ सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान से २१-२३, २१-८, १५-२१ से हार गये और एक और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांस्य पदक से निराश हूं। मैंने उसे ग्रुप मैचों में हराया था और जीतने की उम्मीद कर रहा था, लेकिन आज मेरा दिन नहीं था।

आयुष और तन्वी फ्रेंच ओपनसे बाहर

पेरिस (एजेन्सियां)। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा गुरुवार को यहां ९,५०,०० डालर इनामी फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के अपने-अपने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हारकर बाहर हो गये। भारतीय खिलाड़ियों में सबसे पहले कोर्ट पर उतरीं तन्वी को दुनिया की नंबर एक और शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया की आन से यंग के खिलाफ ३७ मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में ११-२१, १४-२१ से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद शेट्टी ने जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाई नाराओका के खिलाफ पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में चोट के कारण मैच छोड़ दिया। शेट्टी जब मुकाबले से हटे तब १७-२१, ६-११ से पीछे चल रहे थे। हालांकि, उनकी चोट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी। शेट्टी ने इससे पूर्व पहले दौर में हमवतन किदांबी श्रीकांत को हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनायी थी।

रविकी पदकों की हैटट्रिक

नागोया (एजेन्सियां)। भारत के किशोर पैरा तैराक रवि बुडिगिना ने गुरुवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की ५० मीटर फ्रीस्टाइल एस१३ स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पदकों की हैटट्रिक पूरी की जबकि दो अन्य भारतीय तैराकों ने भी पदक जीते। रवि इससे पहले इस सप्ताह पुरुषों की एस१३ वर्ग की १०० मीटर बैकस्ट्रोक और फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में भी रजत पदक जीत चुके हैं। आंध्र प्रदेश के दृष्टिबाधित १८ वर्षीय रवि ने ५० मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में २५.८९ सेकेंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। कपिल कुमार और स्वातिक पाटिल ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही तैराकी में भारत के कुल पदकों की संख्या नौ हो गयी। २६ वर्ष के कपिल ने पुरुषों की ४०० मीटर फ्रीस्टाइल एस१० स्पर्धा में चार मिनट ३८.४४ सेकेंड का समय लिया। जापान के अकितो मिनाइ ने



एशियाई पैरा खेलों के रेकार्ड समय (चार मिनट २७.४४ सेकेंड) के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। ईरान के शाहीन इजादयार को कांस्य मिला। एस१० श्रेणी में वे तैराक होते हैं जिनमें आमतौर पर शारीरिक कमियां बहुत कम होती हैं मसलन पैरों में कमजोरी, पैर न होना, घुटने के नीचे से पैर नहीं होना, या कूल्हों से जुड़ी समस्याएं। इसके बाद २४ वर्षीय स्वातिक ने पुरुषों की १०० मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एसबी९ स्पर्धा में एक मिनट १३.७७ सेकेंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता। यह इन खेलों में भारत का आठवां पदक है। स्वातिक ईरान के दो तैराकों सिना जेघमिनेजाद (एक मिनट ०९.४७ सेकेंड) और शाहीन इजादयार (एक मिनट १३.२३ सेकेंड) के बाद तीसरे स्थान पर रहे। दोनों ईरानी तैराकों ने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते। एसबी९ वर्ग में ऐसे खिलाड़ी शामिल होते हैं जिनमें शारीरिक अक्षमता सबसे कम होती है। शारीरिक अक्षमता के वर्गीकरण में इस वर्ग के खिलाड़ियों की क्षमता सबसे अधिक मानी जाती है। पैरालम्पिक तैराकी में एस, एसबी और एसएम उपसर्ग तैराकी की अलग-अलग शैलियों को दर्शाते हैं।

पहलवानों ने दिखाया दमखम

वाराणसी। स्थानीय विकास खंड के पचवार बेसहूपुर गांव में गुरुवार को विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया जिसमें कई नामी पहलवानों ने दमखम दिखाया। पिछले ८० वर्षों से चली आ रही इस पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये पहलवानों ने अपने दांव-पेंच और दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। दंगल देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह का माहौल बना रहा। दंगल में महानाग, जगापट्टी, कुड़ी, ककरहिया और चिरईगांव सहित जौनपुर प्रयागराज के पहलवानों ने भी हिस्सा लिया। मुकाबलों के दौरान दर्शक तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साहवर्धन करते रहे। इस पारंपरिक दंगल को देखने के लिए गांव के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार, यह आयोजन क्षेत्र की पुरानी परंपरा और ग्रामीण संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



अनाहत ने आठ बार की चैम्पियन को हराया

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारत की विश्वमें १५वें नम्बरकी खिलाड़ी अनाहत सिंहने अमेरिका के रेडवुड सिटी में खेले जा रहे सिलिकान वैली ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र की आठ बार की विश्व चैम्पियन नूर अल शेरबिनी को सीधे गेम में उलटफेर का शिकार बनाकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली १८ वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व में तीसरे नम्बर की शेरबिनी को ३० मिनट में ११-८, ११-८, ११-७ से हराया। अनाहत के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है। इस १४३,५०० अमेरिकी डालर की पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता में उनका अगला मुकाबला मिस्र की ही विश्व में १४वें नम्बर की खिलाड़ी सलमा हनी से होगा।

दबदबा बनाये रखना चाहेगी महिला टीम

भारत-जिम्बाब्वेके बीच पहला एकदिनी आज

वडोदरा (एजेन्सियां)। टी-२० श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करके तीनों मैच जीतने वाली भारतीय महिला टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैच की एकदिनी श्रृंखला में भी दबदबा कायम रखकर 'क्लीन स्वीप' करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। स्मृति मंधाना के पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद भारत ने अच्छी शुरुआत करते हुए जिम्बाब्वे को ३-० से हराया। मौजूदा विश्व चैम्पियन भारतीय टीम से जिम्बाब्वे की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ फिर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर की फार्म में वापसी एकदिनी श्रृंखला से पहले भारत के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू है, क्योंकि इससे मध्यक्रम को मजबूती मिलेगी जिसमें टीम को चोटिल जेमिमा रोड्रिग्स की सेवाएं नहीं मिल रही हैं। जेमिमा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर हैं। उनकी अनुपस्थिति में भारत ने टी-२० श्रृंखला में तीसरे नम्बर पर नये खिलाड़ियों को आजमाया था। टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के पास अनुष्का शर्मा और निक्की प्रसाद जैसी युवा बल्लेबाज थी, वहीं एकदिनी में तीसरे नम्बर पर हरलीन देओल और प्रतिका रावल को उतारा जा सकता है। यह दोनों खिलाड़ी हालांकि आक्रामक बल्लेबाज नहीं हैं और ऐसे में हरमनप्रीत पर रन रेट बढ़ाने की जिम्मेदारी होगी। हरमनप्रीत पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थी लेकिन उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच में ४१ गेंदों में १० चौकों और पांच छक्कों की मदद से अजेय ९१ रन बनाकर शानदार वापसी की। शीर्ष क्रम में शानदार फार्म में चल रही शेफाली वर्मा जिम्बाब्वे के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं जबकि गेंदबाजी विभाग में उसे श्री चरणी से सतर्क रहना होगा जिनके १० ओवर महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। यह मंधाना की पूर्णकालिक एकदिनी कप्तान के रूप में पहली श्रृंखला होगी। जहां तक जिम्बाब्वे की बात है तो तीनों टी-२० मैच में हार के बावजूद उनके लिए कुछ सकारात्मक पहलू रहे। इनमें उनका शानदार क्षेत्ररक्षण और किसी भी मैच में आल आउट नहीं होना प्रमुख हैं। केलिस नधलोवु ने शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया जबकि शार्ने मेयर्स ने अंतिम टी-२० मैच में ६० रन बनाये। उन्होंने पहले मैच में ४३ रन बनाये थे। गेंदबाजी में जिम्बाब्वे बिलव्ड बीजा और न्याशा ग्वांजुरा से टी-२० की तरह ही प्रभावशाली प्रदर्शन करने की उम्मीद करेगा।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल शुक्रवार, 23 अक्टूबर 2026

मेष- आज दिन 3/04 बजे तक अनुकूलता तदनन्तर आत्मबल में कमी, प्रतिष्ठा पर आघात।
वृषभ- आर्थिक सफलता, आरोग्य सुख, मानसिक राहत, मन प्रसन्न, परिवार में हर्षोल्लास।
मिथुन- अभिलाषा पूर्ति, मित्रों से विचार-विमर्श, व्यापारिक प्रगति, धन संचय, लाभ भी।
कर्क- आज दिन 3/04 बजे तक लाभ में कमी, तत्पश्चात् शत्रु परास्त, मित्रों से विचार-विमर्श।
सिंह- आज दिन 3/04 तक धन लाभ, दाम्पत्य सुख, तदुपरान्त समय संतोषजनक, आपसी मतभेद।
कन्या- व्यापार में नवपरिवर्तन, हर्षोल्लास, भौतिक सुख, सम्मान का लाभ, नवसम्पर्क, धनागम।
तुला- योजना फलीभूत, मानसिक राहत, राजनैतिक लाभ, व्यापारिक रुझान, दाम्पत्य सुख।
वृश्चिक- आज दिन 3/04 बजे तक मानसिक बेचैनी, तदनन्तर आत्मिक शांति, चित्त प्रफुल्लित।
धनु- आज दिन 3/04 बजे तक मन प्रसन्न, तत्पश्चात् आर्थिक हानि, व्यय की अधिकता, धनहानि।
मकर- कार्य प्रगति पर, लाभ, प्रियजनों से सम्पर्क, सुसंदेश की प्राप्ति, आय के नवीन स्रोत।
कुम्भ- सफलता, कर्ज की अदायगी, आकस्मिक लाभ, शिक्षा में प्रगति, मानसिक शांति।
मीन- आज दिन 3/04 बजे तक अशांति तदुपरान्त श्रेष्ठजनों से संपर्क, धार्मिक स्थलों की यात्रा।

आज है जिनका जन्मदिन 23 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 23 का मूलांक 5 का स्वामी ग्रह बुध एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। व्यक्तित्व आकर्षक होगा। आपके विचारों में अस्थिरता का समावेश रहेगा। जीवन परिवर्तन होगा। खाली हाथ बैठना पसन्द नहीं करेंगे। किसी के दबाव में रहकर कार्य नहीं करेंगे। किसी कार्य या वस्तु के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने के पश्चात ही हाथ डालेंगे। यथार्थ और व्यवहारिकता को अधिक महत्व देंगे। सदैव जोखिम उठाने के लिए तैयार रहेंगे। आपकी तर्क शक्ति तीव्र होगी। अतीन्द्रिय ज्ञान की में अद्भुत क्षमता रहेगी। मनोविनोद की ओर रुझान अधिक रहेगा। आपके जीवन में साथ सुख-दुःख लाभ-हानि जुड़े रहेंगे। आपके आय के स्रोत एक से अधिक रहेंगे। इष्ट देवी-देवता की आराधना नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में सफेद रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। बुधवार के दिन हरे रंगों की वस्तुओं का दान भी करें। गाय को मीठी रोटी नियमित रूप से खिलावें। समाज सेवा निस्वार्थ करें। शुद्ध शाकाहारी जीवन अपनाएँ। सुख-समृद्धि के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ
मन्त्र : ॐ बुं बुधाय नमः
व्रत : बुधवार
दिन : रविवार, गुरुवार एवं शनिवार
दिनांक : 5, 14, 23
अंक : 4, 6, 8
मास : जनवरी, अक्टूबर एवं दिसम्बर
वर्ष : 5, 14, 23, 32, 41, 50, 59, 68
रंग : सफेद एवं हरा
जन्मरत्न : पन्ना उपरत्न : एक्वामैरीन
जड़ी : विधारा की जड़ दिशा : उत्तर
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 अक्टूबर से 20 अक्टूबर, 21 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र
9	4	11
10	8	6
5	12	7

सुडोकु ४०९२

						5		
								3
9			6	4				
		8		7				
		3						2
				6			4	
6	7						9	
					5	8		
4								

सीधा खेलने का : दिखाये खेल और चन्दों को खेलने दें तभी हल का मजा है। [illegible] खेलने के [illegible] दिए गए हैं। आपको 1 से 9 को [illegible] इस तरह लिखनी है कि खड़ी और पड़ी लाइनों के [illegible] 1 से 9 की सभी [illegible]

4	6	1	3	2	7	8	5	9
8	5	9	6	1	4	7	3	2
2	3	7	8	9	5	1	4	6
7	9	4	2	5	1	3	6	8
6	2	8	9	4	3	5	1	7
5	1	3	7	6	8	9	2	4
9	4	5	1	7	6	2	8	3
1	8	2	4	3	9	6	7	5
3	7	6	5	8	2	4	9	1

[illegible] ४०९१

विमान ने मारी मस्जिद के चैनल गेट में टक्कर

नजर गड़ाये रहे डीएम-एसपी,कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ भरत मिलाप



मऊ। जिला प्रशासन एवं पुलिस की सतर्कता, मुस्तैदी और बेहतर समन्वय से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ । ऐतिहासिक भरत मिलाप कार्यक्रम दशहरा पर्व के अंतर्गत जनपद मऊ का ऐतिहा.सिक भरत मिलाप मेला सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस दौरान जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन एवं पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा पूरी टीम के साथ मौके पर मुस्तैद रहे तथा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर लगातार नजर बनाए रखा। ऐतिहा.सिक भरत मिलाप कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मौके पर उपस्थित रहकर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पूरी सतर्कता, तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। भरत मिलाप के विमान ने मस्जिद के चैनल गेट में टक्कर मारी। इसके बाद भरत मिलाप का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। इसी परम्परा को देखने के लिए लोग साल भर तक इन्तजार करते हैं।

सड़क हादसे में घायल की मौत

मऊ। गाजीपुर जनपद के मरदह थाना क्षेत्र के कबीरपुर में सड़क हादसे में बगहीं भोजापुर में पान की दुकान चलाने वाले

भटकी दो बालिकाओं को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

घोसी(मऊ)। दुर्गा पूजा के अवसर पर बुधवार को मधुबन मोड़ पर आयोजित भव्य मेले में घोसी पुलिस की सक्रियता और संवे.दनशीलता देखने को मिली। मेले की भीड़ में परिजनों से बिछड़ीं दो अलग-अलग बच्चियों को पुलिस टीम ने सकुशल उनके परिवारों से मिलाया।

मां की विदाई

मऊ। अमिला नगर क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के समापन के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा की श्रद्धा और उल्लास के साथ विदाई की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे लगाए और शोभायात्रा निकाली। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

मेले में मारपीट, नौ पर मुकदमा

मऊ। मधुबन थाना क्षेत्र के सिसवा करखन्ना में मेला देखने गये एक युवक को लाठी डंडा और लात घूसा से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने के मामले में पुलिस ने घायल युवक के पिता की तहरीर पर चार नामजद एवं पांच अज्ञात युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। रामभवन पुत्र किशोरी निवासी कल्हापुर थाना घोसी का आरोप है कि 20 अक्टूबर को मेरा लड़का सुरज कुमार अपने दोस्त सोनू कुमार पुत्र संजय निवासी आरी थाना मोहम्मदाबाद व राधेश्याम पुत्र अशोक निवासी सरकांडा थाना मुहम्मदाबाद के साथ मेला देखने सिसवा करखान्ना गया था मेले में रात्रि नौ बजे अमन गुप्ता पुत्र सूर्यभान, अंकित यादव पुत्र सुबाष, आकाश यादव पुत्र बालकेश, अमरेश पुत्र सुबाष यादव एवं पांच अज्ञात युवकों ने अचानक घेर कर उस को लाठी डंडा और लात घूसा से मारने लगे, जिसमें उसको गंभीर चोटे आई और वह मौके पर गिर कर बेहोश हो गया। उसके बाद उपरोक्त लोग जाति सूचक गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गये।

भाभी की तहरीर पर तीन पर एफआईआर

मऊ। अंजू सोनकर पत्नी राज.ेंद्र सोनकर निवासी रसूलपुर थाना दोहरीघाट का आरोप है कि मेरा देवर चौधरी सोनकर विगत कई वर्षो से उन्दुरा चट्टी पर किराए के मकान में रह कर फल बेचने का कारोबार करता है । 20 अक्टूबर की शाम पांच बजे वह अपने कमरे से निकल कर उन्दुरा चट्टी पर जा रहा था कि दिनेश पुत्र अज्ञात के दरवाजे के सामने रास्ते में रखे गमले को हटा कर एक तरफ कर दिया। जिसको लेकर ममता पत्नी दिनेश और दीपका पुत्री दिनेश गाली गुप्ता देते हुए मारपीट पर आमादा हो गई, और फोन कर दिनेश को बुला लिया। दिनेश मौके पर पहुंचते ही जाति सूचक गालियां देने के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े एक लोहे के राड से चौधरी सोनकर पर जानलेवा हमला कर दिया । जिसमें चौधरी सोनकर मौके पर गिर कर बेहा.श हो गया। इस मामले में पुलिस ने घायल व्यक्ति के भाभी की तहरीर पर उपरोक्त तीनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

मऊ। शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति, शिव मंदिर ब्लाक परिसर रतनपुरा के महोत्सव के समापन पर निकाले गए प्रतिमा विसर्जन जुलूस में करीब डेढ़ दर्जन आकर्षक झांकियों का बुधवार के दिन प्रदर्शन किया गया। इनमें बुल्डोजर बाबा, श्याम पगला और नीम करौली बाबा की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। जुलूस में प्रेमानंद महाराज, पर्यावरण संरक्षण, यातायात सुरक्षा के लिए हेलमेट जागरूकता, टावर का पावर, गोरिल्ला पांडा, मोटू-पतलू, महादेव, ब्लाक परिसर की झूले वाली महारानी तथा मां के नौ स्वरूपों की झांकियों ने भी लोगों का मन मोह लिया। ताशा-नगाड़े की गूंज के बीच निकले जुलूस को देखने के लिए रास्ते भर लोगों की भीड़ जुटी रही। जुलूस शिव मंदिर ब्लाक परिसर से शुरू होकर ब्लाक चौराहा, सदर बाजार और भीमपुरा शहीद चौक होते हुए आगे बढ़ा। वापसी में सहारा इंडिया और मुबा.रकपुर पेट्रोल पंप मार्ग से होते हुए जुलूस वापस लौटा। कार्यक्रम हवाई सैनिक चंद्र प्रकाश शर्मा के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ।समिति के अध्यक्ष विशाल गुप्ता, उपाध्यक्ष सन्नी जायसवाल, कोषाध्यक्ष राजू बाबू और महामंत्री मंजीत गुप्ता के नेतृत्व में आयोजन संपन्न हुआ। चंद्र प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में संजय सिंह, श्रीकांत जायसवाल, अविनाश सिंह, पंकज गुप्ता, संतोष सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

पोखरे में मिला दो का शव

घोसी(मऊ)। सुल्तानपुर बाजार के पोखरे में गुरूवार को डूबने से तीन साल के बालक अतीकुर्रहमान की मौत के बाद सायं पांच बजे कक्षा दस की छात्रा अंशु का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। एसओ योगेन्द्र नाथ राय ने बताया कि दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

पीईटी परीक्षा को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

१४ परीक्षा केंद्रों पर छह पालियों में ३७,४४० अभ्यर्थी होंगे शामिल, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी परीक्षा



मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों एवं प्रधानाचार्यों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा अभ्यर्थियों की सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों के परीक्षा कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाए। यदि किसी केंद्र पर कैमरे संचालित नहीं हैं, तो तत्काल संबंधित केंद्र व्यवस्थापक के संज्ञान में लाकर उन्हें संचालित कराया जाए। परीक्षा से संबंधित समस्त गतिविधियां सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न कराई जाएंगी। पीईटी-2026 की परीक्षा 25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर तथा 01 नवंबर को आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 03.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक संपन्न होगी। अभ्यर्थियों के आवागमन को सुचारु बनाए रखने के लिए परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त, परीक्षा से एक दिन पूर्व सभी केंद्रों पर साफ-सफाई सहित आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी अभय पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम प्रसाद, समस्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र अध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।













चुनाव आज, पोलिंग पार्टियां रवाना

मऊ। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य के निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। इस दौरान जिला.धिकारी आनंद वर्द्धन ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों एवं कार्मिकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मतदान प्रक्रिया को पूर्ण निष्पक्षता,पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य के निर्वाचन हेतु जनपद में कल, 23 अक्टूबर 2026 को मतदान संपन्न होगा। इसके लिए जनपद में कुल 10 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 5,131 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 3,747 पुरुष तथा 1,384 महिला मतदाता शामिल हैं।जनपद के नौ विकास खंडों में स्थित कार्यालय क्षेत्र पंचायतों में

गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन

एक-एक मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त एक मतदान केंद्र नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन के कार्यालय में बनाया गया है। मतदान केंद्रवार मतदाताओं की संख्या निम्नवत हैं। दोहरीघाट- 271 मतदाता, बड़राव- 276 मतदाता, घोसी- 318 मतदाता, फतेहपुर मंडाव- 540 मतदाता, कोपागंज- 666 मतदाता, मुहम्मदाबाद गो.हना-554 मतदात,रानीपुर- 768 मतदाता, परदहां 484 मतदाता, रतनपुरा- 355 मतदाता, नगर पालि.का परिषद मऊनाथ भंजन- 899 मतदाता,इस प्रकार नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन स्थित मतदान केंद्र पर सर्वाधिक 899 मतदाता, जबकि विकासखंड दोहरीघाट स्थित मतदान केंद्र पर सबसे कम 271 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।निरीक्षण के दौरान जिलाधिक.ारी ने पोलिंग पार्टियों की रवानगी एवं निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिका.रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी निर्वाचन कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ करें। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदान की समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

ठगी के ८० हजार वापस

घोसी(मऊ)। घोसी थाना क्षेत्र के बनियापार सैयद ताहिर, पोस्ट सुल्तानपुर निवासी सुनील कुमार पुत्र सत्यनारायण सिंह का ठगा गया 80हजार पुलिस ने वापस करा दिया।

रतनपुरा में प्रतिमा विसर्जन आज

मऊ। रतनपुरा कस्बे के सदर बाजार स्थित आदर्श बाल दुर्गा पूजन समिति की ओर से मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस 23 अक्टूबर को निकाला जाएगा।

उल्लास के बीच निकला भरत मिलाप जुलूस

मऊ। श्री ठाकुरद्वारा रामलीला समिति अमिला के तत्वावधान में विजयादशमी के उपरांत बुधवार को भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विसर्जन के दौरान पांच घंटे बिजली गुल

मऊ। नगर पंचायत अमिला में माता जी के विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कस्बे के अंदर करीब पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही।

ट्रांसफार्मर के पास फाल्ट का खतरा

सूरजपुर (मऊ)। सूरजपुर विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत जीवपार में ट्रांसफार्मर और बिजली के पोल के आस-पास झाड़ियां उगने से बिजली उपकरणों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।

फ्राड किया गया ९०७२ रुपये वापस

मऊ। फतहपुर मंडाव के मारूफ अहमद का ठगा गया 9072रूपया रामपुर पुलिस ने वापस करा दिया।

कलाकारों का सम्मान

मऊ। करहां मेले के दूसरे दिन शाम को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसके बाद रात में जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया और लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के भावी प्रत्याशी विक्की वर्मा, सुमन राजभर, श्याम बिहारी जायसवाल, विष्णुकांत श्रीवास्तव, हारून खान, अजय यादव, तारकेश्वर सिंह, गुलाब यादव, हरिंदर यादव और सद्दाम हाशमी सहित कई सम्मानित साथी मौजूद रहे।

सफर में यात्री की मौत

मऊ। हलधरपुर थाना क्षेत्र में बस में सवार बलिया जिले के भीखमपुर निवासी रामाश्रय निषाद की बैठे-बैठे मौत हो गयी।

पौधा और हेलमेट बांट कर मनायी पुण्यतिथि

रामअवध पाण्डेय को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



मऊ। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी पहचान बनाने वाले स्वर्गीय श्रीराम अवध पांडे की दूसरी पुण्य तिथि आर एस अस्पताल और आर एस नर्सिंग कालेज के प्रांगण में मनाई गई। पांडे जी का जीवन बहुत कठिन परिस्थितियों में गुजरा। शुरू से उनकी इच्छा थी वो समाज के लिए कुछ करें। पांडे जी द्वारा अने.कों इंटर कालेज एवं राजीव गांधी पीजी कालेज की स्थापना की गई एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी पीछे नहीं रहे, उन्हें अति पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र में आर एस हास्पिटल की स्थापना की एवं चिकित्सा शिक्षा के भी क्षेत्र में अपना कदम रखते हुए आर एस पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कालेज देवा में स्थापित किया, पैरामेडिकल नर्सिंग कालेज में अनेकों मेडिकल का कोर्स संच.लित होते हैं। यहां एएनएम, जीएनएम ,बीएससी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कोर्स चलते हैं । श्री पांडे की दूसरी पुण्य तिथि पर गरीबों को कंबल प्रदान किया गया एवं आम के पौधे व कई हेलमेट भी प्रदान किया गया । हास्पिटल के प्रबंध निदेशक डा. राजेश कुमार पांडे द्वारा बताया गया हेलमेट देने की वजह के पीछे एक संदेश देना चाहते हैं गाड़ी चलाते समय हेलमेट लगाने से अपनी जिंदगी का एवं अपने परिवार का ख्याल रख सकते हैं। हेलमेट लगाने से जान को बचाया जा सकता है। डा. साधना तिवारी ने कहा कि आम के पौधे वितरण के पीछे एक संदेश देना है कि ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपण करें। इस मौके पर बड़े पुत्र मनोज कुमार पांडे द्वारा बताया गया कि जो पापा की इच्छा बची थी उनको हम सब लोग मिलकर पूरा कर रहे हैं। इस मौके पर उपस्थित लोगों में जीतेन्द्र नाथ पांडे, विनोद कुमार पांडे,पारसनाथ राय, योगेन्द्र राय, डा. अनूप पटेल, डा. दुर्गेश कुमार आजाद, अनिल कुमार पांडे ,सच्चिदानंद पांडे ,ब्रिजेश कुमार पांडे, सरोज मिश्रा, ब्रिजेश यादव, अनुराग ,अभिषेक, अभय, चंचल ,राजेश ,जे पी कुशवाहा आदि मित्र गण एवं पांडे परिवार उपस्थित रहा।

गोंठा में भरत मिलाप देख लोगों के सजल हुए नयन



दोहरीघाट(मऊ)। क्षेत्र की ग्रामसभा गोंठा में बुधवार की देर रात ऐतिहासिक राम-भरत मिलाप का भव्य मंचन श्रद्धा और उल्लास के बीच संपन्न हुआ। भगवान श्रीराम और उनके छोटे भाई भरत के मिलन का भावुक दृश्य देखकर हजारों श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। दोनों भाइयों के गले मिलते ही पूरा गोठा मंडी परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस दौरान गाजीपुर से आई जागरण की टीम ने आकर्षक झांकियों के माध्यम से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। भक्ति जागरण की टीम की ओर से प्रस्तुत शिव जी और राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। भक्ति गीतों की धुन पर प्रस्तुत झांकियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और झांकियों का आनंद लिया। झांकियों की प्रस्तुति ने रामलीला के उत्साह को और बढ़ा दिया। इस अवसर पर मधुबन विधानसभा के युवा नेता भरत भैया मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि अजीत राय अवधेश कुमार ने प्रभु श्रीरामचंद्र जी की आरती उतारी और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। राम-भरत मिलाप के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भाईचारे, त्याग, प्रेम और समर्पण का संदेश दिया। रामलीला के मंचन में दिखाया गया कि 14 वर्ष का वनवास पूरा करने और लंका विजय के बाद प्रभु श्रीराम अयोध्या लौट रहे हैं।

उनके आगमन का समाचार सुनकर भरत अपने बड़े भाई से मिलने के लिए व्याकुल हो उठे। जैसे ही दोनों भाई आमने-सामने आए, एक-दूसरे को गले लगा लिया। इस मार्मिक दृश्य को देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर भरत भैया ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा और कर्तव्य का प्रतीक है। राम-भरत मिलाप हमें परिवार में प्रेम, विश्वास और समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा देता है। प्रभु श्रीराम और भरत का आपसी स्नेह भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। राम-भरत मिलाप देखने के लिए गोंठा सहित आस-पास के गांवों और दूरदराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। देर रात तक मंडी परिसर में धार्मिक उत्साह बना रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक रामायण सिंह पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे। वहीं, रामलीला समिति के अध्यक्ष अजय उपाध्याय, विनय गुप्त ,ओमनारायाण गुप्त, सोनू गुप्त, आकाश गुप्त ,छट्ठू बारी ,आनंद राय ,पंकज बर्नवाल ,राकेश ,मनीष यादव समेत आदि पदा.धिकारियों और सदस्यों ने व्यवस्थाओं को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जलवायु परिवर्तन से बिगड़ रहा है पेट और डाइजेशन



बढ़ती गर्मी से बिगड़ रही है सेहत

संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। भारत जैसे देशों में बढ़ती गर्मी और इनफेक्शन से जुड़ी बीमारियों के बदलते पैटर्न एक बड़ी चिंता बनते जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन कई तरीकों से इंसान के गट माइक्रोबायोम को प्रभावित कर सकता है। गट माइक्रोबायोम का मतलब हमारी आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया और दूसरे सूक्ष्मजीवों के पूरे समुदाय से है। सूखा, दूषित पानी और इंफेक्शन जलवायु परिवर्तन कैसे बिगाड़ सकता है आपकी पाचन शक्ति। धरती का बढ़ता तापमान और उसकी वजह से होता क्लाइमेट चेंज सिर्फ मौसमी बदलावों तक सीमित नहीं रहा है। बल्कि ये जलवायु परिवर्तन हमारी सेहत पर भी असर कर रहा है. वर्ल्ड गैस्ट्रोएंटरोलॉजी ऑर्गनाइजेशन के एक्सपर्ट्स का कहना है कि जलवायु परिवर्तन हमारे पेट और आंतों की हेल्थ को भी प्रभावित कर रहा है। इसकी वजह खाने की कमी, साफ पानी का संकट और पेट से जुड़ी


इनमें कई अच्छे बैक्टीरिया होते हैं, जो खाना पचाने, पोषक तत्वों को शरीर तक पहुंचाने और इम्यून सिस्टम को बेहतर बनाए रखने में मदद करते हैं। जब खाने की कमी, कुपोषण या बीमारी फैलाने वाले कीटाणुओं के संपर्क में आने से आंतों में रहने वाले इन सूक्ष्मजीवों का संतुलन बिगड़ सकता है.तेज गर्मी का असर सिर्फ शरीर के तापमान तक सीमित नहीं रहता. रिसर्च से संकेत मिले हैं कि गर्मी के कारण होने वाला तनाव आंतों में मौजूद बैक्टीरिया, पाचन और इम्यून सिस्टम के काम करने के तरीके को प्रभावित कर सकता है। कुछ अध्ययनों में यह भी संकेत मिला है कि गर्मी के तनाव से आंतों की अंदरूनी परत की सुरक्षा कमजोर हो सकती है. इससे आंतों की दीवार से कुछ ऐसे पदार्थों, टॉक्सिन और रोग पैदा करने वाले कीटाणुओं के शरीर में प्रवेश करने की आशंका बढ़ सकती है, जिन्हें सामान्य तौर पर रोकने में यह परत मदद करती है। जलवायु परिवर्तन के कारण कई क्षेत्रों में सूखे का खतरा बढ़ सकता है। जब बारिश कम होती है या लंबे समय तक सूखा पड़ता है, तो खेती प्रभावित होती है. फसलें खराब हो सकती हैं और खाने-पीने की चीजों की उपलब्धता कम हो सकती है। वर्ल्ड गैस्ट्रोएंटरोलॉजी ऑर्गनाइजेशन से जुड़े और मेलबर्न यूनिवर्सिटी में मेडिसिन के प्रोफेसर ज्यॉफ्री मेट्ज ने 'हेल्थ एंड मी' से बातचीत में कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के साथ पेट और आंतों से जुड़े संक्रामक रोगों को लेकर चिंता बढ़ रही है. उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन सिर्फ तापमान बढ़ने की समस्या नहीं है। इसके कारण सूखे जैसी परिस्थितियां भी पैदा हो सकती हैं, जिनका असर खाद्य उत्पादन और लोगों के पोषण पर पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण कहीं सूखा, कहीं बाढ़ तो कहीं भारी बारिश हो रही है. ऐसी जगहों पर साफ पानी की कमी हो जाती है और दूषित पानी की वजह से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। कुछ बैक्टीरिया, वायरस और दूसरे रोग पैदा करने वाले सूक्ष्मजीव मौसम और पर्यावरण में होने वाले बदलावों से प्रभावित होते हैं। इससे कुछ इलाकों में पेट से जुड़ी संक्रामक बीमारियों के फैलने के तरीके में बदलाव आ सकता है। वर्ल्ड गैस्ट्रोएंटरोलॉजी ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्ष कैरोलिना ओलानो के मुताबिक, पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों के पीछे कई तरह के कारण हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ बीमारियों के लिए व्यक्ति के जीन और आनुवंशिक बनावट जिम्मेदार हो सकते हैं। वहीं, पर्यावरण से जुड़े कारण भी बीमारी का खतरा बढ़ा सकते हैं. जलवायु परिवर्तन भी ऐसे ही कारकों में से एक है, जिसके असर को समझने के लिए विशेषज्ञ लगातार काम कर रहे हैं। इसका मतलब है कि पेट की सेहत को बेहतर बनाए रखने के लिए सिर्फ दवाओं या खानपान पर ध्यान देना काफी नहीं है. आसपास के पर्यावरण, साफ पानी और स्वच्छता का भी ध्यान रखना जरूरी है। पेट को बीमारियों से बचाने के लिए क्या करें : साफ और सुरक्षित पानी पीयें,खाने की साफ-सफाई का ध्यान रखें,खाने से पहले हाथ धोएं क्योंकि हाथों के जरिए भी कई तरह के कीटाणु शरीर में पहुंच सकते हैं,खाने में अलग-अलग तरह की न्यूट्रिशस चीजें शामिल करें जैसे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, दालें और बाकी पौष्टिक खाद्य पदाथ,रोजाना एक्सरसाइज हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए जरूरी हैविशेषज्ञों ने हेपेटाइटिस से बचाव के लिए वैक्सिनेशन और समय पर डॉक्टरी जांच की बात पर जोर दिया है। इसके साथ ही कोलोरेक्टल कैंसर की स्क्रीनिंग भी जरूरी है। जलवायु परिवर्तन का असर सिर्फ पाचन तंत्र तक सीमित नहीं है. यह दिल, फेफड़ों और गर्भावस्था से जुड़ी सेहत को भी प्रभावित कर सकता है। बढ़ती गर्मी, खराब वायु गुणवत्ता, पानी की कमी और संक्रमण का बदलता खतरा अलग-अलग लोगों पर अलग तरह से असर डाल सकता है। प्रोफेसर ज्यॉफ्री मेट्ज के मुताबिक, ग्लोबल वार्मिंग का असर कई स्वास्थ्य समस्याओं में दिखाई दे सकता है। वहीं, प्रोफेसर कैरोलिना ओलानो ने बताया कि लोगों का एक क्षेत्र या देश से दूसरे क्षेत्र में जाना भी बीमारियों के फैलने के पैटर्न को प्रभावित कर सकता है।





रातमें रोनेपर आठ महीने की बच्ची की हत्या

केरलम में आठ महीने की बच्ची के रात में रोने पर एक शख्स ने कथित तौर पर उसकी हत्या कर दी और शव को दलदली इलाके में फेंक दिया। यह घटना अगस्त 2023 की है। वह शख्स उस महिला के साथ रहता था जिसकी यह बच्ची थी। लगभग तीन साल बाद पुलिस ने बच्ची की मां मंजू को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने



बताया कि 12 अगस्त 2023 को वलंजावट्टम में बच्ची का शव मिला था। पति एसक्की के साथ 2023 में विवाद के बाद मंजू अपनी बच्ची को लेकर अलाप्पुझा चली गई थी। वह जब कलारकोडे में एक दुकान पर बैठी थी, तब सिवन नाम का व्यक्ति आया और उन दोनों की देखभाल की पेशकश की। इसके बाद मंजू, सिवन के साथ रहने लगी। अगस्त 2023 की एक रात बच्ची जोर-जोर से रोने लगी। पुलिस के अनुसार, सिवन को गुस्सा आया और उसने उसका गला दबा दिया। दोनों ने वहां एक शख्स शक्ति को बुलाया। आरोप है कि तीनों ने मिलकर शव ठिकाने लगा दिया। यह मामला तब सामने आया जब मंजू बिना बच्ची के पलक्कड़ स्थित अपनी कालोनी लौटी। कालोनी में रहने वाले एक शख्स ने सूचना पुलिस को दी। पूछताछ के दौरान, मंजू ने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस दो अन्य आरोपितों सिवन और शक्ति की तलाश कर रही है। मंजू को अदालत के सामने पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

युवाओंकी सबसे ज्यादा मृत्यु के मामलेमें उत्तरी अमेरिका और लैटिन अमेरिका सबसे आगे

वैश्विक अध्ययनों और स्वास्थ्य रिपोर्ट से यह पता चलता है कि उत्तरी अमेरिका और लैटिन अमेरिका देशों में किशोरों और युवाओं की मृत्यु दर में काफी ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। इसके कारण अलग-अलग क्षेत्र और आबादी के हिसाब से अलग-अलग हो सकते हैं. लेकिन बड़ा जोखिम आत्महत्या, नशीली दवाओं की काफी ज्यादा खुराक, बंदूक से जुड़ी हिंसा, हत्या और कम उम्र में ही होने वाली गंभीर बीमारी शामिल है। यह जानकारी सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी कई गंभीर चुनौतियों की तरफ इशारा करती है। इसी के साथ यह भी बताती है कि युवाओं की मौत के पीछे के कारण हर जगह एक जैसे नहीं हैं। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के कई हिस्सों में युवाओं की मौत का सबसे बड़ा कारण आत्महत्या है. मानसिक तनाव, सामाजिक दबाव और डिप्रेशन जैसी वजह युवाओं को अपनी जान लेने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। यह निष्कर्ष इस बात पर जोर देते हैं कि युवाओं की मृत्यु दर पर चर्चा करते वक्त मानसिक स्वास्थ्य को एक मुख्य मुद्दे के रूप में पहचानना कितना जरूरी है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युवाओं की मौत में आत्महत्या एक बड़ा कारण है।



कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधुनिक युग की सबसे क्रांतिकारी तकनीक

रोजगार, साइबर हमले, गलत सूचना एआई के प्रमुख जोखिम

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधुनिक युग की सबसे क्रांतिकारी तकनीक है। एआई ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, विज्ञान और उद्योगों में अभूतपूर्व प्रगति की है। यह जटिल बीमारियों की पहचान करने, शोध को गति देने और दैनिक कार्यों को आसान बनाकर उत्पादकता बढ़ाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहा है। हालांकि हाल में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें देखा गया है कि एआई मनुष्य के नियंत्रण से बाहर जाकर खुद से काम कर रहा है। एआई के बढ़ते प्रभाव और इसके नियंत्रण से बाहर होने के संभावित खतरों का मामला संयुक्त राष्ट्र के समक्ष पहुंच चुका है। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में दिग्गत एआई निर्माताओं ने कहा है हमने एआई बना तो दिया लेकिन इसके नियंत्रण के बाहर होने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। अगर इसका इस्तेमाल गलत दिशा में हुआ तो इससे समाज में बड़ी उथल पुथल पैदा हो सकती है। ऐसे में आज इस बात की पड़ताल प्रासंगिक है कि एआई की बढ़ती क्षमता मानवता के लिए वरदान है या इसका नियंत्रण से बाहर होना मानवता के लिए अभिशाप साबित हो सकता है। दुनियाभर के टेक लीडर्स और एआई विशेषज्ञ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तेजी से बढ़ती क्षमताओं को लेकर लगातार चेतावनी दे रहे हैं। उनका मानना है कि यदि इस तकनीक को सही समय पर नियंत्रित और गवर्न नहीं किया गया, तो यह समाज, अर्थव्यवस्था और मानव सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा कर सकती है। स्वायत्तता- एआई सिस्टम अब केवल निर्देशों का पालन नहीं कर रहे, बल्कि स्वयं फैसले लेने लगे हैं। विशेषज्ञों को डर है कि भविष्य में आर्टिफिशियल सुपरइंटेलिजेंस इंसानी नियंत्रण से बाहर हो सकती है। रोजगार और आर्थिक असमानता- 40 करोड़ श्रमिकों के



विस्थापित होने या नौकरियां प्रभावित होने की आशंका है 2030 तक दुनिया भर में एआई के कारण मेकेंजी की रिपोर्ट के अनुसार,12 प्रतिशत संभावना है कि अगले पांच वर्षों में एआई संचालित साइबर हमले या जैविक हथियार का निर्माण ले सकता है विनाशकारी रूप, एमआइटी सोलन के सर्वेक्षण के अनुसार गलत जानकारी और डीपफेक : 75 प्रतिशत से अधिक लोग इंटरनेट पर एआई द्वारा फैलाई जाने वाली गलत जानकारी को लेकर चिंतित हैं फोर्ब्स के अनुसार,एआई जोखिमों की संभावना (2025-2030)-एमआइटी स्लोन द्वारा कराए गए अध्ययन के अनुसार, अगले पांच वर्षों में एआई से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में विनाशकारी परिणामों की अनुमानित संभावना इस प्रकार है- एजीआई यानी आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस। एएसआई यानी आर्टिफि शियल सुपर इंटेलिजेंस। एजीआई और एएसआई एआई के विकास के वे चरण हैं, जहां एआई केवल इंसानों द्वारा दिए गए निर्देशों तक सीमित न रहकर इंसानों के बराबर या उनसे भी अधिक बुद्धिमान बन जाता है।

तीन घंटे लेट हुई ट्रेन, नाराज होने के बजाय यात्रियों ने शुरू किया डांस

ट्रेन का इंतजार करना हो और वह भी एक-दो घंटे नहीं, बल्कि पूरे तीन घंटे, तो किसी का भी मूड खराब हो सकता है। ऐसे में लोग बार-बार घड़ी देखते हैं, ट्रेन का स्टेटस चेक करते हैं और रेलवे की देरी को लेकर नाराजगी जताते हैं। लेकिन कुछ यात्रियों ने इस इंतजार को ही मस्ती का मौका बना लिया। ट्रेन के लेट होने पर परेशान बैठने के बजाय उन्होंने रेलवे प्लेटफॉर्म पर ही डांस शुरू कर दिया। देखते ही देखते वहां का माहौल ऐसा हो गया, मानो किसी पार्टी में लोग जुटे हों। अब इसी मजेदार पल का वीडियो सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच रहा है वीडियो में कुछ युवक रेलवे प्लेटफॉर्म पर गाने की धुन पर डांस करते नजर आते हैं। कोई ताली बजाकर उनका साथ दे रहा है, तो कोई उनके डांस के अंदाज को देखकर मुस्कुरा रहा है। ट्रेन का इंतजार कर रहे आसपास के यात्री भी इस मस्ती का हिस्सा बनते दिखाई देते हैं। आमतौर पर रेलवे स्टेशन पर लोग अपने सामान के साथ बैठकर ट्रेन आने का इंतजार करते हैं। खासकर जब ट्रेन तय समय से काफी देर से चल रही हो, तो यात्रियों की परेशानी बढ़ जाती है लेकिन इस वीडियो में कुछ लोगों ने माहौल को ही बदल दिया। उन्होंने म्यूजिक चलाया और डांस करने लगे। फिर क्या था, वहां मौजूद लोगों को भी मनोरंजन का एक मौका मिल गया।

विश्व की सबसे पुरानी रामायण

दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे भारत के बड़े शहरों से काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए सीधी उड़ान मौजूद है। नेशनल आर्काइव्स हवाई अड्डे से लगभग 5 से 6 किलोमीटर दूर है और वहां तक पहुंचने के लिए स्थानीय टैक्सी ली जा सकती है। भारत से नेपाल जाने वाली यात्रियों के लिए सड़क रास्ते से यात्रा करना भी एक और विकल्प है। उत्तर प्रदेश में गोरखपुर के रास्ते सोनौली बॉर्डर और बिहार में रक्सौल बॉर्डर से जाया जा सकता है। इन दोनों सीमाओं से काठमांडू तक जाने के लिए बस और प्राइवेट टैक्सी मिल जाती है. यात्रियों को अपने पहुंचने के स्थान से नेशनल आर्काइव्स तक की आगे की यात्रा की योजना बना लेनी चाहिए. हवाई अड्डे से आर्काइव्स की दूरी काफी कम है और सड़क रास्ते से जाने पर पहले नेपाल बॉर्डर पहुंचना होता है और फिर वहां से बस या फिर टैक्सी के जरिए राजधानी तक जाना पड़ता है। यह रास्ते उन यात्रियों के लिए ऑप्शन देते हैं जो हवाई यात्रा या सड़क रास्ते में से किसी को चुनना चाहते हैं, जो लोग 233 साल पुरानी वाल्मीकि रामायण की हस्तलिखित प्रति देखने में रुचि रखते हैं उनके लिए अयोध्या का इंटरनेशनल राम कथा म्यूजियम एक सही जगह है। संग्रहालय में देवनागरी लिपि में लिखी गई एक पांडुलिपि सुरक्षित है. यह काठमांडू में मौजूद ताड़ के पत्तों वाली उस पुरानी पांडुलिपि से अलग है जो मिथिला या फिर तिरहुता लिपि में लिखी गई है। काठमांडू में मौजूद पांडुलिपि को रामायण की सबसे पुरानी पांडुलिपि माना जाता है. यह लगभग 1041 साल पुरानी है और 1056 ईस्वी की है। ताड़ के पत्तों पर लिखी गई पांडुलिपि मिथिला लिपि में है। यह अयोध्या में सुरक्षित वाल्मीकि रामायण की हस्तलिखित प्रति से अलग है. अयोध्या वाली रामायण 233 साल पुरानी है और देवनागरी लिपि में लिखी गई है।



पतली कमरके चक्करमें पसलियां तुड़वा रहीं महिलाएं

आज कर दुनियाभर में करीब 5 हजार ऐसी सर्जरी हो चुकी हैं। हालांकि, इस सर्जरी के शरीर पर पड़ने वाले नुकसानों को लेकर अभी भी पूरी जानकारी मौजूद नहीं है।पसलियों में बदलाव के दौरान फेफड़ों के आसपास हवा भरने से न्यूमोथोरैक्स या खून जमा होने से हीमोथोरैक्स जैसी समस्याएं बो सकती हैं, जो जानलेवा भी हो सकता है।

आज के दौर में कॉस्मेटिक सर्जरी का चलन इतना बढ़ गया है कि लोग अपनी जान जोखिम में डालने से भी नहीं कतरा रहे हैं। पहले स्लिम कमर पाने के लिए जिम में घंटों पसीना बहाना पड़ता था और स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो करनी पड़ती थी, लेकिन अब ये ट्रेंड बदल चुका है। खूबसूरत दिखने की चाह में अब महिलाएं अपनी पसलियां तक तुड़वाने लगी हैं। जी हां, ये कॉस्मेटिक सर्जरी का एक खतरनाक रूप है, जिसे रिब रीमॉडलिंग कहा जाता है। महिलाओं के बीच इस सर्जरी का चलन तेजी से बढ़ रहा है। आइए जानें क्या होती है रिब रीमॉडलिंग। कमर को पतला दिखाने के लिए इस सर्जरी का



इस्तेमाल किया जाता है। इसमें निचली पसलियों की स्थिति और उनके आकार में बदलाव किया जाता है। इस प्रक्रिया में मरीज को जनरल एनेस्थीसिया दिया जाता है और छोट-छोटे चीरे लगाकर खास टूल्स की मदद से नीचे की दो पसलियों की बाहरी परत को कमजोर किया जाता है। इसके बाद उन्हें अंदर ही मोड़ा जाता है, ताकि कमर का घेरा छोटा नजर आए। इस सर्जरी के बाद का सफर और भी दर्दनाक होता है। हड्डियों को नई पोजीशन में जोड़ने के लिए मरीज को करीब तीन महीने तक हर दिन 23 घंटे एक खास मेडिकल-ग्रेड कॉर्सेट पहनना पड़ता है। यानी शरीर के अंदर ही हड्डियां टूटकर नए आकार में जुड़ती हैं। सोशल मीडिया ने रिब रीमॉडलिंग के ट्रेंड को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। एक इन्फ्लुएंसर ने बताया कि उसने इस सर्जरी पर 13 लाख से ज्यादा खर्च किए हैं। इससे पहले भी वो कई कॉस्मेटिक सर्जरी करवा चुकी हैं। एक और इन्फ्लुएंसर का कहना है कि ये सर्जरी उन्होंने कमर का ऐसा आकार पाने के लिए करवाई, जिसे एक्सरसाइज और डाइट से हासिल करना नामुमकिन था। कमर पतली करने की ये तकनीक साल 2022 में पेरू के प्लास्टिक सर्जन डॉ. राउल मेंजानेडो सिप्रियानी ने विकसित की थी। तब से आज कर दुनियाभर में करीब 5 हजार ऐसी सर्जरी हो चुकी हैं। हालांकि, इस सर्जरी के शरीर पर पड़ने वाले नुकसानों को लेकर अभी भी पूरी जानकारी मौजूद नहीं है।पसलियों में बदलाव के दौरान फेफड़ों के आसपास हवा भरने से न्यूमोथोरैक्स या खून जमा होने से हीमोथोरैक्स जैसी समस्याएं बो सकती हैं, जो जानलेवा भी हो सकता है। वहीं, हड्डियों के गलत तरीके से जुड़ने, खिसकने या मनचाहा आकार न मिलने का जोखिम भी रहता है।

हिंदी सिनेमा की लेडी सुपरस्टार्स करीना कपूर

हिंदी सिनेमा की लेडी सुपरस्टार्स के बारे में बात करें तो उनमें करीना कपूर खान का नाम भी शामिल होता है। हाल ही में सोशल मीडिया पर बॉलीवुड की बेबो की लेटेस्ट तस्वीरें सामने आई हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया पर सबका ध्यान खींच लिया है। करीना कपूर सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। इस आधार उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट फोटोज को शेयर किया है, ये तस्वीरें उनके लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की हैं, जो फिलहाल चर्चा का विषय बन गई हैं। करीना कपूर खान की जिन तस्वीरों के बारे में जिक्र किया जा रहा है, उनमें वह ब्लैक कलर की स्टाइलिश आउटफिट में नजर आ रही हैं। जिसमें बेबो का हॉट और बोल्ड अंदाज सभी का ध्यान का खींच रहा है, जिसकी वजह से एक्ट्रेस की फोटोज सिनेमाई गलियारे में छाई हुई हैं। आपको बता दें कि करीना कपूर की ये लेटेस्ट तस्वीरें आईफा के प्री इवेंट के दौरान की हैं। जिसकी जानकारी अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फोटो के कैप्शन के जरिए दी है और बताया है कि इस बार आईफा अवॉर्ड्स को अबु धाबी में आयोजित किया जाएगा। आलम ये है अब कि बॉलीवुड अदाकारा करीना कपूर की ये लेटेस्ट तस्वीरें इंटरनेट पर आग की तरह वायरल हो रही हैं। फैंस को उनके लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें काफी पसंद आ रही हैं। जिसकी वजह से वे इन पर जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। बतौर एक्ट्रेस करीना कपूर ने फिल्म दायरा के जरिए बड़े पर्दे पर वापसी की थी। जिसका निर्देशन मेघना गुलजार ने किया था। कमर्शियल तौर पर करीना की दायरा बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। इस फिल्म में उनके साथ साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन भी नजर आए। दायरा की असफलता के बाद अब तक करीना कपूर की किसी नई फिल्म का एलान नहीं हुआ है। लेकिन ऐसी चर्चा तेज है कि राज एंड डीके के साथ आने वाली सलमान खान की सुपरहीरो मूवी में करीना अहम किरदार में नजर आ सकती हैं।

